

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- घुसपैठियों को बचाने में लगी हुई है कांग्रेस - 3



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये - 12



ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई - 13



वरुण चक्रवर्ती पहली बार टी20 गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर - 14

आज का मौसम

30.0° अधिकतम तापमान

26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.56

सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:24 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 18 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 231, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## एसआईआर : अधिकांश राज्यों में नहीं देने होंगे मतदाताओं को कोई दस्तावेज

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अधिकतर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को संभवतः कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनके नाम उनके राज्यों में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अगले एसआईआर के लिए इसी साल को उनकी कट-ऑफ तारीख का आधार माना जाएगा।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि आयोग जल्द ही पूरे भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख तय करेगा और राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा का काम साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें।

### अब ईवीएम में होंगी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी और इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनावों से होगी। वर्ष 2015 से ईवीएम पर उम्मीदवारों की श्वेत-श्याम तस्वीरें होती थीं, जिन्हें पहचानना कई मतदाताओं के लिए मुश्किल होता था। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि मशीनों पर सीरियल नंबर भी अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। आयोग ने बताया कि अब से ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर होगा। उम्मीदवारों के क्रमांक और इनमें से कोई नहीं (नोटा) विकल्प भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छपे होंगे।

## मैं और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण से काम करूंगा : मोदी

**75 वर्ष के हुए प्रधानमंत्री**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई, उनके नेतृत्व को सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। इस मौके पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों और नेताओं ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। भाजपा ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए सेवा पखवाड़ा शुरू किया है।

मोदी ने कहा कि वह अपने जन्मदिन पर देश-विदेश से मिली अनगिनत शुभकामनाओं, आशीर्वाद और स्नेह संदेशों से अभिभूत हैं। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ काम करने का संकल्प भी लिया। मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की। जनसभा में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। कहा कि अभी कल ही दुनिया ने एक पाकिस्तानी आतंकी को रो-रो कर अपना हाल बताते देखा। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत की और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार तथा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी जन्मदिन की बधाई दी।

### धार में किया देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास

**धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया और स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत करते हुए देशवासियों से देश में ही बने सामान खरीदने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत भी की और कहा कि इनका मकसद है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हो। प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो गए और उनके जन्मदिन पर मध्यप्रदेश का यह उनका दूसरा दौरा है। पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास और अन्य अभियानों की शुरुआत के बाद मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के दिन देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास यहां हुआ है। इस पार्क से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी।

**ब्रीफ न्यूज**

### अंडमान के पूर्व सांसद को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता कुलदीप राय शर्मा तथा दो अन्य को कथित सहकारी बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। 57 वर्षीय शर्मा अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष हैं। गिरफ्तार किए गए दो अन्य लोगों में बैंक के प्रबंध निदेशक के. मुरुगन और बैंक के ऋण अधिकारी के. कलैवानन शामिल हैं।

### तस्कर गिरफ्तार, 6.25 करोड़ की हेरोइन जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और करीब 6.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सरगना की पहचान अनिल (50) के रूप में हुई है, जिसकी तलाश स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा सहित कई एजेंसियों को थी।

### एमयूडीए के पूर्व आयुक्त गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने अवैध भूमि आवंटन से जुड़े एक मामले में एमयूडीए के पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। कुमार को बेंगलुरु की पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है।

## तीन सप्ताह में प्रस्तुत करें वायु प्रदूषण से निपटने की योजना

### सीएक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सुप्रीम निर्देश

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को तीन माह में भरने को भी कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को बुधवार को निर्देश दिया कि वे सर्दियों की शुरुआत से पहले वायु प्रदूषण को रोकने के उपायों का ब्यौरा तीन सप्ताह के भीतर तैयार करें। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। उच्चतम न्यायालय सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रहा था, उसने रिक्तियों को भरने में देरी पर नाखुशी जाहिर की।

सीएक्यूएम केंद्र द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है और इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उसके आसपास के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता का प्रबंधन और सुधार करना है। इस क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से भी आते हैं।

सीजेआई बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन के अगुवाई वाली पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को लेकर राज्यों पर नाखुशी जाहिर की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब को तीन माह के भीतर इन्हें भरने का आदेश दिया। पीठ ने सीएक्यूएम और सीपीसीबी को भी इसी तरह के निर्देश दिए। हालांकि, इसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में पदोन्नति वाले पदों को भरने के लिए छह माह का समय दिया।

### दिल्ली-एनसीआर में लागू करना पड़ता है ग्रैप

सर्दियों में हर साल बढ़ते प्रदूषण को लेकर बार-बार आ रही समस्या पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अदालत इस पर आदेश जारी कर रही है, जिसके कारण चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) लागू होता है और निर्माण कार्य जैसी कई गतिविधियां रोक दी जाती हैं। पीठ ने कहा कि जीआरएपी की वजह से कई वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश करने से रोका जाता है क्योंकि वे ज्यादा वायु प्रदूषण फैलाते हैं। पीठ ने कहा कि निर्माण कार्य रोकने का असर होता है और देश के अलग-अलग हिस्सों से आए मजदूर बेरोजगार हो जाते हैं। पीठ ने सीएक्यूएम से कहा कि वह सीपीसीबी, संबंधित राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ प्रदूषण रोकने के लिए तीन सप्ताह में एक ठोस योजना तैयार करे। पीठ ने मामले की सुनवाई आठ अक्टूबर के लिए तय की।

### पराली जलाने पर क्यों न हो किसानों की गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** सर्दियों में प्रदूषण के स्तर में सामान्य वृद्धि से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि वायु प्रदूषण के एक अहम कारक पराली जलाने में संलिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए, ताकि एक सख्त संदेश दिया जा सके। सीजेआई बी.आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आप निर्णय लें, अन्यथा हम आदेश जारी करेंगे। पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित स्वयं की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने पंजाब में आप सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से पूछा कि पराली जलाने के लिए दोषी किसानों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए? कहा कि हम किसानों की बदौलत खा रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते।

**बालक को ढूढ़ने के लिए देर रात तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन**

## पैर फिसलने से हैदर कैनाल नाले में गिरा मासूम, खोज जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



हैदर कैनाल नाले में गिरे मासूम को खोजते परिजन।

- बचाने के लिए चाचा कूदे, नहीं मिली सफलता, एसडीआरएफ, दमकल व निगम की टीमें जुटी

**अमृत विचार :** राजधानी में बारिश से लबालब भरे नाले लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं। पिछले दो माह के अंदर चार लोगों की नाले में गिरने से मौत के बाद भी नगर निगम नहीं चेत रहा है। बुधवार को हैदर कैनाल नाले में गिरकर गायब हुआ मासूम लापरवाही की एक और बानगी है।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज स्थित रामलीला मैदान के पास झोपड़ी में रहने वाला वीर (07) पैर फिसलने से सीधे हैदर कैनाल नाले में जा गिरा। मासूम को बचाने के लिए चाचा समेत दो लोग कूदे जरूर, लेकिन तेज बहाव के साथ वीर मिनटों में नाले की गहराई में समा गया। मासूम की तलाश में देर रात तक एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लगा। बाराबंकी के रूदौली निवासी सावित्रा बेटे नन्हा के साथ किला चौकी के पास स्थित राम लील मैदान में झोपड़ी बना कर रहते हैं। वहां पास से ही हैदर कैनाल नाला गुजरा है। कबाड़ का काम करने वाले नन्हा ने बताया कि बेटा वीर बुधवार शाम पांच बच्चों के साथ हैदर कैनाल नाले के पास खेल रहा था। शाम करीब 6 बजे मिट्टी को खोदकर नाले में डालते समय पैर फिसलने से वीर नाले में गिर गया।। चीख पुकार सुनकर चाचा मनोज और एक अन्य युवक वीर को बचाने के लिए नाले में कूद गए। नाले में कूदे युवक ने वीर का हाथ पकड़ा, लेकिन सही से तैर न पाने की वजह से वह खुद ही डूबने लगा। ऐसे में हाथ छूटते ही वीर नाले की गहराई में समा गया। बचाने कूदे युवक को एक युवती ने दुपट्टे की मदद से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे बाद 1090 चौराहे के पास हैदर कैनाल पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रात 8:30 बजे तक खोजबीन के बावजूद बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद एसडीआरएफ को बुलाया गया। अलग-अलग लोकेशन पर टीम के साथ एसडीआरएफ टीम मासूम को ढूंढने के प्रयास में जुटी रही। मासूम का देर रात तक कुछ पता नहीं चला। महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव कुमार भी पहुंचे। अधिकारियों की कई टीमें तलाशी अभियान में जुटी रहीं। मोहल्ले वालों का कहना है कि नाले के किनारे सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

## दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश गाजियाबाद में ढेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नोएडा



पुलिस मुठभेड़ में ढेर बदमाश रविंद्र और अरुण।

- एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट ने की संयुक्त कार्रवाई
- ग्लॉक और जिगना पिस्टल बरामद, दो बदमाशों पर घोषित था एक-एक लाख का इनाम

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग करने वाले एक-एक लाख रुपये के इनामी दोनों बदमाश बुधवार की शाम गाजियाबाद में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हो गए। दोनों बदमाशों की पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई है। दोनों बदमाश रोहित गोदारा और गोल्डी बरार के गैंग के सदस्य थे। फेसबुक पोस्ट करके रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग से प्रेमानंद महाराज और अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरोध में फायरिंग करने की जिम्मेदारी ली थी। भविष्य में टिप्पणी करने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी।

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट की संयुक्त टीम ने ट्रॉनिका सिटी एरिया में बदमाशों की घेराबंदी की थी। पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से जमीन पर गिर गए। पुलिस टीम ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ के अनुसार मौके से ग्लॉक और जिगना पिस्टल तथा कारतूस बरामद हुए हैं। एक सफेद अपाचे बाइक मिली है। माना जा रहा है कि बॉलीवुड अभिनेत्री के घर पर फायरिंग करने के लिए बदमाश इसी बाइक से आए थे और फायरिंग करके भाग गए थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने फिल्म अभिनेत्री के घर फायरिंग करने वाले बदमाशों के मुठभेड़ में ढेर होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दोनों बदमाश घायल हुए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश कई सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे। वारदात के समय अरुण सफेद शर्ट पहने था, जबकि रविंद्र नीले रंग की टीशर्ट पहने था। पहचान करने के बाद दोनों बदमाशों की लोकेशन ट्रेस की गई। अरुण और रविंद्र पेशेवर शूटर थे।

### रविंद्र पर हरियाणा में दर्ज हैं 5 मामले

एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि रविंद्र के खिलाफ हरियाणा के अलग-अलग थानों में 5 केस दर्ज हैं। रविन्द्र पिछले साल दिसंबर माह में फतेहाबाद में पुलिस स्कार्ट पर हमला करके अपराधी रवि जागसी को छुड़ाने की कोशिश में भी शामिल था। अरुण का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## मोदी और उनकी दिवंगत मां का वीडियो हटाएं

- पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को दिए निर्देश

पटना, एजेंसी

पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को उसके सोशल मीडिया खातों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां का कृत्रिम मेधा (एआई) जनित वीडियो हटाने का बुधवार को निर्देश दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बैजंत्री ने अधिवक्ता विवेकानंद सिंह और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस याचिका में संबंधित वीडियो को अपमानजनक बताते हुए दलील दी गई थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएन सिंह ने बताया कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि संबंधित वीडियो मामले की अगली सुनवाई तक हटा लिया जाना चाहिए। याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को भी प्रतिवादी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के वकील सिद्धार्थ प्रसाद ने बताया कि अदालत ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक, 'एक्स' और गूगल को भी नोटिस जारी किया तथा उन्हें सुनवाई की अगली तारीख तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय के अपने आदेश में सुनवाई की अगली तारीख का जिक्र किए जाने की संभावना है।

## कर्नाटक में स्टेट बैंक से 21 करोड़ रुपये की डकैती

- तीन नकाबपोशों ने लूट लिया 20 करोड़ का सोना व नकदी

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तीन नकाबपोशों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा में घुसकर पिस्तौल तथा चाकू का भय दिखाकर कर्मचारियों को बांध दिया तथा एक करोड़ रुपये नकद एवं 20 करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए।

पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हुई। बैंक अधिकारियों के अनुसार 21 करोड़ रुपये से अधिक की डकैती हुई है। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निम्बार्गी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने फर्जी नंबर प्लेट लगी सुजुकी ईवा कार का इस्तेमाल किया और वारदात के बाद महाराष्ट्र के पंढरपुर की ओर भाग गए।

**मौसम की करवट** | पर्यावरण पर बड़ा असर पड़ने के आसार, बदल सकता है तिब्बत का पूरा ईको सिस्टम

## खतरे की आहट, हिमालय पार कर तिब्बत पहुंचा मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** इस बार की मानसूनी बारिश ने जो रंग दिखाया है, वह पूरे हिमालयीय क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा बनकर सामने आया है। मानसून हिमालय की ऊंचाई को पार नहीं कर पाता है लेकिन इस बार मानसून ने हिमालय पार कर लिया है और वह तिब्बत के पठार तक पहुंच गया है।

हिमालय के पार तिब्बत एक शुष्क क्षेत्र है। यहां अगर मानसून की बारिश आने वाले दिनों में भी होने लगी तो यह हिमालय के लिए खतरे की घंटी है, जो भारत के साथ ही उन देशों के लिए भी खतरा है, जहां हिमालय पर्वत श्रृंखला मौजूद है। हिमालय में दो कारणों से बारिश होती है। पहला कारण है, पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली बारिश। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर के क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं और पश्चिम से पूर्व की ओर भारत की ओर बढ़ते हैं, जिससे भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी होती है।

इसके अलावा मानसून की बारिश होती है लेकिन दोनों ही स्थिति में बादल हिमालय से टकराते हैं लेकिन पार नहीं जा पाते लेकिन इस बार मानसून और पश्चिमी विक्षोभ एक साथ आ गए हैं। भूगर्भ वैज्ञानिक एसपी सती ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से जलवायु गर्म हो रही है और जब हवा गर्म होती है तो बादल और ऊंचाई को उठते हैं, इसलिए इस बार मानसून हिमालय को पार कर गया है।

### ग्लेशियर और नदियों के प्रवाह पर होगा असर

**हल्द्वानी।** अगर यह पैटर्न लगातार रहा तो इसका क्या असर होगा, यह आने वाला समय बताएगा लेकिन अभी जो अनुमान हैं वह भयावह है। तिब्बत जो कि सूखा क्षेत्र है, अगर वहां नियमित तौर पर बारिश होने लगी तो वहां की शुष्क जलवायु बदल सकती है। इससे ग्लेशियरों के पिघलने और नदियों के प्रवाह पर असर पड़ सकता है।

### भारतीय उपमहाद्वीप के लिए हिमालय दीवार

**हल्द्वानी।** भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले लोगों के लिए हिमालय दीवार का काम करती है। पश्चिमी विक्षोभ और मानसून हिमालय से टकराते तो हैं लेकिन उसे पार नहीं करते और भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश करते हैं। अगर यह पार जाने लगे तो भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश कम होने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सपा कर रही झूठ की राजनीति : चौधरी



अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी और उसके नेता लगातार अफवाह और झूठ की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीति और नीयत केवल सत्ता हासिल करने तक सीमित है, जबकि उनके पास न तो कोई ठोस मुद्दा है और न ही कोई विकास योजना। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश सरकार में गो-तस्करों और अवैध बूचड़खानों को संरक्षण मिलता था। वर्तमान सरकार ने इन पर सख्त कार्रवाई की है और गोरखपुर की हालिया घटना में 24 घंटे के भीतर आरोपी को एनकाउंटर में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सपा मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती है।

### सपा शासनकाल में था गुंडाराज : स्वतंत्र देव



अमृत विचार, लखनऊ : जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में प्रदेश गुंडों और माफियाओं का गढ़ था। भू-माफियाओं का आतंक था और अपराधियों की थाने से सचिवालय तक पैठ थी। हर साल दंगे होते थे और हत्या-आगजनी करने वालों को थाने से ही छोड़ दिया जाता था। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में अब तक 20 हजार करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त हुई है और माफियाओं पर बुलडोजर चला है।

### नीट यूपी की दूसरे चरण की काउंसिलिंग कल से

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी नीट यूजी 2025 की पहली काउंसिलिंग में आवंटित हो चुकी कई कॉलेजों की सीटें अभ्यर्थियों ने छोड़ दी है, वे सीटें दूसरी काउंसिलिंग में शामिल की जाएगी। जिन पर 19 सितंबर से अभ्यर्थी दाखिले के लिए प्राथमिकताएं दे सकेंगे। जिसके बाद 24 सितंबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मालूम हो कि चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने वेबसाइट पर सीट से त्यागपत्र देने के लिए 17 सितंबर तक अंतिम तिथि दी थी। इसके बाद सीट छोड़ने पर अभ्यर्थियों को धरोहर राशि वापस नहीं की जाएगी।


# फैटी लिवर रोग बढ़ती हुई महामारी, फास्ट फूड बन रहा बड़ी वजह

## एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने 'अमृत विचार' से साझा की जानकारी

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- बच्चे भी आ रहे चपेट में, सरकार से स्कूलों-कॉलेजों में फास्टफूड को प्रतिबंधित करने की अपील

**अमृत विचार :** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या आज महामारी के तौर पर उभर रही है। इसके शिकार बच्चे भी हो रहे हैं। इसकी बड़ी वजह फास्टफूड है। आज देश का हर चौथा शख्स इस रोग से ग्रसित है। आंकड़े दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं, जो चिंताजनक है। लिवर की अहमियत को अब सरकार भी समझ रही है और फैटी लिवर को लेकर जागरूक कर रही है। पर हर किसी को इसको लेकर जागरूक रहना पड़ेगा। यह कहना है एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एआईजी) के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी का। वे मंगलवार को एसजीपीजीआई के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर अमृत विचार ने उनसे फैटी लिवर सहित इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर बातचीत की। डी. नागेश्वर एक प्रख्यात भारतीय गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट हैं, जिन्हें पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2016) और पद्म विभूषण (2025) पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस प्रकार, वे तीनों पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय चिकित्सक हैं।



प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी

प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया, हम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सख्त खिलाफ हैं और सरकार से आग्रह किया है कि कॉलेजों के आसपास शराब पर लगे प्रतिबंध की तरह स्कूलों में फास्ट फूड पर भी नियंत्रण किया जाए। सरकारी और निजी स्कूलों में हमारे शोध से पता चला है कि 40 प्रतिशत बच्चों के शरीर में वसा की मात्रा अधिक है, जबकि आईटी पेशेवरों में यह आंकड़ा चिंताजनक रूप से 80 प्रतिशत है। यह पूरी तरह से आहार से संबंधित है। उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि फास्ट फूड में कैलोरी होती है, जिसकी वजह से फैटी लिवर की समस्या पैदा होती है। लेकिन ऐसा नहीं है, बल्कि फास्ट फूड में एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो इस समस्या का कारण बन रहे हैं। ये फास्ट फूड बैक्टीरिया का संतुलन बदल देते हैं, जो आंत और लीवर को नुकसान पहुंचाता है। ये काफी चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि भारत में सिर्फ डायबिटीज के मामले ही नहीं बढ़ रहे, हमारे देश में फैटी लिवर समस्या के मामले भी बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह फैटी लिवर डिजीज लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का कारण भी बनती है। पूरी दुनिया में लिवर कैंसर के सबसे ज्यादा मामले भारत में देखे गए हैं और हमें आनुवंशिक तौर पर फैटी लिवर होने का खतरा है, इसलिए हमें और सावधानी बरतने की जरूरत है।

### लिवर की नियमित जांच आवश्यक

डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया कि लिवर की बीमारी से ग्रस्त मरीज विशेषज्ञों के पास काफी देरी से पहुंचते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि 70 फीसदी लिवर खराब होने तक कोई खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। नियमित जांच कराने और समय से इलाज शुरू करने से लिवर की बीमारी से बचा जा सकता है। पैरों में सूजन, पेट में पानी भरना, पेट के दाहिने तरफ भारीपन प्रमुख लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए मधुमेह, उच्च रक्त चाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों को नियंत्रित रखें, संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें, मीठे पेय पदार्थों और अतिरिक्त शर्करा से बचें, और शराब का सेवन सीमित करें या उससे बचें।

### चिकित्सा क्षेत्र में एआई की भूमिका महत्वपूर्ण

डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। आने वाले समय में इसका विशेष योगदान होगा। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो न्यूयॉर्क के 25 डॉक्टरों ने स्किन पिगमेंटेशन से जुड़े एक मरीज को गलत इलाज दिया। जबकि एआई की बदौलत उसे सटीक इलाज मिल सका। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि डर्मेटोलॉजी के क्षेत्र में एआई में बड़ा बदलाव आ रहा है। गलत होने के चांस सिर्फ 10 प्रतिशत तक है।

# आंगनबाड़ी बहनों का बढ़ेगा मानदेय मिलेगा स्मार्टफोन : मुख्यमंत्री

## राज्यस्तरीय पोषण महाअभियान की शुरुआत, 20324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्तरीय स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और राष्ट्रीय पोषण महाअभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे और उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी।

वे बुधवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से मंत्रियों और अफसरों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के धार से शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह-2025 की शुरुआत कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े थे। कार्यक्रम के समाप्त होते ही मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में इस महाभियान की शुरुआत की। बताया कि सभी 75 जिलों में एक साथ 20,324 स्वास्थ्य शिविर शुरू किए गए हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों का टीकाकरण और एनीमिया-टीबी जैसी बीमारियों की जांच इन शिविरों का प्रमुख हिस्सा होगी। साथ ही 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पखवाड़ा यूपी को पोषण, स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएगा। जब नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो परिणाम देर से नहीं आते।

इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व प्रतिभा शुक्ला समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत करने के बाद बच्चे को उपहार देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### गर्भवती महिलाओं और बच्चों का सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों को अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्होंने मातृत्व लाभ योजना के अंतर्गत सहायता राशि वितरित की। इस दौरान संभव अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों और ग्राम प्रधानों का सम्मान किया गया। योगी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले नि:क्षय मित्रों और रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया।

# मोदी के नेतृत्व में दुनिया को नई दिशा दे रहा भारत : योगी

## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से सेवा पखवाड़ा-2025 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, वही आज आत्मविश्वास और विकास का प्रतीक बनकर दुनिया को नई दिशा दे रहा है। गरीबी से विरासत तक और महामारी प्रबंधन से कूटनीति तक मोदी मॉडल मिसाल है।

प्रधानमंत्री को प्रदेश की ढाई करोड़ जनता की ओर से बधाई देते हुए योगी ने कहा कि मोदी मॉडल ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, कूटनीति, आस्था और विरासत से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश तक नए प्रतिमान गढ़े हैं। इसी का नतीजा है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं और वंचित समाज प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में रहे हैं, जिससे व्यापक सामाजिक बदलाव आया है।



प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी।

### मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इसमें उनके बचपन से प्रधानमंत्री बनने तक की संघर्षमय यात्रा को तस्वीरों में दिखाया गया है। योगी ने कहा कि यह प्रदर्शनी हर जिले में लगेगी और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### शुरू हुआ पीएम आवास मेला, दर्ज कराएं नाम

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बुधवार से पीएम आवास मेला-शहरी, अंगीकार 2025 की शुरुआत हो गई। 17 से 27 सितंबर तक चलने वाले पहले चरण में बरेली, हापुड़, रामपुर, गाजीपुर आदि ने आयोजन किया। बाकी जिले सहूलियत के अनुसार आयोजन करेंगे। मेले में शहरी आवास, ऋण वितरण और एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के स्टॉल लगाकर और जरूरतमंदों ने मौके पर पंजीयन कराया। आवासों का पंजीयन मौके पर कर सत्यापन भी किया गया। इससे लाभार्थियों को आगे किसी तरह की प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी। न ही किसी तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे। इसी तरह द्वितीय चरण 15 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इसकी भी जिलों में तैयारी की गई। इसके अलावा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले लोक कल्याण मेले की धूम रही। इस मेले में जरूरतमंदों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# बेटियों के लिए एक माह सड़क पर उतरेंगे आला अफसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नवरात्र से मिशन शक्ति के 5वें चरण की होगी शुरुआत
- मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र से महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित 'मिशन शक्ति' के 5वें चरण के शुरुआत की घोषणा की है। योगी ने निर्देश दिए कि बेटियों की सुरक्षा के लिए एडीजी, आईजी, डीआईजी व अन्य अधिकारी सड़क पर उतरें। अभियान की सफलता तभी होगी, जब बेटियों में सुरक्षा का भाव होगा और अपराधी आतंकित हों।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2020 से शुरू हुए मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा कर रहे थे। योगी ने कहा कि 22 सितंबर से पांचवां चरण 30 दिनों तक सतत रूप से संचालित होगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद करें, पुलिस लाइनों का निरीक्षण करें और गश्त में शामिल हों, ताकि जनता को यह विश्वास हो सके कि सरकार और प्रशासन 24×7 उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का दुरुपयोग करने वाला पुरुष हो अथवा महिला, किसी के साथ भी कार्रवाई में भेदभाव नहीं होना चाहिए। योगी ने निर्देश दिया कि अभियान के 30 दिनों के भीतर सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और 14 हजार नगरीय वार्डों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों को चरणबद्ध ढंग से भेजा जाए। ग्राम प्रधान, सभासद, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री आदि के साथ यह महिला पुलिस अधिकारी भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद करें, उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझें तथा उन्हें उनके अधिकारों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र व अन्य त्योहारों की अवधि में मंदिरों, मेलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिस की विशेष तैनाती सुनिश्चित की जाए। एंटी रोमियो स्क्वाड को और अधिक सक्रिय करते हुए शोहदों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई हो कि नजीर बने।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में जुड़े 12 नए ट्रेड्स

## विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री ने की 1.32 लाख करोड़ के मेगा ऋण वितरण की भी घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ी सौगात देते हुए घोषणा की कि परंपरागत 11 ट्रेड्स के साथ 12 नए ट्रेड्स को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में शामिल किया गया है। अब मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे क्षेत्रों के कारीगर भी योजना से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं को आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।

योगी ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय विश्वकर्मा एक्सपो-2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का संयोग है। उन्होंने इसे दोगुनी खुशी का दिन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य रखा है, उसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 1.32 लाख करोड़ रुपये के मेगा ऋण वितरण की घोषणा की। मंच से सीतापुर की शशि देवी को दो लाख और लखनऊ की अंशु शर्मा को नौ लाख पचास हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि जमा-ऋण अनुपात 2017 में जहां 44 प्रतिशत था, वहीं अब 62 प्रतिशत हो गया है और अगले वित्तीय वर्ष तक इसे 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



कनिष्ठ सहायक पद पर चयनित महिला कार्मिक को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

### 12 हजार को टूलकिट, 111 को नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में प्रदेशभर के 12 हजार कारीगरों को टूलकिट वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से सम्मानित भी किया। साथ ही 111 कनिष्ठ सहायकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

### 23 कंपनियों और संस्थानों के साथ एमओयू

इस अवसर पर रेलटेल इंडिया, जीएमआर, शाही एक्सपोर्ट्स, ऊषा इंटरनेशनल, लक्मे और एचसीएल फाउंडेशन समेत 23 कंपनियों और संस्थानों के साथ तीन एमओयू भी साइन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर खुलेंगे।

**तैयारी** | तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में सामूहिक एजेंडा तय, विजयदशमी का पथ संचलन होगा संघ के शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक

# हिंदुत्व एजेंडे को धार, दलित-पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पंचायत और एमएलसी चुनाव की दस्तक और 2027 विधानसभा चुनाव की आहट के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने की तैयारी तेज कर दी है। दलित-पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस को सबसे अधिक अहमियत दी गई है। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में तय हुआ कि इस बार विजयदशमी का पथ संचलन ऐतिहासिक होगा। पूर्ण गणवेश में निकलने वाली यह शोभायात्रा संघ की ताकत और शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक बनेगी।

संघ अपना 100वां वर्ष मना रहा है। ऐसे में बुधवार को समाप्त हुई तीन दिनी समन्वय बैठक में संगठन ने तय किया है कि इस मौके को केवल सांस्कृतिक उत्सव न बनाकर राजनीतिक-सामाजिक संदेश देने का मंच भी बनाया जाए। आर्थिक, शिक्षा, सेवा, वैचारिक और सामाजिक समूहों की बैठकों में तय हुआ कि संगठनात्मक ढांचा और भी मजबूत किया जाएगा। प्रदेश स्तर से लेकर तहसील और ब्लॉक स्तर तक बड़े हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। इन आयोजनों का मकसद केवल धार्मिक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि दलितों और पिछड़ों को साथ लेकर एक साझा हिंदू पहचान गढ़ना होगा।

### क्यों अहम है संघ की कवायद

- **2027 विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि :** भाजपा-संघ गठजोड़ पहले से ही मिशन-2027 की तैयारी में जुटा है।
- **हिंदुत्व बनाम गठबंधन की राजनीति :** विपक्ष जातीय समीकरण साध रहा है, वहीं संघ इसे हिंदू एकता के जरिए काटना चाहता है।
- **शताब्दी वर्ष का अवसर :** संघ इस ऐतिहासिक पड़ाव को भव्यता के साथ मनाकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को नई ऊर्जा देना चाहता है।
- **सरकार-संगठन का तालमेल :** बैठक में हुए फैसलों से यह संदेश गया है कि चुनावी और सामाजिक दोनों स्तरों पर भाजपा और संघ एक हैं।

### पीडीए की काट पर विशेष जोर

यूपी की राजनीति में दलित और पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका निभाता है। भाजपा 2014 से लगातार इन्हें जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। संघ अब इस मोर्चे को और आगे बढ़ाते हुए हिंदू सम्मेलन और पथ संचलन में इनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

### इन्हें दी गई खास जिम्मेदारी

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समन्वय बैठकों और संगठन-सरकार-संघ तालमेल में भूमिका निभाएंगे, जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भाजपा और मुख्यमंत्री स्तर के मामलों का समन्वय देखेंगे। प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य मंत्रियों से जुड़े मामलों में समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह संगठन-स्तर के मामलों का समन्वय संभालेंगे, संघ-भाजपा-सरकार के बीच पुल का काम करेंगे। कृपा शंकर, अनिल कुमार, प्रांत प्रचारक कौशल संघ, संगठन से जुड़े प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सामाजिक-शैक्षिक समूहों में पैठ बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर समन्वय पर काम करने पर फोकस रखेंगे।


# मोदी के जन्मदिन पर बंटे गुलगुले



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गुलगुले वितरित करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानभवन प्रांगण में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उल्लास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने न केवल विधानभवन के अंदर नरेंद्र मोदी के जीवन और कार्यों पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी उद्घाटन किया, बल्कि आत्मीयता के साथ उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और स्कूली बच्चों के बीच भारतीय लोकसंस्कृति के प्रतीक परंपरागत व्यंजन गुलगुले वितरित किए।

## बधाई का अनोखा तरीका




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल द्वारा पुणे में आयोजित महाराष्ट्र के पहले ड्रोन लाइट शो में लोग शामिल हुए। एजेंसी

## सीआरपीएफ की महिला कर्मचारी समेत चार लोग बहे

**लातूर।** मध्य महाराष्ट्र के लातूर जिले में भारी बारिश के बीच कुछ हिस्सों में आई बाढ़ के कारण अलग-अलग घटनाओं में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महिला कर्मी समेत चार लोग पानी के तेज बहाव में बह गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पिछले तीन दिनों से लातूर जिले में भारी बारिश हो रही है और मंगलवार को अलग-अलग घटनाओं में चार लोग बाढ़ के पानी में बह गए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटोदा (खुर्द) और मलहिप्परगा क्षेत्रों के बीच तेज बहाव वाले नाले पर पानी भरी सड़क को पार करने की कोशिश करते समय एक ऑटो-रिक्शा के पलट जाने से सीआरपीएफ की एक महिला कर्मचारी सहित तीन लोग बह गए।

### 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका में न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप

# याचिका खारिज कर अदालत ने कहा- हमारी चिंता मत कीजिए

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है। उसने कहा कि हमारी चिंता न करें।

वकील चंद्रकांत गायकवाड़ के जरिए 'एसोसिएशन फॉर एडिंग जस्टिस' की ओर से दायर याचिका में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने और 'भाई वकील है' गाने को हटाने का अनुरोध किया गया था, जिसके बारे में दावा किया गया कि यह कानूनी पेशे के लिए अपमानजनक है।



- कहा- अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है

याचिकाकर्ता के वकील दीपेश सिरोया ने कहा कि फिल्म और गीत में न केवल वकीलों का बल्कि न्यायाधीशों का भी मजाक उड़ाया गया है, क्योंकि एक दृश्य में न्यायाधीशों को 'मामू' कहा गया है, जो न्यायपालिका के लिए अपमानजनक शब्द है। इस पर मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि पहले दिन से ही हमारा मजाक उड़ाया जा रहा है। हमारी चिंता मत कीजिए। फिल्म निर्माताओं ने पीठ को बताया कि फिल्म के खिलाफ इसी तरह की एक याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

### मालेगांव विस्फोट : उच्च न्यायालय ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई स्थगित की

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के अपीलकर्ता परिजनों के बारे में अधूरी जानकारी दिए जाने से सात आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई बुधवार को स्थगित कर दी। इस मामले में बरी किए गए सात आरोपियों में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित शामिल हैं। इससे पहले, मंगलवार को उच्च न्यायालय ने कहा था कि विस्फोट मामले में बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने का रास्ता सभी के लिए नहीं खुला है। उसने पूछा कि क्या पीड़ितों के परिजनों से मुकदमे में गवाह के तौर पर पूछताछ की गई थी। बुधवार को, अपीलकर्ताओं के वकील ने विवरण का चार्ट पेश किया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि यह अधूरा है। वकील ने पीठ को बताया कि प्रथम अपीलकर्ता, निसार अहमद, जिनके बेटे की विस्फोट में मौत हो गई थी, मुकदमे में गवाह नहीं थे।

## नेशनल ब्रीफ

### गौरांगलाल दास होंगे दक्षिण कोरिया में भारत के नए राजदूत

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक गौरांगलाल दास को बुधवार को दक्षिण कोरिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। वर्ष 1999 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी दास वर्तमान में नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में पूर्वी एशिया प्रभाग का कार्यभार संभाल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत दास को कोरिया गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

### लग्जरी होटलों पर उच्च संपत्ति कर लगाना मनमाना कदम नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि एमसीडी द्वारा लक्जरी होटल प्रतिष्ठानों पर संपत्ति कर की उच्च दर वसूलने को मनमाना कदम नहीं माना जा सकता क्योंकि ये प्रतिष्ठान जिन ग्राहकों को आकर्षित करते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया है। कोर्ट ने कहा कि लक्जरी होटल स्वेच्छा से 'स्टार' मान्यता प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, जिससे वे खुद को ऐसे वर्ग में स्थापित कर लेते हैं जो संपन्न ग्राहकों को लक्षित करता है और उच्च कीमत पर शानदार अनुभव प्रदान करता है।

# घुसपैठियों को बचा रही कांग्रेस : शाह


### वोटर अधिकार यात्रा को लेकर साधा निशाना, पीएम के जन्मदिन पर 1,723 करोड़ की परियोजनाएं सौंपी

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार की 17 योजनाओं का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर दिल्ली सरकार की 1,723 करोड़ रुपये की लागत वाली 17 परियोजनाओं और योजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्र सरकार को राष्ट्रीय राजधानी के लिए एक जीवन रेखा की तरह बताया। गुप्ता ने अपने कैबिनेट मंत्रियों, भाजपा विधायकों और पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ कर्तव्य पथ पर आयोजित एक शिविर में रक्तदान किया।

मुख्यमंत्री ने सैकड़ों अन्य लोगों के साथ मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में कर्तव्य पथ पर आयोजित सेवा संकल्प पदयात्रा में भी हिस्सा लिया। यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जब मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने थे, तब यह निर्णय लिया गया था कि उनका जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान विकास और कल्याणकारी कदम उठाना भाजपा की एक नयी परंपरा है, जिसका पालन पिछले 11 वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान पंचायतें, राज्य सरकारें और केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान चलाती हैं और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू करती हैं। गुप्ता ने कहा कि केंद्र ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सहायता प्रदान करके दिल्ली को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, उन्होंने दिल्ली के लिए काम किया है और इसकी जीवन रेखा के रूप में काम किया है। शाह द्वारा ऑनलाइन तरीके से शुरू की गई परियोजनाओं और योजनाओं में पांच नए अस्पताल ब्लॉक, 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्लीनिक, 150 डायलिसिस मशीन, वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50,000 व्यक्तियों का पंजीकरण और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 10 संसाधन केंद्र शामिल हैं। उन्होंने नरेला में अटल आशा नर्सिंग होम और छात्रावास का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने शाह की सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा दिल्ली के लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज का दिन बहुत खास है, क्योंकि हम भारत माता के महान सपूत और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मना रहे हैं। हम दिल्ली में उनकी सरकार के काम के लिए उनका धन्यवाद करते हैं।




नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री परवेश साहिब सिंह।

### जल्द मिलेंगी 75 परियोजनाएं

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में केंद्र की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी जिनमें एक्सप्रेसवे और सड़कों के नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर खर्च किए गए 1.25 लाख करोड़ रुपये और यमुना नदी के पुनरुद्धार के लिए प्रदान किए गए 9,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोदी ने कोविड-19 महामारी जैसे संकट के दौरान विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाई है। उन्होंने कहा, दिल्ली में पहली बार ऐसी सरकार है जो बिना किसी भेदभाव या राजनीतिक पूर्वाग्रह के सभी की सेवा में लगी है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में 75 विकास परियोजनाएं और कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेगी।

## 3 दिन डिजिटल अरेस्ट रहीं बुजुर्ग चिकित्सक की दिल के दौरे से मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में साइबर जालसाजों ने कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर तीन दिनों तक 76 वर्षीय एक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को परेशान किया और धमकियां दी, जिससे उनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि पांच से आठ सितंबर के बीच महिला से 6.60 लाख ठगने वाले आरोपियों ने आठ सितंबर को उनकी मौत के बाद भी उन्हें संदेश भेजना जारी रखा। पुलिस के मुताबिक, मृतका के कॉल रिकॉर्ड देखने के बाद उनके बेटे ने पुलिस से शिकायत की और आरोप लगाया कि परिवार को डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के मामले का पता चला, जिससे उनकी मां की मृत्यु हुई। मुख्य वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त महिला से जालसाजों ने पांच सितंबर को 'मैसेजिंग एप' के जरिए संपर्क किया। आईडी की डिस्प्ले पिक्चर में बेंगलुरु पुलिस का लोगो लगा था। फोन करने वाले ने फर्जी जांच रिपोर्ट साझा की, जिसमें महिला के आधार विवरण का उल्लेख था और उसे मानव तस्करी में झूठा फंसाया गया था। तीन दिनों तक वीडियो कॉल की गईं और उच्चतम न्यायालय, कर्नाटक पुलिस विभाग, ईडी व आरबीआई के फर्जी दस्तावेज़ दिखाकर परेशान किया गया।


# आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप से नहीं रुका

- रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप वाले दावों को किया खारिज

हैदराबाद, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के इन दावों को खारिज कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा आतंकियों पर कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की वजह से निलंबित नहीं हुई।

रक्षा मंत्री ने हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में कहा कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा। कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप से हुआ? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका था। राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी साफ किया था कि भारत ने इस मामले में तीसरे पक्ष की भूमिका खारिज कर दी।



### कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में भारतीय मिसाइल हमलों में इस आतंकवादी संगठन के प्रमुख मसूद अजहर के परिजनों की मौत की बात स्वीकार की है। इसकी पुष्टि करने वाला वीडियो भी जारी हुआ है। भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता। सिंह ने कहा कि 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और इस साल ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों के माध्यम से बार-बार अपने संकल्प का प्रदर्शन किया है।

## महिला सैन्य अफसरों की मानदंड नियुक्ति में मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को स्थायी कमीशन की मांग करने वाली 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) की महिला सैन्य अधिकारियों के लिए उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में 'मानदंड नियुक्ति' पर विचार करने में मनमानी को लेकर नाखुशी जताई। 'मानदंड नियुक्ति' का अर्थ आमतौर पर किसी अधिकारी को किसी कठिन और प्रतिकूल क्षेत्र या ऑपरेशन में किसी पद की कमान सौंपना होता है।

स्थायी कमीशन देने से इनकार करने को चुनौती देने वाली 13 महिला सैन्य अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सवाल किया कि एक ही प्रशिक्षण और तैनाती से गुजरने वाले पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए दो मानदंड कैसे हो सकते हैं। पीठ ने सवाल किया, लैंगिक आधार पर दो मानदंड कैसे हो सकते हैं? क्या एसएससी महिला अधिकारियों और पुरुष अधिकारियों के मूल्यांकन का कोई अलग प्रारूप है? क्या यह प्रारूप एसएससी अधिकारियों और स्थायी कमीशन वाले अधिकारियों के लिए अलग है? महिला अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि अपीलकर्ता अपने पुरुष समकक्षों के समान प्रशिक्षण और तैनाती पाने के बावजूद प्राप्त सामान्य ग्रेडिंग से व्यथित हैं। उन्होंने दलील दी, यह ग्रेडिंग उस समय किए गए व्यक्तिपरक मूल्यांकन के परिणामस्वरूप हुई जब वे स्थायी कमीशन (पीसी) के लिए पात्र नहीं थीं। पुरुष अधिकारियों के विपरीत, जिनके प्रदर्शन का लगातार पीसी को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन किया जाता था, इस अदालत द्वारा 2020 में महिलाओं को पीसी के लिए पात्रता प्रदान करने के फैसले से पहले अपीलकर्ताओं की एसीआर 2019 में ही रोक दी गई थी। गुरुस्वामी ने बताया कि जिन 13 अधिकारियों का उन्होंने प्रतिनिधित्व किया, उनमें लेफ्टिनेंट कर्नल वनिता पाधी कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में तैनात थीं, लेफ्टिनेंट कर्नल चांदनी मिश्रा 88 देशों में मैनोवरेबल एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट उड़ाने वाली पहली महिला पायलट थीं और लेफ्टिनेंट कर्नल गीता शर्मा भी लद्दाख जैसे बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात रही हैं तथा मेजर खिम ने अखनूर में सेवा की है।

## मोदी ने श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

मानवीय मूल्यवादी, शांतीदूत और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। इस संदर्भ में उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं का संवाहक और वैश्विक मंच पर नए भारत को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता में शुमार हैं। उन्होंने हम सभी के मार्गदर्शन के साथ-साथ एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार किया है।



श्री श्री ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि और लोक-कल्याण की भावना को जीवन-साधना में उतारने वाले आपके अप्रतिम पुरुषार्थ, संवेदनशील नेतृत्व और अखण्ड कर्मनिष्ठा ने 'नए भारत' को आशा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

### ट्रक-कार की टक्कर में 7 लोगों की मौत

संगम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी। नेल्लोर जिले में बुधवार को बालू से भरे ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा संगम मंडल के पास उस समय हुआ जब सामने से आ रहा ट्रक कार से टकरा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक नेल्लोर शहर के निवासी थे और आत्मकुर सरकारी अस्पताल अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास बालू से भरे ट्रक के कार को टक्कर मारने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई।

## छापेमारी के दौरान पुलिस के बीच गतिरोध

**कोलकाता।** कोलकाता में एक फ्लैट पर छापे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश और कोलकाता के पुलिस अधिकारियों के बीच टकराव हुआ। यह छापा धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में की गई और इसमें तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व नेता तथा उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अदालत के हस्तक्षेप के बाद मामला सुलझ गया। एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा पुलिस ने पिछले महीने तृणमूल के पूर्व नेता बिभास अधिकारी और उनके बेटे को कोलकाता में कथित तौर पर फर्जी थाना बनाने और लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। नोएडा पुलिस की एक टीम शहर में उस फ्लैट की तलाशी लेने आई थी जहां से फर्जी पुलिस थाना संचालित था। यह फ्लैट बेलियाघाटा थाने के ठीक सामने स्थित एक इमारत में है। नोएडा और बेलियाघाटा से पुलिस टीम बुधवार को फ्लैट की तलाशी लेने गईं, जो बाहर से बंद था।



## न्यूज ब्रीफ

### लापता दोनों छात्राएं दिल्ली में मिलीं

अमृत विचार, निगोहां : मस्तीपुर स्थित एक विद्यालय की मंगलवार को हाईस्कूल की दो छात्राएं लापता हो गई थी। निगोहां पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से महज 12 घंटे में ढूंढ निकाला। पुलिस ने दोनों छात्राओं को दिल्ली से बरामद कर परिवार के सुपुर्द कर दिया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि दोनों छात्राएं घर से रुपये लेकर दिल्ली घूमने के लिए चली गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही सर्विलांस की मदद ली। लोकेशन मिलने के बाद रवाना हुई पुलिस टीम ने दिल्ली आईएसबीटी बस स्टैण्ड के पास से दोनों छात्राओं को बरामद किया गया।

### म्यूजिक एल्बम क्यू रह गई लांच

अमृत विचार, लखनऊ : एंटरटेनमेंट के बैनर तले बने म्यूजिक एल्बम क्यू रह गई को बुधवार को एक समारोह में यूट्यूब पर लॉन्च किया गया। इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंट के प्रमुख प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि म्यूजिक एल्बम सांग क्यू रह गई की निर्माता श्वेता श्रीवास्तव और निर्देशक चिराग भसीन हैं। देव और पीटर केल ने इस एल्बम में गीतकार और गायक के रूप में अहम किरदार निभाया है। म्यूजिक एल्बम सांग में मुख्य भूमिका फिल्म अभिनेता प्रदीप श्रीवास्तव और अभिनेत्री आंचल ने निभाई है। जल्द ही उनका एक और गाना और एक फिल्म भी रिलीज हो रही है। इससे पहले उन्होंने बॉलीवुड फिल्म संदेह का निर्माण किया और देश-विदेश में रिलीज किया है।

### थाईलैंड के पैगोडा की शक्ल में तैयार हो रहा दुर्गा पंडाल

अमृत विचार, लखनऊ : दुर्गा पूजा के लिए जानकीपुरम के सेक्टर ई पार्क में 10 हजार वर्ग फीट में भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। कोलकाता से आये कारीगर रात-दिन इस काम में जुटे हुए हैं। इस पार्क में हर साल नयी थीम पर पूजा पंडाल बनाकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराने वाले सौरव बंद्योपाध्याय ने बताया कि इस बार का पंडाल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। थाईलैंड के पैगोडा की तर्ज पर बनाये जा रहे पूजा पंडाल की लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई एक जैसी रखी गई है। 100 फीट चौड़ा, 100 फीट लम्बा और 100 फीट ऊंचा। इसके भीतर जाने पर महल जैसा माहौल देखने को मिलेगा। सौरव बंद्योपाध्याय ने बताया कि इतने विशाल स्ट्रक्चर को इस अंदाज में तैयार किया जा रहा है कि दुर्गा पूजा के दौरान मौसम कितना भी गड़बड़ हो जाए तो भी पंडाल के भीतर मौजूद लोग सुरक्षित रहें। इसे वायुगतिकीय सिद्धांत पर निर्मित किया जा रहा है। तेज बारिश और तूफान भी पूजा में व्यवधान न डाल पाए। पंडाल की मुख्य संरचना को बैक एयर कंट्रोल सिस्टम से सुरक्षित बनाया जा रहा है।

# काकोरी में किसान के घर डकैती

## दरोगा बनकर घुसे थे बदमाश, महिलाओं समेत परिवार को पीटा, असलहा लगाकर बेटे का सिर फोड़ा

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के सकरा गांव में मंगलवार देर रात दरोगा बनकर घर में कूदे आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने किसान को असलहे के बल पर बंधक बना लिया। चीखपुकार पर दौड़े परिवार को पीटा और बेटे का सिर फोड़ दिया। परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों ने मोबाइल, नकदी व अन्य सामान लूट लिया। किसान के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े। सूचना पर काकोरी पुलिस पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर सात संदिग्ध डकैतों को पकड़ लिया गया। पुलिस सातों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सकरा गांव में रहने वाले किसान केशन गौतम मंगलवार रात बरामदे में सो रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर थे। देर रात करीब एक बजे चार बदमाश घर के अंदर कूदे। आवाज आने पर केशन की आंख खुली। टोका तो बदमाशों ने कहा कि वे दरोगा हैं। दबिश देने आए हैं। इसी बीच एक बदमाश ने उनके सीने पर असलहा सटा दिया। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी।

इसके बाद और चार बदमाश अंदर घुसे। चीख पुकार सुनकर बेटे दीपक ने विरोध किया तो उसे पीटा। पत्नी शोर सुनकर दौड़ी उन्हें भी मारा। इस बीच पीछे कमरे में सो रहा बेटा शिवनंदन, सूरज और बेटी सविता मदद के लिए दौड़े। बदमाशों ने सूरज के सिर पर रॉड से वार किया। जिससे उसका सिर फट गया। बदमाशों ने मोबाइल छीना और फिर सविता को पीटने के बाद बदमाश भाग निकले।

पीड़ित परिवार ने शोर मचाते हुए डॉयल-112 पर सूचना दी। चींखपुकार पर ग्रामीण दौड़े। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर तलाश शुरू की। पुलिस ने ई-रिक्शा सवार चार बदमाशों को धर दबोचा। ग्रामीणों ने तीन संदिग्धों को पकड़ा। पीड़ित किसान केशन ने बताया कि बदमाश उनके घर से मोबाइल और कुछ रुपये लेकर गए थे। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सातों संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने एक ई-रिक्शा भी बरामद किया है।



काकोरी के सकरा गांव में जानकारी देता पीडित परिवार।

### दो घरों व मंदिर से चोरी किए मोबाइल और रुपये

- छानबीन में पता चला कि केशन के घर से पहले बदमाशों ने टेंपों चालक वाकिम के घर में भी धावा बोला था। बदमाश वहां से करीब ढाई हजार रुपये, मोबाइल, एटीएम कार्ड और कुछ पेपर ले गए। इसके बाद बदमाश ऑटो चालक पप्पू के घर में घुसकर मोबाइल, नकदी व अन्य सामान ले गए। वहीं, पड़ोस स्थित एक मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर नकदी चोरी कर ली। पुजारी नीरज शर्मा ने मंदिर का दानपात्र सुबह टूटा पड़ा देखा तब जानकारी दी।

- शोर सुनकर ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से सात संदिग्ध बदमाशों को पकड़ा

### ग्रामीणों के ललकारने पर घायल सूरज को छोड़ा

- पीड़ित किसान केशन ने पुलिस को बताया कि बदमाशों के पास रॉड व धारदार हथियार थे। धारदार हथियार से वार करने के बाद बदमाशों ने बेटे सूरज का सिर फोड़ दिया। उसके बाद उसे खींचते हुए घर के बाहर लेकर आए। उसके बाद करीब डेढ़ सौ मीटर तक पीटते हुए साथ ले गए। इसी बीच ग्रामीणों ने बदमाशों को ललकारा तो वे सूरज को छोड़कर भागने लगे।

### ग्रामीण बोले वारदात से पहले की रेकी

- सकरा गांव में वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों ने पहले रेकी की थी। गांव के ही रहने वाले कन्हैया ने बताया कि मंगलवार की शाम गांव के बाहर परचून की दुकान पर एक बदमाश को अन्य अज्ञात लोगों के साथ सामान लेते गया था। पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए संदिग्ध सीतापुर व दुबग्गा के बताए जा रहे हैं।

## अवैध संबंधों पर भतीजे ने दोस्त संग की थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

अमृत विचार, काकोरी : चाची के साथ अवैध संबंध से नाराज भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालक की हत्या की थी। बुधवार को काकोरी पुलिस ने खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त रस्सी बरामद कर ली है।

तेज किशन खेड़ा गांव निवासी गुरु प्रसाद गौतम (42) 12 सितंबर को बेहोशी के हालत में सकरा गांव के पास एक शराब ठेके के पास मिले थे। निजी अस्पताल में भर्ती गुरु प्रसाद की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में मृतक की बेटी ने गांव के ही कमलेश व अंकित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की तो अपना गुनाह कबूल कर लिया। इंस्पेक्टर सतीश राठौर के मुताबिक आरोपी कमलेश ने बताया कि गुरु प्रसाद का उसकी चाची से अवैध संबंध था। जिसको लेकर कई बार गुरु प्रसाद को समझाया गया लेकिन वह नहीं माना। अवैध संबंध से नाराज होकर कमलेश ने अपने साथी अंकित के साथ मिलकर गुरु प्रसाद को सकरा गांव के पास 12 सितंबर एक शराब ठेके के पास बुलाया। वहीं पर दोनों में मिलकर एक कच्चे मार्ग पर गुरु प्रसाद मुंह दबाया और उसके ई-रिक्शा में रखी रस्सी से गला कस दिया।

# वारंट लेकर घर पहुंची पुलिस तो ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

संवाददाता, निगोहां

- सुबह अधिवक्ता से मिलने की बात कहकर निकला था चालक
- 20 साल पूर्व हादसे में बच्चे की मौत के मामले में शनिवार को जारी हुआ था एनबीडब्ल्यू
- रविवार को घर पहुंची थी मोहनलालगंज पुलिस, पिछले दरवाजे से भाग निकला था
- नहीं मिला सुसाइड नोट, निगोहां के मस्तीपुर गांव की घटना

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के हरबंश खेड़ा गांव निवासी वैन चालक भारतलाल गुप्ता (51) ने बुधवार सुबह मस्तीपुर गांव के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजन का आरोप है कि करीब बीस साल पुराने मामले में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद मोहनलालगंज पुलिस घर पहुंची थी। गिरफ्तारी के डर से भारतलाल अवसाद में थे। इसी वजह से उन्होंने जान दी। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस वारंट लेकर रविवार को गयी थी, लेकिन भारतलाल भाग गए थे। परिजन के आरोप पर जांच की जा रही है।

वैन चलाकर भारतलाल परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। पत्नी गायत्री ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे भारतलाल अधिवक्ता से मिलने की बात कहकर घर से निकले थे। कुछ देर बाद सूचना मिली कि मस्तीपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर भारतलाल का शव पड़ा है। खबर मिलते ही परिवारवाले मौके पर पहुंचे। सूचना पर जीआरपी और निगोहां पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पत्नी गायत्री ने बताया कि वर्ष 2005 में भारतलाल की वैन से मोहनलालगंज के गौरा गांव में एक सड़क हादसा हुआ था, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई थी। इस मामले में न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। गायत्री ने बताया कि रविवार को मोहनलालगंज पुलिस कोर्ट से जारी वारंट लेकर भारतलाल को गिरफ्तार करने के लिए घर पहुंची थी। भारतलाल कपड़े पहनने के बहाने घर के अंदर गया और जेल जाने के डर से पीछे लगे दरवाजे से निकलकर भाग गए थे।

इसके बाद से ही भारतलाल काफी तनाव में थे और अक्सर चुपचाप रहने लगे थे। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि शनिवार को भारतलाल को एनबीडब्ल्यू जारी हुआ था। रविवार को पुलिस उसकी तलाश में घर गयी थी, लेकिन वह भाग निकला था। आरोप की जानकारी होने पर भारतलाल के घर पर पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला कि भारतलाल का अपने भाइयों से विवाद चल रहा था।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

- एसओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी गायत्री, तीन बेटे ऋषभ, आयुष, आदित्य और एक बेटी सपना हैं। बड़ा बेटा ऋषभ प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। आयुष ऑटो चलाता है। आदित्य व सपना पढ़ाई करते हैं। घटना के बाद से गायत्री का बुरा हाल है। एसओ ने बताया कि परिजन ने लिखित में कोई आरोप नहीं लगाया है।

# 7 आईपीएस अधिकारियों को किया इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सूची में एक डीआईजी और एक एसपी भी शामिल

अमृत विचार : शासन ने प्रदेश के सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार ने जिन आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की है, उनमें एक डीआईजी और एक एसपी भी हैं। शासन ने डीआईजी रूल्स एंड मैनुअल्स देव रंजन वर्मा को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण लखनऊ के पद पर तैनात किया है। पहले उनको डीआईजी रूल्स एंड मैनुअल्स के पद से पुलिस उप महानिरीक्षक स्थापना पुलिस महानिदेशक कार्यालय के पद पर भेजा गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया है।

इसके अलावा सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ डॉ. सतीश कुमार को पुलिस महानिदेशक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के पद पर सम्बद्ध किया गया है। साथ ही एडीसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट अभिजीत कुमार को एएसपी ग्रामीण मेरठ के पद पर तैनात किया गया है। एएसपी रामपुर अतुल कुमार श्रीवास्तव को डीसीपी कानपुर नगर कमिश्नरेट, एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट ममता रानी चौधरी को डीसीपी कमिश्नरेट लखनऊ, शैलेन्द्र कुमार सिंह एएसपी अमेठी से डीसीपी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और त्रिगुण बिसेन एएसपी फिरोजाबाद से डीसीपी कमिश्नरेट गाजियाबाद के पद पर तैनाती मिली है।

### 57 पीपीएस बदले गए

- लखनऊ योगी सरकार ने 57 पीपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया। संभल के एएसपी अनुज चौधरी को फिरोजाबाद एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। गोपीनाथ सोनी को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। वहीं, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह को उप सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ बनाया गया है।

# 8124 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

## दो दिन के उत्सव में 7,500 युवाओं को रोजगार देने का रखा गया था लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय रोड स्थित कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में दो दिवसीय कौशल महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। इसमें 8124 युवाओ को जॉब का ऑफर मिला।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी के सहयोग महोत्व का आयोजन किया गया। इसमें 30,387 युवाओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण कराया।14,400 युवा साक्षात्कार में शामिल हुए, जिसमें 8,124 का चयन इलेक्ट्रॉनिक्स, बीएफएसआई, लॉजिस्टिक्स, आईटी-आईटीईएस और ऑटोमोटिव जैसे विविध क्षेत्रों में हुआ। इन युवाओं को सर्वाधिक 4.8 लाख वार्षिक तक पैकेज मिलेगा। महोत्सव में 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां और संस्थाएं शामिल हुईं, जिन्होंने 20 से अधिक सेक्टरों में अवसर उपलब्ध कराए। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होना था किंतु भारी वर्षा के कारण नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। वहीं, कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे। राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने ''एक्स'' पर पोस्ट करके लिखा कि भारी वर्षा के कारण लखनऊ कौशल महोत्सव में नियुक्ति वितरण समारोह स्थगित करना पड़ा। यह वह क्षण था जब चुनिंदा युवाओं को प्रमाण-पत्र दिए जाने थे। प्राकृतिक परिस्थितियों के आगे हमें यह निर्णय लेना पड़ा,फिर भी इस महोत्सव ने जो ऊर्जा और उपलब्धियां दी हैं।




महोत्सव में ख़ुशी जताते हुए रोजगार पाने वाले युवा।

### जलभराव होने से फैली अव्यवस्था

- महोत्सव के समय भरी बारिश होने से परिसर में भीषण जलभराव हो गया। परिसर में घुटनों तक पानी भर जाने से रोजगार की तलश में आए युवाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ा। कंपनियों के लगे स्टॉल में भी पानी भर गया था। इससे पंजीकरण से लेकर साक्षात्कार तक अव्यवस्थाएं फैल गईं। बारिश के कारण नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होने से निराश लौटना पड़ा।

### भाई-बहन संग आरोपी के साथी को भी लगी थी गोली

- अमृत विचार, लखनऊ : टेढ़ी पुलिया स्थित विवेकानंद पुरम कॉलोनी में मंगलवार की रात दो पक्षों में ताबड़तोड़ हुई फायरिंग में दूध व्यवसायी आसिफ ही नहीं, बल्कि उसकी बहन और आरोपी पक्ष के एक युवक को भी गोली लगी थी। वारदात के पीछे रुपयों लेनदेन और प्रॉपर्टी का विवाद भी बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। कल्याणपुर के विवेकानंदपुरम कॉलोनी में मंगलवार की रात गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचकर आदर्श द्विवेदी, आसिफ अली व आसिफ रिजवी सहित कई अज्ञात लोगों ने डेयरी संचालक मो. आसिफ के घर में घुसकर गाली-गलौज की थी। आसिफ अली के रुपये डेयरी संचालक के भाई यासीन पर बकाया थे। उसी को लेकर पहले दोनों पक्षों में विवाद और फिर मारपीट शुरू हो गई। जिसमें पत्थर भी चले। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में फायरिंग होने लगी। करीब 10 राउंड गोलियां चलीं। ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई थी। लोग इधर-उधर भाग खड़े हुए। इस गोलीकांड में विवेकानंदपुरम कॉलोनी के मो. आसिफ, उसकी बहन सन्नो गोली से घायल हुई थी। जबकि गाड़ियों से पहुंचे आदर्श के दोस्त आसिफ अली को भी गोली लगी है। गोली लगने से घायल दोनों आसिफ का इलाज चल रहा है।



बेरोजगारी के विरोध में प्रदर्शन करते छात्र सभा के सदस्य।

# सपा और एनएसयूआई ने निकाली बेरोजगारी बारात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एनएसयूआई और सपा छात्र सभा ने बेरोजगारी बरात निकाली। दोनों संगठनों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिर पर पगड़ी लगाई, माथे पर बेरोजगार लिखा और गले में माला पहन थाली लेकर प्रदर्शन किया गया।

आईटी चौराहे से विवि जाते समय पुलिस ने रोक लिया। इस पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने हाथ से थाली व माला जब्त कर प्रदर्शनकारियों को ईको गार्डन भेज दिया। एनएसयूआई के सदस्य अहमद रजा ने सरकार पर रोजगार न देने का आरोप लगाया। उधर, लविवि इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार की अगुवाई में छात्र सभा ने प्रदर्शन किया।

यहां प्रदेश सचिव अक्षय यादव, इकाई उपाध्यक्ष रोहित यादव, शिवा यादव, आदित्य पांडे, मनीष सिंह, विकास पटेल, अजितेन्द्र यादव, शिव पूजन पांडे, रुद्रवीर यादव, आयुष यादव, जतिन यादव, प्रशांत पाल, नवीन यादव, अंश, सूर्यान्श आर्यन, अखिलेश, प्रशांत पाल, विनय शाक्य, प्रभात राज, अक्षत पांडे, अंबुज, सचिन, अभिषेक, संदीप एवं अन्य मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने की बैडमिंटन, टेनिस रैकेट और हॉकी की पूजा

## विश्वकर्मा जयंती पर शहर में जगह-जगह किए गए आयोजन, पूजा कर बांटा प्रसाद, स्टेडियमों में किया गया हवन-पूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: विश्वकर्मा जयंती पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम, चौक स्टेडियम, यूनिवर्सिटी ग्राउंड और गोमती नगर स्थित विनय खंड मिनी स्टेडियम में आयोजन किए गए। खिलाड़ियों ने भगवान विश्वकर्मा और रनिंग शूज़, हॉकी स्टिक, क्रिकेट बैट, फुटबॉल, वॉलीबाल, बैडमिंटन सहित टेनिस रैकेट की पूजा कर प्रतियोगिताओं में सफलता की कामना की।

विनय खंड मिनी स्टेडियम में हॉकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, तैराकी, हैंडबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट और एथलेटिक्स सहित कई खेलों से जुड़े खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्टेडियम के खेल विभाग के अधिकारी सतीश सिंह यादव ने बताया कि पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

उधर हनुमान सेतु, जवाहर भवन, हुसैनगंज, जीटीआई, इंजीनियरिंग कॉलेज समेत कई प्रमुख बिजलीघरों पर पूजन किया गया। विशेष भोग अर्पित कर विश्वकर्मा भगवान से सुरक्षा और कार्य में कुशलता की कामना की गई। अभियंताओं और कर्मचारी शामिल हुए। इसके बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान विद्युत केंद्रों को साफ-सुथरा और सुसज्जित भी किया गया।

उधर सुल्तानपुर रोड स्थित श्री शनि अहिमामऊ धाम में सृष्टि के रचयिता एवं देवशिल्पी विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर भण्डारा व पूजा-अर्चना का अयोजन किया गया। मंदिर संस्थापक बद्री नारायण, मनोज राय, जमना प्रसाद, अनिल राज, आशीष प्रजापति, यतीश, हर्षित, यश, सिद्धान्त, शोभित, अनिस, आदित्य राज, अध्यांश प्रजापति, दिलशाद अहमद, पं. अनिरूद्ध आनन्द देव शर्मा, मनोज, दिनेश, राजा गुप्ता, फरहान, उमाशंकरमौजूद रहे।

उधर जलकल के ऐशबाग स्थित मुख्यालय में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने पूजा कर नगर निगम के जलकल बेड़े में शामिल किए गए 50 नए स्टेनलेस स्टील टैंकर जनता को समर्पित किए। कार्यक्रम में 25 टैंकर 5000 लीटर क्षमता वाले तथा 25 टैंकर 3000 लीटर क्षमता वाले शामिल किए गए हैं। स्टेनलेस स्टील निर्मित इन टैंकरों का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।



बांस मंडी चौराहा स्थित विश्वकर्मा पूजा करते भक्त।



भगवान विश्वकर्मा का पूजन करते कुलपति प्रो. अजय तनेजा।

### विश्वकर्मा जयंती को घोषित किया जाए श्रमिक दिवस

- भगवान विश्वकर्मा जयंती को श्रमिक दिवस घोषित करने व इस दिन सार्वजनिक अवकाश की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने बुधवार को गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार व श्रमिकों का आदर्श माना जाता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तकनीकी कर्मचारी, कारीगर व श्रमिक समुदाय पूरे देश में इस दिन को श्रद्धा व उत्साह से मनाते हैं। श्रमिक वर्ग देश के निर्माण व विकास की आधारशिला है। इसलिए उनके सम्मान में विश्वकर्मा जयंती को श्रमिक दिवस घोषित किया जाना चाहिए। संघ ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में उत्तर प्रदेश में इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता रहा है। ऐसे में पुन: अवकाश की बहाली न केवल परंपरा का सम्मान होगी, बल्कि श्रमिकों के योगदान की सामाजिक मान्यता भी बढ़ेगी।

### अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

- अमृत विचार, लखनऊ : विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को नादरगंज स्थित अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस मशीन विभाग में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। अमृत विचार के सीएमओ एपी सिंह ने विधि-विधान से पूजन कर भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी। इस मौके पर एपी सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती हिंदू धर्म में ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार को समर्पित है। उन्होंने चार युगों में नगरों और भवनों का निर्माण किया था, जिसमें जगन्नाथपुरी के जगन्नाथ मंदिर की विशाल मूर्ति भी शामिल है। उन्होंने मौजूद लोगों को जयंती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रोडेक्शन इंचार्ज अवधेश गुप्ता, एचआर हेड अरूण तिवारी, जितेंद्र कुमार, नीतीश सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, विजय मिश्रा सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### बलरामपुर अस्पताल में की सबके स्वास्थ्य की कामना

- अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन विधि विधान से संपन्न हुआ। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन उप्र के प्रदेश महामंत्री कमल श्रीवास्तव, चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्य प्रकाश, आशीष मौर्या, शंभूनाथ, नेहा वर्मा, पूजा मिश्रा, आमिर व अन्य डॉक्टर के साथ पैथोलॉजी विभाग के सभी कर्मी मौजूद रहे। सभी ने सबके स्वास्थ्य की कामना की।



नादरगंज स्थित अमृत विचार प्रिंटिंग यूनिट में पूजन करते संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी।

- युवक ने गर्भवती पत्नी को बांके से काट डाला II
- मोदी के जन्मदिन पर की सफाई, लगाए स्वास्थ्य शिविर III
- पुनर्वास विवि शुरू करेगा सौर ऊर्जा पर पाठ्यक्रम IV



## शहर में आज



- कैसरबाग के कला मंडपम प्रेक्षागृह में भातखंडे संस्कृति विवि की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस के पहले दिन तकनीकी सत्र– 9 :30 बजे।
- नेशनल पीजी कॉलेज में शोध लेखन पर सात दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन व्याख्या– 10 :00 बजे।
- गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत– 10 :00 बजे।
- निराला सभागार के उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में बिम्ब कला केंद्र की 45वीं वर्षगांठ पर समर्थ फाउंडेशन के संसाधन विहीन बच्चों के सहायतार्थ कार्यक्रम– 5 :00 बजे।
- राय उमानात बलि प्रेक्षागृह में बुद्धम थियेटर सोसाइटी की भक्तिमय नौटंकी वन चले राम रघुराई का मंचन– 6 :30 बजे।

# नाले में बहा वीर, नगर निगम कब समझेगा जनता की पीर

## अधिकारियों की लापरवाही से लोगों में गुस्सा, सड़क पर हंगामा कर जाम लगाने की कोशिश, पुलिस ने जैसे-तैसे समझाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के खुले और रेलिंग विहीन नाले लगातार हादसों को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार रात फिर रामलीला मैदान के पास उफनाए हैदर कैनाल नाले में सात वर्ष का बच्चा वीर बह गया। इस घटना में भी सरकारी विभागों की लापरवाही उजागर हुई है। जहां पर हादसा हुआ है वहां पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। बड़े नाले में रेलिंग तक नहीं है। स्थानीय लोगों ने कहा कि रेलिंग नहीं होने के कारण ही बच्चा नाले में गिर गया। हादसे से गुस्साए लोगों ने घोड़ा अस्पताल के सामने हंगामा कर जाम करने की कोशिश की। हुसैनगंज पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

हैदर कैनाल नाला काफी चौड़ा और करीब 24 किमी की लंबा है। ये नाला देवपुर पारा से लेकर 1090 चौराहे तक जाता है। सदर से लेकर योजना भवन तक उस पर बसपा सरकार में एलिवेटेड रोड भी बनी है और नीचे नाला बहता है। उसी के पास रामलीला मैदान हैं जहां पर अवैध रूप से कूड़ा बीनने वाले रहते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले पर पुल के नीचे साइड का नाला बनाने का काम एलडीए ने किया है।

उसको वहां पर रेलिंग लगानी चाहिए थी। रेलिंग होती तो हादसा न होता। लोगों ने बताया कि जब एलडीए निर्माण कर रहा था तो सुरक्षा के लिहाज से रेलिंग लगाने की मांग की गई थी, लेकिन एक न सुनी गई। लोगों का कहना है कि सुबह रेलिंग न होने की वजह से एक गाय भी नाले में गिर गई थी।





हैदर कैनाल नाले में जिस जगह मासूम वीर डूबा वहां मौजूद पुलिस व मोहल्ले के लोग और रोते बिलखते परिजन को ढांढस बंधातीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### नगर निगम व प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

- नाले में गिरने वाले मासूम के पिता नन्हा कबाड़ बीनकर परिवार का पेट पालते हैं। वे परिवार संग रामलीला मैदान के पास झोपड़ी में रहते हैं। बेटे का कुछ पता नहीं चलने से वह गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की है कि खुले और खतरनाक नालों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### देर रात तक चला रेस्क्यू अभियान

- मासूम के नाले में गिरने की सूचना मिलते ही हुसैनगंज पुलिस व हजरतगंज फायर स्टेशन से रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने हैदर कैनाल पर बने एसटीपी पर कांटे की मदद से तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। मासूम का देर रात तक कुछ पता नहीं चला। नन्हा का वीर के अलावा पांच वर्षीय बेटा शिवा भी है। पत्नी रेनू तीन माह पहले छोड़ कर चली गई। रेनू के जाने के बाद से दादी सावित्रा दोनों बच्चों की देखरेख करती थी। मासूम की सलामती की उम्मीद में दादी और पिता खुद भी नाले के आसपास जाकर खोजबीन करते रहे। आस-पास के लोग ने नाले में कई जगह उसे ढूंढने का प्रयास किया।

### परिवार की महिलाओं को गले लगाकर महापौर ने बंधाया ढांढस

- हादसे की जानकारी के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौके पर पहुंचे। महापौर ने परिवार की महिलाओं को गले लगाकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीम भी बच्चे को ढूंढने में मदद कर रही है। एसडीआरएफ, पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम लगी है। नगर निगम पीड़ित परिवार के साथ है। नगर आयुक्त और महापौर ने कहा कि हैदर कैनाल नाला बहुत चौड़ा है इसे ढका नहीं जा सकता। सदर रामलीला मैदान से लोहिया पथ पर डीजीपी मोड़ तक करीब दो किमी के दायरे में सर्च आपरेशन के दौरान नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, डा. अरविंद राव और नम्रता सिंह भी मौके पर मौजूद रही।



नाले के पास मौजूद बच्चे के परिवार और मोहल्ले के महिलाएं। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### नवरात्र में फ्लैटों पर ऑफर दे सकता एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण नवरात्र के अवसर पर विभिन्न अपार्टमेंट के फ्लैटों पर ऑफर देने की तैयारी में हैं। फ्लैट खरीदने वालों को छूट दी जाएगी। पहले आओ पहले पाओ योजना भी प्रभावी रहेगी। प्राधिकरण के कई अपार्टमेंट में फ्लैट खाली पड़े हैं। खाली फ्लैटों का विवरण व उनके दाम आदि मांगे गए हैं और प्राविधान तय किए जा रहे हैं। इस पर स्वीकृति बनी तो नवरात्र पर फ्लैट खरीदने का सपना साकार होगा। इसके अलावा नवरात्र में डालीबाग स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के तहत 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैट और पारा में अटल विहारी आवासीय योजना के करीब 1865 फ्लैटों की नवरात्र से बुकिंग खोली जाएगी। दोनों योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री से कराने की तैयारी है।

### अनुभाग अधिकारी की जांच को भेजे अभिलेख

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के तत्कालीन अनुभाग अधिकारी अनवर अब्बास के खिलाफ विजिलेंस जांच का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण ने जांच के लिए 12 अगस्त 2025 को अनवर अब्बास की सेवा विवरण व अन्य अभिलेख शासन को भेज दिए हैं। वर्ष 2023 के एक मामले में हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर 2024 को आदेश पारित करके अनवर के खिलाफ सेवा अभिलेखों में खुली सतर्कता जांच प्रचलित की थी।

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई क्षेत्रों में गुरुवार को मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। इससे तीन लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। अहिबरनपुर उपकेंद्र से जुड़े आर्दशपुरम, महिला छात्रावास में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक, न्यू कैंपस उपकेंद्र के इंद्रपुरी, भिठौली, न्याय विहार, अहलादपुर, कमलाबाद बधौली, दिनकरपुर, विजयपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के सेक्टर-एच में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक, गऊघाट उपकेंद्र इकबाल नगर और आसपास सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, अपट्रॉन उपकेंद्र के भवानीगंज, गणेशपुरी कॉलोनी, भूसे वाली गली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। आईटीआई उपकेंद्र के विष्णुपुरी कॉलोनी, चर्च रोड आसपास सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-1 उपकेंद्र के लक्ष्मी मार्केट, पटेल पुरम, जुरासिक पार्क, सुलभ आवास सेक्टर-1के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### दो घायलों को अस्पताल से छुट्टी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग में पेड़ गिरने से घायलों की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। बलरामपुर अस्पताल में भर्ती दो घायलों को बुधवार को डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि दो घायल अभी भी भर्ती हैं। दोनों का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। एक घायल को प्राथमिक इलाज के बाद मंगलवार को ही डिस्चार्ज कर दिया गया था। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि कैसरबाग में पेड गिरने से छह घायलों को अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया था।



आलमबाग इलाके में मवैया अंडरपास में भरे बारिश के पानी से निकलते वाहन। अमृत विचार

# दो घंटे की बारिश में सड़कें जलमग्न

## नगर निगम मुख्यालय में कैद रहे नगर आयुक्त व कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में बुधवार दोपहर दो घंटे हुई झमाझम बारिश से गलियों से लेकर सड़कों पर घुटनों तक जलभराव हो गया। हजरतगंज, एशबाग, चौक अलीगंज, महानगर, इंदिरा नगर, कृष्णानगर, गोमती नगर के अलावा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के सामने लोहिया पथ पानी में डूब गए। लगभग एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक सड़क पर पानी भर गया, जिससे राहगीरों के वाहन बीच रास्ते बंद हो गए। नगर निगम मुख्यालय के अंदर तक पानी पहुंच गया। नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों की गाड़ियां परिसर में खड़ी रहीं। पानी भरने से अधिकारी बाहर नहीं निकल सके।



नगर निगम मुख्यालय के वाहन स्टैंड में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण करके उन्हें चालू कराके जलनिकासी के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बारिश का सबसे ज्यादा असर पुराने लखनऊ में देखने को मिला। जहां कश्मीरी मुहल्ले से लेकर अकबरी गेट तक पर जलभराव हो गया। कोई ऐसा मोहल्ला नहीं बचा था, जहां पानी न भरा हो। सआदतगंज क्षेत्र में सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। आधी स्कूटी पानी में डूब गई, लोगों के वाहन बीच में ही बंद हो गए। नक्खास के कई इलाके में घरों तक में पानी भर गया। भवानीगंज भी जलभराव से अछूता नहीं रहा। यहां लोगों के घरों तक में पानी भर गया।

# 10 मकानों पर पीपल के पेड़, खतरे में 150 परिवार

## पेड़ों की जड़ों और डालों के कारण मैरिस मार्केट गोल चक्कर बिल्डिंग की दीवारें दरकीं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कैसरबाग मछली मंडी के आस-पास बड़ी आबादी खतरे में है। जिस जगह मंगलवार को हादसा हुआ था उसी लाइन में 10 मकानों की छतों और दीवारों पर पीपल के पेड़ उगे हैं। जर्जर हो चुके इन मकानों को 12 रुपये किराएदारी में रहने वाले लोग खाली नहीं करना चाहते हैं। मैरिस मार्केट गोल चक्कर में 150 परिवार खतरे के साए में रह रहे हैं।

जड़े धंसे होने से छत से पानी टपक रहा है और जड़ों व डालों से दीवारें दरक चुकी हैं। बिल्डिंग के पावे की ईंट पेड़ की जड़ों से बाहर की ओर निकल रही हैं और गैप बढ़ता जा रहा है। इससे बड़ा हादसे की आशंका बनी रहती है। बिल्डिंग में और न ही आस-पास कोई शौचालय है।

महिलाएं और बच्चों को तक नजीराबाद रोड के दूसरी ओर बने शुलभ शौचालय जाना पड़ता है। रात में महिलाओं और बच्चों के लिए समस्या और बढ़ जाती है। निवासियों की मांग है कि बिल्डिंग के पास ही सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की जाए।

### मकानों का सर्वे करने पहुंची नगर निगम और वन विभाग की टीम

- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद बुधवार को मछली मंडी के आस-पास वन विभाग और नगर निगम की टीम भवनों का सर्वे करने पहुंची। टीम ने उन मकानों को चिन्हित किया जिनके ऊपर पेड़ उगे हैं। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंचकर जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को पूरे शहर में ऐसे भवनों को चिन्हित करके कार्रवाई के निर्देश दिए थे। यह तय नहीं हो पा रहा है कि वन विभाग या नगर निगम में से कौन पेड़ों की छंटाई करेगा।



मकान की दीवारों में उगे पीपल के पेड़। अमृत विचार

- बरसात में छत से पानी टपकता है और घरों में आ जाता है। पेड़ की डालें निकली हैं, जिससे छत डैमेज हो रही हैं और पावे बाहर की ओर झुक रहे हैं।

  –आशीष सोनकर

- कई वर्षों से बिल्डिंग में रह रही हैं लेकिन शौचालय नहीं है। सभी महिलाओं और बच्चों को तरखाले स्थित सार्वजनिक शौचालय जाना पड़ता है।

  –सुदेश सोनकर

### बोले पीड़ित

- नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। नगर निगम को स्वीपर भेजने के लिए फोन किया लेकिन कहते हैं मेरे पास नहीं और एलडीए कहता है मेरे पास नहीं है। लोगों के पास रहने का दूसरा साधन नहीं है, इसलिए जर्जर बिल्डिंग में रहने को मजबूर हैं।

  –अमित कुमार सोनकर विक्की

- जर्जर हो चुकी बिल्डिंग का मेंटीनेंस कराया जाए। बिल्डिंग की छतों और दीवारों पर उगे पेड़ वन विभाग और नगर निगम द्वारा कटवाए जाएं।

  –माला सोनकर

- छतों तक पेड़ों की डालियां पहुंच गई हैं, इससे बारिश में छत टपकती है। बिल्डिंग में हर तरफ पेड़ निकल रहे हैं, इन्हें कटवाया जाए।

  –सारिका सोनकर

- सास की सास के समय से यहां रह रही हूं। बिल्डिंग की छत और दीवारों से पानी टपक रहा है, जिससे कभी भी गिर सकती है।

  –रेशमा

संरक्षण

200 वर्ष पुराना आम और 130 वर्ष पुराने पारिजात के वृक्ष मिले

# शहर के विरासत वृक्षों को विशेष दर्जा देगा वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवाबों के शहर अपने ऐतिहासिक भवनों और इमारतों के साथ सदियों पुराने वृक्षों को भी विरासत का दर्जा देने जा रहा है। नगर वन विभाग ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से 200 वर्ष से अधिक पुराने 20 पेड़ों की पहचान की है। पीपल, नीम, बरगद, वट वृक्ष और दुर्लभ पारिजात के पेड़ शामिल हैं।

सूची में सबसे उम्रदराज पेड़ मलिहाबाद के दशहरी गांव में आम का पेड़ है। जिसकी उम्र 200 वर्ष से अधिक आंकी गई है। इसे लखनऊ का सबसे पुराना फलदार वृक्ष माना जा रहा है। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में पारिजात (हरसिंगार) के तीन पेड़ हैं, जिनकी उम्र 125 से 130 वर्ष है। इनके साथ ही एक अर्र प्रजाति का 130 वर्ष पुराना वृक्ष भी मौजूद है। विशेषज्ञों के अनुसार पारिजात वृक्षों की आयु लगभग 1000 से 5000 वर्ष तक हो सकती है और इनकी छाल और पत्तियों में कई रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसके साथ ही लखनऊ के कुकरैल के जंगल, जिसे शहर का सबसे पुराना पिकनिक स्पॉट कहा जाता है, वहां 12 वृक्षों को चिह्नित किया गया है जिनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक है। इनमें से सबसे पुराने पेड़ की उम्र 150 वर्ष आंकी गई है।

### कहां-कहां मिले पुराने वृक्ष

- चौधरी पुरवा, शिव विहार, रसूलपुर सादात में पीपल के 100 वर्ष पुराने पेड़, कल्याणपुर में बरगद के 100 वर्ष, जगपाल खेड़ा में नीम के 100 वर्ष, बेहटा बाजार में बरगद के 100 वर्ष, मल्लाहुर में बरगद के 150 वर्ष के साथ गोमतीनगर के विज्ञानपुर भरवारा में पीपल के दो पेड़ 100 और 150 वर्ष के है। डीएफओ ने आगे बताया कि रजौली कुकरैल मे बरगद के 100 वर्ष, बरघुरदारपुर में पीपल के 100 वर्ष तक वृक्ष है

### क्या है विरासत वृक्ष

- जिन पेड़ों की उम्र 100 वर्ष या उससे अधिक होती है, उन्हें विरासत वृक्ष घोषित किया जा सकता है। इसकी पुष्टि कई स्तरों की वैज्ञानिक जांच के बाद की जाती है, जिसमें वृक्ष की छाल, अंग, जड़ और पत्तियों की स्थिति का आंकलन शामिल होता है। वन विभाग ने इन सभी पेड़ों को विरासत वृक्ष घोषित कर संरक्षित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिलेगा, बल्कि लखनऊ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिलेगी।

### अन्य विरासत वृक्ष

- लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश हॉस्टल के पास वट वृक्ष– 105 वर्ष
- आलमबाग बैकुंठ धाम में पीपल का 100 वर्ष पुराना पेड़
- मलिहाबाद मांझी निकरोजपुर में बरगद का 100 वर्ष पुराना पेड़
- बीकेटी तिवारीपुर में पीपल का 100 वर्ष पुराना पेड़

# एलडीए के कई जोनल बदले गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को जोनल अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। अब जोन-1 की जिम्मेदारी विशेष कार्याधिकारी संगीता राघव को दी है। जोन-1 देख रहे नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह को जोन-4 दिया है। जोन-2 में विहित प्राधिकारी विपिन शिवहरे को तैनात किया है। जोन-2 देख रहे विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी योजना संबंधी कार्य देखेंगे। जोन-3 उपजिलाधिकारी विराग करवरिया, जोन-5 उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह को दिया है। जोन-6 में बदलाव नहीं किया है जो विशेष कार्याधिकारी वंदना पांडेय के पास है। जोन-7 उप सचिव माधवेश कुमार को दिया है। इनमें उपसचिव अतुल कृष्ण व माधवेश कुमार को दोबारा जोन में तैनाती दी गई है।

# जोधपुर से मऊ के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दशहरा, दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन ने अहम फैसला लिया है। त्योहारों पर स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा। जोधपुर और मऊ के बीच 20 सितंबर से ट्रेन का संचालन शुरू होगा। यह ट्रेन सप्ताह में एक बार चलायी जाएगी। ट्रेन संख्या 04823, जोधपुर - मऊ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर से लेकर 30 नवंबर तक चलेगी। 28 सितंबर से शुरू होने वाली यह ट्रेन जोधपुर से प्रत्येक रविवार शाम 5:30 बजे रवाना होकर अगले दिन रात करीब 11:20 मिनट पर मऊ पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04824, मऊ - जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन मऊ से प्रत्येक मंगलवार सुबह 4.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 8: 55 पर जोधपुर पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर भी रुकेगी ट्रेन

- जोधपुर-मऊ स्पेशल ट्रेन पीपाड़ रोड जं, गोटन, मेड़ता रोड जं, रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर जं, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जं., मंडावर एम रोड, खेड़ली, नादबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सैंट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं, शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ और मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित और साधारण दोनों तरह के कोच होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। तहरीर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के कार्यालय प्रभारी धर्मप्रकाश चौधरी ने शौकत पर महाराजा सुहेलदेव के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार बंदी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा में 24 मई को भागे बंदी शिवकुमार उर्फ बब्लू को एसटीएफ ने मंगलवार देर रात क्लार्क अवध होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर बेटे की हत्या का आरोप है। डीएसपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी शिवकुमार गोसाईगंज जिला कारागार में बंद था। उसे अस्थमा की बीमारी है। सांस लेने में दिक्कत होने पर 19 मई को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 मई की डिस्चार्ज के समय भाग निकला था।

### बाथरूम में नहाते युवती का वीडियो बनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा थाना क्षेत्र की युवती 16 सितंबर को सुबह छत पर बने बाथरूम में नहा रही थी। इस दौरान पड़ोसी किराएदार के बेटे मो. फुरकान उसका मोबाइल पर वीडियो बनाने लगा। नजर पड़ने पर युवती ने शोर मचाया तो बाउंड्री फांदकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने फुरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### एचके इंफ्राविजन पर एक और रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेलीबाग के डिफेंस कॉलोनी निवासी रिटायर्ड सूबेदार पुष्पराज ने सितंबर 2017 में प्लॉट खरीदने के लिए इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड के बंगला बाजार रश्मिखंड स्थित कार्यालय में संपर्क किया। निदेशक विनोद कुमार उपाध्याय, उसके भाई प्रमोद कुमार मोहनलालगंज के मौरावां रोड स्थित कान्हा उपवन वैली की आवासीय योजना में 1800 वर्गफीट का प्लॉट दिखाया। प्लॉट बुक कर 14.85 लाख रुपये चेक से दिए। कंपनी ने उपनिबंधक कार्यालय मोहनलालगंज में बैनामा कर दिया। किंतु प्लाट देने में टालमटोल करते रहे। दिसंबर 2024 में संपर्क करने पर धमकाया। छानबीन की तो पता चला कि वही प्लॉट कानपुर निवासी उपेंद्र कुमार को बेचा जा चुका है। पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली में विनोद कुमार, प्रमोद कुमार और ओंकार नाथ पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### बेकाबू कार की टक्कर से युवक का टूटा पैर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र के न्यू बेहसा निवासी राजकुमार का 40 वर्षीय बेटा पंकज बीते कई वर्षों से दिमागी रूप से कमजोर है। बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे वह शहीद पथ पर टहल रहा था। इस बीच रायबरेली रोड की ओर से कानपुर की तरफ जा रही काले रंग की कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में पंकज का पैर टूट गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया।

### प्लॉट के नाम पर धाराग्रीन कंपनी ने ठगे 7 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा एक्सप्रेस-वे व मोहनलालगंज में आवासीय प्रोजेक्ट बताकर रियल एस्टेट कंपनी धाराग्रीन ने आलोक कुमार सिंह निवासी कृष्णानगर से 7 लाख रुपये ठग लिए। प्लॉट न मिलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। आरोपियों ने पहले टालमटोल की और फिर आफिस में ताला लगाकर गायब हो गए। पारा पुलिस ने तहरीर के आधार पर निदेशक प्रशांत कुमार सोनी, एजेंट श्याम प्रकाश दीक्षित, अभिषेक श्रीवास्तव, जसवंत कुमार यादव, ओमप्रकाश, अनुराग श्रीवास्तव, रामू मिश्रा, विकास वर्मा व आठ अज्ञात महिला-पुरुष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कॉलरशिप के नाम पर छात्र के खाते से उड़ाए 83 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज इलाके में एक मेडिकल छात्र को स्कॉलरशिप दिलाने के नाम पर साइबर जालसाजों ने खाते से 83 हजार रुपये पार कर दिए। बालागंज जनरैलगंज निवासी मेडिकल छात्र गौरव कनौजिया ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और फोन करने वाले ने स्कॉलरशिप दिलाने की बात कही। इच्छा जताने पर फोन करने वाले ने छात्र के मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक खोलकर छात्र ने डिटेल भरी, फिर उससे एकाउंट एक्टीवेट करने को कहा गया। एकाउंट एक्टीवेट होते ही उसके खाते से 83 हजार रुपये निकल गए।

# डंडे से पीटकर तोड़े पत्नी के पैर, चाकू से किए सात वार

## मृत समझ भाग निकला, पुलिस ने महिला को पहुंचाया अस्पताल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर के आदर्श नगर में कहासुनी होने पर पति ने डंडे से पत्नी को पीटा और उसके पैर तोड़ दिए। इसके बाद किचन से चाकू लाकर शरीर पर सात-आठ वार किए और उसे मृत समझकर भाग निकला। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है- पिता की तहरीर पर इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज।

बाराबंकी के बदोसराय स्थित ग्राम शहरी निवासी प्रद्युमन कुमार ने बताया कि बेटी वंदना (22) ने एक वर्ष पहले अपनी इच्छा से सतीश यादव से शादी की थी। मूल रूप से बाराबंकी के कुर्सी स्थित बहरौली निवासी सतीश इंदिरानगर के तकरोही स्थित आदर्श नगर में किराए पर रहकर चाय बेचता था। 14 सितंबर की रात वंदना और सतीश के बीच कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर सतीश ने डंडों से पीटकर पत्नी के पैर तोड़ दिए। वंदना दर्द से कराहती रही, लेकिन वह पीटता रहा। इसके बाद किचन से सब्जी काटने वाला चाकू से गला, हाथ, ठोड़ी व शरीर के अन्य हिस्सों में सात वार किए। खून से लथपथ वंदना के निढाल हो गई। सतीश उसे मृत समझकर भाग निकला। जानकारी होने पर पड़ोसियों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। कुछ देर में मौके पर पहुंची पुलिस ने वंदना को राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पिता प्रद्युमन और मायके वाले भी पहुंच गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर बुधवार को सतीश के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर क्राइम बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पत्नी के दोस्त ने व्हाट्सएप पर भेजी फोटो, धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट निवासी युवक 10 सितंबर को दिल्ली गया था। रात 9:12 बजे व्हाट्सएप पर उसे एक फोटो गई, जिसमें एक युवक के साथ उसकी पत्नी असंतोषजनक स्थिति में थी। फिर एक मैसेज आया, जिसमें रास्ते से न हटने पर हत्या की धमकी दी गई थी। फोन करने पर पत्नी ने बताया कि साथ में दोस्त फहद खान है। उसे दो साल से जानती है। दिल्ली से लौटकर पूछताछ की तो पत्नी मायके चली गई। आरोप है कि फहद लगातार पीछा कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि फहद के खिलाफ आईटी एक्ट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



घायल वंदना।

### युवक ने छात्र पर चाकू से किया वार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बस्ती के दुबौलिया बाजार धर्मोपुर निवासी अनमोल पटवा रामस्वरूप विश्वविद्यालय का छात्र है। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर की रात महिला मित्र की बहन से उसके ब्वॉयफ्रेंड ने झगड़ा किया। छात्र महिला मित्र के साथ उसकी बहन को अस्पताल ले जाने पहुंचा। वहां ब्वॉयफ्रेंड ने नशे की हालत में पांच-छह साथियों के साथ मिलकर झगड़ा करने लगा। विरोध महिला मित्र के साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी। 16 सितंबर को मटियारी के कंचन मार्केट में छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। घसीटते हुए सड़क पर लाए और धमकाते हुए चेन छीनकर बाइकों से भाग निकले। छात्र ने प्रनव मिश्रा, उत्कर्ष शुक्ला, शिवम सिंह व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ चिनहट कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि तीनों आरोपी बीबीडी विवि के पास रहते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### मोबाइल लूट के विरोध पर युवक पर हमला

**अमृत विचार, पीजीआई :** तेलीबाग गांधी नगर निवासी विशाल कुमार गोल्फ सिटी स्थित जेप्टो कैफे में काम करता है। मंगलवार रात एक बजे शहीद पथ सेक्टर-7 पुल के नीचे टैक्सी से उतरकर वह घर लौट रहा था। आकाश एंक्लेव पेट्रोलपंप के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर पास की बिल्डिंग का गार्ड दौड़ा तो हमलावर धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित ने घटना की तहरीर पीजीआई थाने में दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने गश्त के नाम पर खानापूर्ति का आरोप लगाया है।

### विमान के शौचालय में सिगरेट पीते पकड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** दम्माम से बुधवार सुबह इंडिगो उड़ान से लखनऊ आ रहा विमान के शौचालय में यात्री सिगरेट पीते पकड़ा गया। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मोहम्मद नासिर नामक यात्री दम्माम से सुबह 6:30 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 98) के जरिए बुधवार को लखनऊ आ रहा था। तभी रास्ते में वह विमान के अंदर शौचालय में धूम्रपान करते पकड़ा गया। टॉयलेट में सिगरेट पीते पकड़े जाने पर उसे लखनऊ पहुंचकर एयरपोर्ट अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसका चालान भरकर उसे छोड़ दिया है। पुलिस का कहना है कि भरा गया चालान कोर्ट में भेज दिया जाएगा। इसके बाद कोर्ट उक्त यात्री के बारे में फैसला लेगी।

# युवक ने गर्भवती पत्नी को बांके से काट डाला

## बचाने आई मां पर भी किए वार, गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गुडंबा के दसौली गांव में बुधवार को मामूली कहासुनी पर युवती ने सात माह की गर्भवती पत्नी की बांके से हमला कर दिया। बचाने आई वृद्ध मां पर भी वार कर दिए। मोहल्ले वालों ने घेरकर उसे दबोचा खंभे में बांध दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल सास बहू को पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां बहू की मौत हो गई। फूलमती का इलाज चल रहा है।

बाराबंकी के फतेहपुर इलाके के चिरैया बिलहरा गांव निवासी अंकुर प्राइवेट नौकरी करता है। वह पत्नी नीलम(22) और मां फूलमती के साथ गुडंबा के दसौली गांव में राम सिंह के मकान में करीब दो महीने से किराए पर रह रहा था। राम सिंह ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के मौके पर घर के सामने भंडारा कराया था। जिसमें गांव के लोग शामिल थे। शाम चार पांच बजे भंडारे में अंकुर ने लोगों को प्रसाद बांटा। इस दौरान सौतेले पिता दिनेश, छोटा भाई आकाश, बहन चांदनी और मां फूलमती एक कमरे में थे। दूसरे कमरे में सात माह की गर्भवती पत्नी नीलम लेटी थी।देर शाम कमरे में पहुंचे अंकुर का पत्नी से विवाद हो गया। इस दौरान अंकुर ने बांके से गर्भवती नीलम पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

नीलम का दाहिना हाथ कोहनी से कटकर लटक गया और शरीर पर कई जगह गंभीर चोट लगी। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर मां फूलमती बचाने दौड़ी तो अंकुर ने उन पर भी वार कर दिया। हमले में फूलमती का हाथ भी कई जगह से कटा। लोगों ने हिम्मत बांधी और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। अंकुर को रस्सी से खंभे में बांध दिया। इसके बाद डॉयल-112 पर सूचना दी। स्थानीय लोगों ने घायल सास-बहू को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से उन्हें केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा में डॉक्टरों ने नीलम और गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। जबकि फूलमती की हालत नाजुक देख उन्हें भर्ती कर लिया। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। एसीपी ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है पूछताछ की जा रही है।

### पास में लेटने को लेकर होता था विवाद

आरोपी की बहन चांदनी ने बताया कि उसकी भाभी नीलम 7 महीने की गर्भवती थी। उसका भाई अंकुर, भाभी नीलम से पास में लेटने को लेकर अक्सर विवाद होता था। बुधवार को भी विवाद हुआ और उसने नीलम के ऊपर बांका से ताबड़तोड़ कई वार कर हत्या कर दिया। मकान मालिक रामसिंह ने भंडारा में आए लोगों की मदद से आरोपी अंकुर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### एक साल पहले हुई थी दोनों की शादी

परिवारवालों ने बताया कि अंकुर व नीलम की एक साल पहले ही शादी हुई थी। नीलम का मायका भी बाराबंकी के फतेहपुर में है। अंकुर का पत्नी से कुछ मनमुटाव चल रहा था। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। एसीपी गाजीपुर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में इस्तेमाल किया गया बांका भी बरामद हुआ है।

### अधिवक्ता परिवार से मारपीट मामले में एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र के रहने वाले 72 वर्षीय अधिवक्ता के परिवार से मारपीट और उनकी पत्नी के कपड़े फाड़ने के मामले में एसीपी कैंट व सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह से शिकायत के एक माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस पहले विपक्षियों के दबाव में कार्रवाई से बचती रही और उन्हें धमकी देती रही। विधायक से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित ने बताया कि घटना 18 अगस्त की रात की है।

# अंबेडकर विश्वविद्यालय में दो छात्र गुटों में मारपीट, कई घायल

संवाददाता, आशियाना

- विश्वकर्मा पूजन के दौरान मैकेनिकल विभाग में हुआ विवाद

**अमृत विचार :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के मैकेनिकल विभाग में बुधवार दोपहर विश्वकर्मा पूजन के दौरान छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। हेल्मेट और डंडों से हुए हमले में कई छात्र घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची आशियाना पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराते हुए घायलों को लोकबंधु अस्पताल भिजवाया।

मैकेनिकल विभाग में छात्र विश्वकर्मा पूजन की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच दूसरे गुट ने विरोध जताते हुए विवाद खड़ा कर दिया। आरोप है कि एक छात्रा को धक्का देने पर माहौल बिगड़ गया और दोनों ओर से हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे पर हेल्मेट से वार किए। जिससे कई लोग चोटिल हो गए। हंगामे की सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मारपीट कर रहे छात्रों को खदेड़कर बाहर किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। शाम होते-होते दोनों गुटों के छात्र आशियाना थाने पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दी।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि घायल छात्रों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के निर्देश पर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिलहाल कैंपस में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# 10 लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, गोसाईगंज

- हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी खेप

**अमृत विचार :** गोसाईगंज पुलिस, सर्विलांस टीम और आबकारी विभाग की टीम ने दो अंतरराज्यीय तस्कारों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 473 बोतल विदेशी शराब, 2030 रुपये और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद शराब की कीमत 10 लाख रुपये बताई गई है।

जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत निवासी मोहन लाल और झज्जर निवासी कुशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों हरियाणा से शराब की खेप सोनेट कार से बिहार लेकर जा रहे थे। लारमऊ गांव के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया तो चालक ने स्पीड बढ़ा दी। पीछा कर पुलिस ने उन्हें कासिमपुर गांव के पास दबोच लिया। दोनों ने बताया कि हर खेप के 15,000 रुपये मिलते थे। इस माह दो खेप पहुंचा चुके थे। आरोपितों ने कार जूम ऐप से किराए पर ली थी।

मोहन के खिलाफ पहले से आबकारी अधिनियम कई मामले दर्ज हैं। कार पर कूटरचित नंबर प्लेट (पीबी27-एल-1428) लगी थी। कार के अंदर बिहार के फर्जी नंबर की प्लेट बीआर01-सीजे-0557 भी मिली है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



आबकारी टीम की गिरफ्त में शराब तस्करी के आरोपी और बरामद शराब।

# लविवि के दो छात्र गुटों में भिड़ंत प्रदर्शन मामले में 14 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हसनगंज कोतवाली में विवि चौकी प्रभारी ने दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्र गुटों में हुई भिड़ंत के बाद सड़क जामकर प्रदर्शन करने के मामले में 14 छात्रों के खिलाफ हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले में दोनों गुटों के खिलाफ चौकी प्रभारी ने तहरीर दी थी।

चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय शिशिर कुमार सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को छात्र गुटों में मारपीट हुई थी। राजनीति शास्त्र विभाग की गैलरी में शोध छात्र अमन दुबे और रिशेंद्र प्रताप सिंह में विवाद हुआ था। विवाद के बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई थी। इसके बाद अमन प्रियांशु गुप्ता, उज्जवल सिंह, रजत सिंह, शिवाजी यादव, शिवम सिंह, शिखर वर्मा और शिवम कुमार व 25 अज्ञात लोग सड़क पर आ गए थे। इस मामले में अमन, रिशेंद्र, प्रियांशु, शिवाजी, उज्जवल, रजत, शिवम, शिखर व शिवम कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। वहीं, दूसरी रिपोर्ट जतिन शुक्ला, रिशेंद्र प्रताप, कनिष्क, यश शुक्ला और चार अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई है।

# बिना साक्षात्कार चिकित्सक के चयन मामले की जांच के लिए कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में बिना साक्षात्कार चिकित्सक के चयन के मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। चार सदस्यीय जांच कमेटी पूरे प्रकरण की जांच करेगी। इस दौरान कुलसचिव कार्यालय में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक का तबादला कर दिया गया है।

संस्थान में 96 चिकित्सकों की भर्ती का विज्ञापन निकाला गया था। इसमें देश भर के करीब 150 चिकित्सकों ने आवेदन किया था। निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने विशेषज्ञ डॉक्टरों का पैनल गठित कर साक्षात्कार कराए थे। अगस्त के अंत तक साक्षात्कार हुए। इसके बाद चार सितंबर को चयनित डॉक्टरों की सूची जारी की गई थी। इसमें एनस्थीसिया (बेहोशी) विभाग में छह डॉक्टरों का चयन किया गया। चयनित चिकित्सकों की लिस्ट में असिस्टेंट प्रोफेसर पर डॉ. श्वेता अग्रवाल का नाम भी शामिल है। वह साक्षात्कार में शामिल भी नहीं हुई थीं। इसके बावजूद चयनित डॉक्टरों की लिस्ट में उनका नाम था। हालांकि हल्ला मचने के बाद रिजल्ट में संशोधित कर दिया गया।

निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि परिणाम में संशोधन कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए सीएमएस डॉ. विजयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। इसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय, कुलसचिव डॉ. आयुष लोहिया व एमएम विभाग के प्रमुख को शामिल किया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक सहायक का कुलसचिव कार्यालय से तबादला आईपीडी में किया गया है।

# दो बच्चों को बंदरों ने काटा

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार :** पीजीआई इलाके के तेलीबाग स्थित बलदेव विहार और ब्रज विहार के दो बच्चों को बंधरों ने लहूलुहान कर दिया। बलदेव विहार निवासी मनमोहन सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम एक साल की बच्ची मनस्वी दादी के साथ छज्जे में खेल रही थी।

इसी दौरान एक बड़े बंदर ने उसके सिर पर कई जगह काट लिया। दादी ने किसी तरह उसे बंदर से छुड़ाया। बच्ची को स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया। ब्रज विहार निवासी निजी व्यवसायी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि मोहल्ले में छह माह से दो बंदरों का आतंक है। हफ्ते भर में आधा दर्जन लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। सोमवार शाम 15 माह के बेटे को खिड़की के अंदर से खींचकर हाथ में कई जगह काट लिया। महिला के शोर मचाने पर बंदर वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने बताया कि बंदरों ने एक माह में एक दर्जन लोगों को घायल कर चुके हैं। लोग अपनी छतों में जाने में डरते हैं, बच्चे बाहर निकलकर खेल नहीं पा रहे हैं।



घायल मनस्वी

नेक काम

भटक कर कोलकाता से लखनऊ आ गया था मरीज

# सिजोफेनिया की चपेट में आए मरीज का इलाज कर परिवार से मिलाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोलकाता निवासी दिव्येंदु बागची (55) मानसिक बीमारी सिजोफेनिया की चपेट में आ गए। इसकी वजह से उनकी नौकरी छूट गई। आठ अगस्त को वह कोलकाता से भटक कर लखनऊ आ पहुंचे। लिहाजा सीआरपीएफ के जवानों ने उन्हें बलरामपुर अस्पताल के लावारिस वार्ड में भर्ती करा दिया। यहां मानसिक रोग विशेषज्ञ व अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। दवाओं से थोड़ी स्थिति सुधरी। उसने अपने परिवार का नाम और पता बताया। जिसके बाद अस्पताल की तरफ से परिवारीजनों को सूचना दी गई।

तबीयत में सुधार व परिवार का पता लगने के बाद मरीज को लावारिस की जगह सामान्य वार्ड में भर्ती किया गया। बुधवार को परिवारीजन बलरामपुर अस्पताल आए। प्रवेन्दु बागची ने भाई दिव्येंदु को देखा। तो उनकी आंखें भर गई। भाई को गले लगा लिया। अस्पताल में डॉक्टर व कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आठ सितंबर से भाई कोलकाता से लापता थे। काफी तलाश किया। लेकिन जानकारी नहीं मिल रही थी। हम लोग काफी परेशान थे। दिव्येंदु ने एम-टेक और बाद में एमबीए किया। मल्टी नेशनल कंपनी में नौकरी कर लाखों कमा रहे थे। बीमारी की वजह से सब छूट गया। उनकी पत्नी भी मानसिक रोग की चपेट में हैं। उनके काई भी संतान नहीं है।

अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने बताया कि मरीज को आरपीएफ के जवानों ने भर्ती कराया था। डॉक्टर व कर्मचारियों ने मरीज की देखभाल की। सभी दवाएं व जांचें अस्पताल से कराई जा रही हैं। सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि इलाज के बाद से मरीज की तबीयत में सुधार है। उन्होंने बताया कि मरीज को पुख्ता इलाज मुहैया कराया जाए तो बीमारी काबू में आ सकती है। परिवार को भी ध्यान देने की जरूरत है। मरीज के गले में पहचान पत्र व मोबाइल नंबर जरूर दर्ज करें। कोशिश करें उन्हें घर से बाहर अकेले न जाने दें। मरीज के परिवारीजन ने अस्पताल के इंतजामों की तारीफ की।

### महिला के पेट से निकाला 20 किलो का ट्यूमर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने फैजाबाद की महिला के पेट से लगभग 20 किलो का ट्यूमर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। दावा है कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन करके पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया है। फैजाबाद निवासी रामधीरज की पत्नी शैलेश कुमारी (45) के पेट में सूजन के साथ दर्द, भूख न लगना, कमजोरी की शिकायत थी। पेट बहुत फूला हुआ था। परिजन ने 10 सितंबर को बलरामपुर अस्पताल में सर्जन डॉ. एसके सक्सेना को दिखया। जांच में बड़े ट्यूमर की पुष्टि हुई। चूंकि महिला को खून की कमी थी इसलिए खून चढ़ाने के बाद मंगलवार को ऑपरेशन किया गया। डॉ. सक्सेना ने बताया कि ढाई घंटे चले ऑपरेशन में कई टुकड़े करके ट्यूमर को निकाला गया। ट्यूमर की वजह से महिला के खाने की नली, छोटी व बड़ी आंत, मल का रास्ता, पेशाब की थैली दब गई थी। मरीज के स्वास्थ्य में सुधार है। टीम में जेआर डॉ. श्रीनाथ, नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला व अंजना भी शामिल रहीं। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या, सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, एमएस डॉ. देवाशीष शुक्ला ने ट्यूमर निकालने वाली टीम को बधाई दी है।



ऑपरेशन के बाद स्वस्थ महिला के साथ चिकित्सक।



## सिटी ब्रीफ

### 2 हजार से अधिक पूर्व सैनिकों ने पंजीकरण कराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूनिवर्सिटी रोड स्थित कॉल्विन तालुकदार कॉलेज मैदान में आयोजित रोजगार मेले में 40 कंपनियों ने 2,750 रिक्तियों की पेशकश की। सेना, नौसेना और वायु सेना के 2 हजार से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया।आयोजन रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय ने एनएसडीसी के सहयोग से हुआ। इसमें पूर्व सैनिकों और कॉर्पोरेट संस्थाओं को एक साझा मंच पर लाया गया। लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान, मेजर जनरल नवनीत नारायण, एमजी-आईसी (प्रशासन), मुख्यालय मध्य कमान और ब्रिगेडियर विकास बत्रा, एडीजी, डीआरजेड (सी) भी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

### आईआईए ने मनाया स्थापना दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) में बुधवार को स्थापना दिवस और विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान ओरिएंटेशन मीट को वास्तु एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत रेकी ग्रांडमास्टर एवं एस्ट्रो वास्तु कंसलटेंट सुहानी पाण्डेय ने संबोधित किया। चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल ने आईआईए महिला प्रकोष्ठ के उद्देश्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। इंटीग्रल बिजनेस स्कूल के डीन डॉ. राजीव रंजन ने "लिंक्डइन के माध्यम से पेशेवर विकास" विषय पर मार्गदर्शन किया। वाइस चेयरपर्सन आयुषी शुक्ला ने भी विचार रखे। को-वाइस चेयरपर्सन प्रियंका टंडन और निधि सेठिया भी मौजूद रहीं।

### राम से बड़ी है राम नाम की महिमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लेटे हुए हनुमान मंदिर में बुधवार को 5 दिवसीय रामकथा शुरू हुई। कथा व्यास डॉ. विवेक तांगड़ी ने कथा की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी से किया। कथा में उन्होंने मंगलाचरण के माध्यम से प्रवेश लिया। कथा में उन्होंने शिव पार्वती संवाद का अद्भुत विवरण सुनाया। शिव विवाह का अद्भुत प्रसंग एवं कपीश्वर वैदिक गुरुकुल के बटुकों ने शिव बारात की सुन्दर झांकी भी दिखाई। प्रमुख यजमान डॉ. पंकज सिंह भदौरिया ने बताया की कथा में छप्पन भोग का प्रसाद भोग लगाया गया। गुरुवार को राम जन्म का प्रसंग एवं उनकी बाल लीलाओं की कथा सुनाई जाएगी। डॉ. अलकेश सोती, प्रमित सिंह, ऋद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, जगदीश, रजत सक्सेना, नीरज कटिहार आदि ने कथा का आनंद लिया।

### नव प्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में पैरामेडिकल विज्ञान संकाय के नव प्रवेशित छात्रों का बुधवार को स्वागत समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा पैरामेडिकल के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं हैं। मेडिकल में किसी भी कोर्स की पढ़ाई बेहद संजीदगी से करनी चाहिए। डीन पैरामेडिकल विज्ञान संकाय डॉ. केके सिंह ने कहा कि बैचलर ऑफ मेडिकल लैबोरट्री साइंस, बैचलर इन ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी का कोर्स संचालित किए गए हैं। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि यह अवसर केवल नई शैक्षिक यात्रा का प्रारंभ ही नहीं, बल्कि समर्पण, सेवा और अनुशासन के संकल्प का भी प्रतीक है।

# मोदी के जन्मदिन पर की सफाई, लगाए स्वास्थ्य शिविर

## अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ ही बांटे गए जरूरतमंदों को निशुल्क व्हीलचेयर व सहायक उपकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क व्हीलचेयर व सहायक उपकरण भी बांटे गए। टीबी मरीजों को गोद भी लिया गया।

राजधानी में "सेवा पखवाड़ा" की शुरुआत हजरतगंज चौराहे से हुई। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा प्रभारी मंत्री लखनऊ सुरेश खन्ना और महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की धुलाई और सफाई से की। लखनऊ महानगर की ओर से विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा बूथ संख्या 310 पर वाल्मीकि चौक सदर क्षेत्र में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया।

उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र में वाल्मीकि की प्रतिमा की साफ-सफाई करमाल्यार्पण किया। नीरज सिंह ने विपुल खंड-5 में, एमएलसी मुकेश शर्मा ने मार्टिन पूर्वा की बूथ संख्या 258 पर, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने मैथिली शरण गुप्त वार्ड में, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने अलीगंज वार्ड अंतर्गत कपूरथला चौराहे पर आयोजित अभियान में सहभागिता की और सफाई कर्मियों को सम्मानित किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पश्चिम विधानसभा राजाजीपुरम में राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीआईपी योजना कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने क्षेत्रीय पार्षदों के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 78 यूनिट रक्तदान किया। महानगर युवा मोर्चा के शिविर में 75 लोगों ने रक्तदान किया।





हजरतगंज स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल व वाल्मीकि प्रतिमा स्थल परसफाई करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व आनंद द्विवेदी।

### चिड़ियाघर में हुई स्वच्छ उत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इसका उद्देश्य उद्यान को स्वच्छ बनाए रखने के साथ लोगों को स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण, खर-पतवारों की सफाई के प्रति जागरूक करना है।

निदेशक अदिति शर्मा और क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला की मौजूदगी में अभियान शुरू हुआ। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विशेष पौधरोपण कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता विषय पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### स्वदेशी के समर्थन में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस और विश्वकर्मा जयंती पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने स्वदेशी के समर्थन में लालबाग हजरतगंज परिक्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने की। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वदेशी और एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में अपने हस्ताक्षर किए। महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया गुरुवार को राजाजीपुरम क्षेत्र में मीरा मैरिज हॉल न्यू टेंपो स्टैंड के पास 3 :00 बजे से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान में व्यापार मंडल युवा के प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, लखनऊ के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री शुभम मौर्य, ललित सक्सेना, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, मनीष अवस्थी, संजय निधि अग्रवाल, डॉ. इमरान खान, मोहम्मद आसिफ शामिल रहे।




व्यापारी से हस्ताक्षर कराते संदीप बंसल और अन्य व्यापारी नेता।

### 100 घंटे श्रमदान का संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय रेल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच स्वच्छता पखवारा मना रहा है। जिसकी थीम स्वच्छता ही सेवा है। मंगलवार को इसी के तहत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर सप्ताह में 100 घंटे श्रमदान का संकल्प लिया है। मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल और अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह के साथ अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता और श्रमदान करने की शपथ ली। मंगलवार को लखनऊ जं, बादशाहनगर, अनुरक्षण कोचिंग डिपो ऐशबाग, रेलवे चिकित्सालय, हेल्थ क्लीनिक और रेलवे कालोनियों में गहन साफ-सफाई अभियान चलाया गया है।

## टीबी के मरीजों को लिया गोद



एसजीपीजीआई में 75 से अधिक क्षय रोगियों को संकाय सदस्यों, रेजिडेंट्स और कर्मचारियों ने गोद लिया। निदेशक प्रो आरके धीमन ने पोषण पोटली वितरित की। डॉ ऋचा मिश्रा (माइक्रोबायोलॉजी) के नेतृत्व में हुआ। प्रो आलोक नाथ, डॉ अतुल सिंघल, डॉ अक्षय आर्य और डॉ विक्रम जीत सिंह मौजूद रहे।



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में 75 क्षय रोगियों को गोद लिया गया। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन की मौजूदगी में रोगियों को पोषण पोटली दी गई। इसके अलावा शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने वृहद स्वच्छता अभियान भी चलाया।

### लविवि, पुनर्वास, एकेटीयू में भी दी पोषण पोटली

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 75 क्षय रोगियों को गोद लिया गया। यहां भी मरीजों को पोषण पोटली दी गई। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में 75 और लविवि में 79 क्षय रोगियों को गोद लिया गया।

### बीबीएयू में आरंभ हुआ स्वच्छता पखवाड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया गया। प्रभारी सेनीटेशन डॉ. रविशंकर वर्मा सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति ने सभी सफाई सेवकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने सफाई सेवकों से संवाद स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में चल रही स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें प्रेरित किया कि वे पूरे मनोयोग से इस कार्य को आगे बढ़ाएं।

### इंडियन रेडक्रॉस ने बताए आपदा प्रबंधन के उपाए




सेवा पखवारा कार्यक्रम में मौजूद इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य।

सेवा पखवारा पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ शाखा ने अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आपदा बचाव कार्य को लेकर जागरूकता शिविर लगाया। इसमें रक्तदान शिविर और प्रदर्शनी भी लगाई गई। मनीष शुक्ला, श्वेता सिंह तलवार, रजनीश शर्मा व संजय जायसवाल ने आपदा प्रबंधन के उपाए तथा उपकरणों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। सोसायटी के प्रदेश उप-सभापति अमरनाथ मिश्र ने बताया कि ताल्लुकेदार कॉल्विन कॉलेज में लगे रक्तदान शिविर में ऋतुराज रस्तोगी, नफीस आदि के नेतृत्व में कई लोगों ने रक्तदान किया। सोसाइटी के स्टेट ब्लड प्रभारी मोहम्मद हारुन ब्लड, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, मजीद अली खान, सुनील शुक्ला, मनोज तिवारी, फारुख अली, पुनीत अग्रवाल, अब्दुल मुईद, गौरव, आलोक अग्रवाल, गुरुप्रीत सिंह सेठी, सुमित साहू, ज्योति खरे, ऐश्वर्य, नफीस अहमद, सौरभ अग्निहोत्री, अब्दुल मलिक, विश्वनाथ उपस्थित रहे।

# अस्पतालों की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर बुधवार को अस्पतालों चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर लगाने के साथ पौधे रोपे गए। टीबी मरीजों को गोद भी लिया गया।

लोहिया संस्थान के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुब्रत चन्द्रा ने बताया कि संस्थान की ओर से ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र उजरियांव, कॉल्विन तालेकेदार कॉलेज के रक्तदान शिविरों 75 यूनिट रक्तदान हुआ। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि संस्थान के डॉक्टरों ने 75 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली भेंट की। सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि संस्थान में पूरे सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा।

आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण अस्पताल ने विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए। संयुक्त चिकित्सालय की निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने गाइनोकॉलोजी ओपीडी में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की जांच की। सीएमएस डॉ. राजीव कुमार दीक्षित ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में जांच, इलाज व दवाएं मुफ्त प्रदान की जा रही है। बीमारी के प्रति जागरुकता जरूरी है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने सभी सहयोगी संस्थाओं को रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया।



आलमबाग स्थित चिकित्सालय में शिविर की शुरुआत करते राज्यमंत्री कपिल अग्रवाल।




रक्तदान करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत

आलमबाग स्थित 50 बेड संयुक्त चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत उद्यमिता एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने की। सीएमएस डॉ. आनंद त्रिपाठी ने मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को भी लोगों ने सुना। राज्यमंत्री कहा कि हम क्षेत्र के बच्चों, महिला एवं पुरुषों को आधुनिक इलाज मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी मौजूद रहे। उधर बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में भी प्रधानमंत्री के सुविचार सुने गए।

### विद्यार्थी परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्टूडेंट्स फॉर सोसाइटी आयाम के तहत सेवा पखवाड़ा का लखनऊ विश्वविद्यालय नवीन परिसर में आयोजन किया। इसमें लगाए गए रक्तदान शिविर में लगभग 20 लोगों ने रक्तदान किया। परिषद के महानगर संयोजक अर्पित शुक्ला, प्रो. आर .के सिंह, प्रो. मोहम्मद अहमद, कुलानुशासक नवीन परिसर डॉ .अभिषेक तिवारी, अभाविप अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, सहमंत्री पुष्पा गौतम, अभिनव सिंह खालसा, कृष्णा नायक उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### लविवि की टॉपर श्रद्धा यादव को अखिलेश ने किया सम्मानित



छात्राओं के साथ मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सर्वाधिक 9 पदक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रद्धा यादव को पूर्व मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इसके अलावा 8 पदक प्राप्त करने वाली छात्रा चित्रा साहू, 7 पदक प्राप्त करने वाली एलएलबी के रविचंद, 6 पदक विजेता प्रियांशी को भी अखिलेश ने सम्मानित किया। इन छात्राओं का 51 हजार रुपए नगद पुरस्कार के साथ आईपैड व सावित्री बाई फूले की मूर्ति देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके माता-पिता को भी अखिलेश यादव ने सम्मानित किया और आगे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। विवि की पूर्व नेत्री उत्तर विधानसभा की प्रभारी व सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला के प्रयास इन छात्राओं को पूर्वमुख्यमंत्री से मुलाकात कराई गई। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रनेता व लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक श्रीवास्तव बाबू भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित शिक्षा संस्कृति उत्थान के सदस्य।

### एक राष्ट्र एक नाम भारत पर हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास व भारतीय भाषा मंच ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा उत्सव समारोह का बुधवार को ज्ञान गुरूकुलम इंदिरा नगर में आयोजन किया। इसमें एक राष्ट्र एक नाम : भारत, चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास और हिंदी भाषा की व्यापकता, संभावनाएं व चुनौतियां विषयों पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि एकल अभियान के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेन्द्र सिंह ने हिंदी के प्रयोग और स्वाभिमान पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व डीजीपी व भारतीय भाषा प्रतिष्ठापन परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र द्विवेदी रहे।बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. महेश ठक्कर भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक व बच्चे।

### आदर्श बालवाटिका की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के प्राथमिक विद्यालय अतरौली में कोलोकेटेड आदर्श बाल वाटिका का शुभारंभ किया गया। जिसमें बच्चों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण कार्य कराया जाएगा। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रो. अनिल कुमार ने बाल वाटिका की आवश्यकता और महत्व पर चर्चा की। उद्घाटन अवसर पर नोडल एआरपी अदिति पांडे, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, प्रधानाध्यापक दिग्विजय सिंह, स्कूल के शिक्षक जयंती बाघ, अर्चना, पूजा श्रीवास्तव, पूनम चौरसिया, अभिषेक शुक्ला, रेनू गुप्ता, प्रीति सिंह व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।



यूनिवर्सिटी रोड स्थित काल्विन तालुकदार कॉलेज परिसर में स्टॉल का उद्घाटन करते रक्षा लेखा महानियंत्रक आरके अरोरा।

### युवाओं को बताए नवाचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** दो दिवसीय कौशल महोत्सव में रक्षा लेखा विभाग ने दो स्टॉल लगाए गए। उद्घाटन रक्षा लेखा महानियंत्रक आरके अरोरा ने किया। इन स्टॉलों के माध्यम से रक्षा लेखा विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचार, ई-गवर्नेंस पहल तथा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण स्पर्श पोर्टल के माध्यम से किया गया।

## आयोजन

### ललित कला अकादमी में हुई भारत के रंग कला के संग विषय पर चित्रकला कार्यशाला

# चित्रों से दर्शाई डिजिटल क्रांति और अंतरिक्ष की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ललित कला अकादमी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय केंद्र में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से विकसित भारत के रंग कला के संग विषय पर चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने डिजिटल क्रांति, यूपीआई, आधार, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में इसरो ने चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 एवं मेक इन इंडिया विषयों पर चित्र बनाए। विजेताओं को पुरस्कार तीन श्रेणियां में दिए जाएंगे।

.एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के वास्तुकला एवं योजना संकाय में कार्यशाला का उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सैकड़ों स्वतंत्र कलाकारों के अलावा कला एवं शिल्प महाविद्यालय, डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, गोयल इंस्टीट्यूट, टेक्नो इंस्टीट्यूट, नवयुग कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा केंद्रीय विद्यालय अलीगंज, रामाधीन इंटर कॉलेज, वाणीप्रदा विद्यालय, चेतना संस्थान, सीएमएस अलीगंज, राजकुमार एकेडमी समेत कई विद्यालयों के 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने विकसित भारत विषय पर अपनी सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता और रंगों के माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत की। ललित कला अकादमी की ओर से कैनवस, रंग और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। विद्यालय स्तर पर ड्राइंग शीट व कलर दिए गए।

कार्यशाला में पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पांडेय, संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र, बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष प्रो. कुमकुम धर, ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा मौजूद रहे।



कार्यशाला में मौजूद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य।

### पुरस्कार की श्रेणियां

- स्वतंत्र कलाकार श्रेणी : प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार में 50 हजार, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये।
- कॉलेज छात्र-छात्रा श्रेणी : प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये, द्वितीय 15 हजार, तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये।
- स्कूल छात्र-छात्रा श्रेणी :प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय 5 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 2500रुपये और सांत्वना पुरस्कार एक हजार रुपये।

## सिटी ब्रीफ

### पौधरोपण संग सेवा पखवाड़ा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने आंवला का पौधा लगाया तो कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह ने नीम का पौधा रोपा। इसके अलावा अन्य अधिकारियों ने जामुन और अमरूद के पौधे भी लगाये गये। सेवा पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें कई कार्यक्रमों का आयोजन अलग-अलग दिनों में किया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, उपकुलसचिव आरके सिंह, उपकुलसचिव डीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सम्मेलन में सीएमएस ने किया प्रतिनिधित्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेरिस में ओईसीडी द्वारा हाल ही में आयोजित 'पीसा फॉर स्कूल्स' सम्मेलन में सिटी मोन्टेसरी स्कूल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बना। पेरिस में 11-12 सितम्बर 2025 को आयोजित यह सम्मेलन भारतीय शिक्षा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। भारत के कुल 93 विद्यालयों ने इस प्रारंभिक चक्र पीसा एस परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 15 वर्षीय छात्रों की भाषा, गणित और विज्ञान के ज्ञान का आंकलन किया गया। यह टेस्ट परंपरागत रटने वाले सीखने के मानकों से आगे बढ़कर कौशल एवं निपुणता का मूल्यांकन करता है। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की 13 शाखाओं ने इसमें भाग लिया। सिटी मोन्टेसरी के कम्यूनिकेशन्स विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि आंकलन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सीएमएस छात्रों का प्रदर्शन बेहद अच्छा रहा।

### एकीकृत विक्रेता अनुमोदन मॉड्यूल चालू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुसंधान अभिकल्प व मानक संगठन (आरडीएसओ) ने अपने वेंडर विकास और अनुमोदन प्रक्रिया की दक्षता में वृद्धि हेतु आईआरईपीएस पोर्टल पर ' 'एकीकृत विक्रेता अनुमोदन मॉड्यूल की शुरुआत की है। पारदर्शिता बढ़ाने, व्यावसायिक लेन-देन को सुव्यवस्थित करने और एमएसएमई व अंतर्राष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं सहित व्यापक वेंडर बेस को आकर्षित करने के लिए यह किया गया है। वित्तीय वर्ष में आरडीएसओ ने विकासात्मक स्रोत के तहत 131 नए वेंडरों को शामिल किया है और 23 वेंडरों को अनुमोदित वेंडर का दर्जा प्रदान किया है। इन प्रयासों को जारी रखते हुए भारतीय रेल के खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में आपूर्तिकर्ताओं की भागीदारी को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए आरडीएसओ 19-21 सितंबर तक राजस्थान के भिवाड़ी में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 12वें भारतीय औद्योगिक मेले में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

# पुनर्वास विवि शुरू करेगा सौर ऊर्जा पर पाठ्यक्रम

## अगले सत्र से आवेदन करने वाले सभी दिव्यांगों को मिलेगा प्रवेश, दो पालियों में चलेंगी कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- देश की ऊर्जा जरूरतों को लेकर सरकार लगातार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर बल दे रही है
- राज्यपाल कुलपति व वरिष्ठ अधिकारियों से अगले सप्ताह राजभवन में करने वाली हैं बैठक



**अमृत विचारः** दिव्यांग छात्रों के लिए प्रदेश का दूसरा विश्वविद्यालय डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अगले शैक्षिक सत्र से एक कदम और आगे बढते हुए सौर ऊर्जा पर पाठ्यक्रम आरंभ करने जा रहा है। इसे सबसे पहले स्नातक स्तर पर लागू करने की योजना है जिसमें छात्रों को सौर ऊर्जा और उसके विविध क्षेत्रों में प्रयोग से लेकर उत्पादन आदि विषयों पर दक्ष किया जाएगा। देश की ऊर्जा जरूरतों को लेकर सरकार लगातार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर बल दे रही है। इसके भविष्य को देखते हुए विश्वविद्यालय इसके पाठ्यक्रम को तैयार कर रहा है।

विश्वविद्यालय के 12 वें दीक्षांत समारोह के दौरान कुलपति आचार्य डॉ. संजय सिंह ने इसकी घोषणा की है। तो वहीं, समारोह के दौरान कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के सुझाव पर विश्वविद्यालय अगले शैक्षिक सत्र से अपने प्रवेश नियमों में बदलाव करेगा। यहां पर दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोत्तरी की जाएगी। अगले सत्र से जितने भी दिव्यांग प्रवेश के लिए आवेदन करेंगे सभी का प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में कक्षाओं को दो पालियों में चलाया जा सकता है। राज्यपाल इसे लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति व वरिष्ठ अधिकारियों से अगले सप्ताह राजभवन में बैठक करने वाली हैं।

सौर ऊर्जा की पढ़ाई के लिए आप कई तरह के कोर्स कर सकते हैं, जिनमें इंजीनियरिंग डिग्री, डिप्लोमा, और सर्टिफिकेट कोर्स शामिल हैं। इसके लिए आप 12वीं के बाद जेईई की परीक्षा देकर बी.टेक या एम.टेक इन इलेक्ट्रिकल या सोलर एनर्जी कर सकते हैं, या आईटीआई या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से भी सौर ऊर्जा में अध्ययन के अवसर उपलब्ध हैं।

### इन क्षेत्रों में छात्रों को मिलेगा लाभ

- पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद सिस्टम डिजाइन, स्थापना, उपकरण निर्माण, गुणवत्ता आश्वासन, और परियोजना प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कॅरियर की संभावनाएं हैं। इसके अलावा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीशियन, परामर्शदाता या उद्यमी के रूप में भी छात्र अपना कॅरियर बना सकते हैं।

### नए पाठ्यक्रम

- सोलर टेक्निशियन के लिए एक साल के सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर कुछ महीनों के प्रैक्टिकल और थ्योरी वाले कोर्स भी चलाए जाएंगे। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सोलर इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक आरंभ हो सकता है। सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सिस्टम, ऊर्जा भंडारण और सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग के कोर्स चलाएं जा सकते हैं।

# इजराइल की तरह सूखा से निपटेगा विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में औद्यानिक क्षेत्र के विकास में सूखा जैसी विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए इजराइल की तर्ज पर विशेष रणनीति बनेगी। इसके लिए उद्यान विभाग से अधिकारियों का दल इजराइल के भ्रमण पर तकनीकी बारीकियों और क्लाइमेट के अध्ययन में जुटा है।

8 सितंबर को इजराइल गए संयुक्त निदेशक शाकभाजी डॉ. राजीव कुमार वर्मा, उपनिदेशक आलू कौशल कुमार नीरज व जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम नई तकनीकियों के अध्ययन कर रहे हैं। क्योंकि बुंदेलखंड की तरह इजराइल भी सूखा क्षेत्र है और विपरीत परिस्थितियों में नई तकनीकी अपनाकर उद्यान के क्षेत्र में देश अग्रणी है। इसी तरह औद्यानिक फसलों की खेती, खाद, कम पानी से सिंचाई, कम लागत में अधिक उत्पादन, किसानों को प्रशिक्षण आदि से लाभान्वित किया जाएगा।

संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि मिर्जापुर में बड़े पैमाने पर इजराइल के एवोकाडो फल की खेती करने का लक्ष्य रखा है। एवोकाडो में न्यूट्रीसियस होने के कारण एक किग्रा फल 800 से 1200 रुपये में बिकता है। इसके पौधे इजराइल से मंगाएंगे। इसकी खेती की तकनीक का अध्ययन कर लिया है। 19 सितंबर को स्वदेश लौटकर रणनीति बनाएगा।

# आवास डाटा सत्यापित करेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास सर्वेक्षण के डाटा का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने प्रत्येक विकास खंड पर दो अधिकारी नामित किए हैं। इससे पूर्व में किए गए सत्यापन की स्थिति पता चलेगी और लाभार्थियों का भ्रम दूर होगा।

जिले में आवास पाने के लिए 13 हजार लाभार्थियों ने स्वयं एप पर नाम दर्ज कराए थे। इसके अलावा गांव-गांव लगाए गए सर्वेयर ने करीब 20 हजार लाभार्थियों के ऑनलाइन नाम दर्ज किए। इन दोनों सर्वे के लाभार्थियों की पात्रता की जांच तीन चरणों में ऑनलाइन विवरण के आधार पर की गई। इस बार हाईटेक और ऑनलाइन व्यवस्था में अपात्र आवेदन ही नहीं कर पाए। फिर भी गाइडलाइन के अनुसार सत्यापित आवास के डाटा का जिला स्तरीय दो अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इन अधिकारियों का एप पर नाम, आधार, मोबाइल नंबर व ई-मेल दर्ज किया जाएगा। एप पर ही लाभार्थियों का डाटा सत्यापन के लिए एआई से ट्रांसफर किया जाएगा। इनकी जवाबदेही रहेगी।

### ये हैं सत्यापन अधिकारी

- बीकेटी – उपनिदेशक कृषि, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी
- चिनहट – उपायुक्त स्वतः रोजगार, बीएसए
- गोसाईगंज – उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी
- काकोरी – युवा कल्याण अधिकारी, उद्यान अधिकारी
- माल – कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई
- मलिहाबाद – डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी
- मोहनलालगंज – दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला सहायक निबंधक
- सरोजनी नगर – मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, उपायुक्त उद्योग

# सुबह के नाश्ते में प्रोटीन और फाइबर जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिनचर्या के महत्व और अनुशासन के मुद्दे पर परिचर्चा



जानकारी देतीं आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन, पोषण विशेषज्ञ ऋतिका समद्दार व अन्य।

**अमृत विचारः** आलमंड बोर्ड ऑफ़ कैलीफोर्निया ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित होटल रेनेसां में आयुर्वेद में दिनचर्या के महत्व और अनुशासन के मुद्दे पर परिचर्चा का आयोजन किया। इसमें टीवी और फिल्म अभिनेत्री रोशनी चोपड़ा, आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन और पोषण विशेषज्ञ ऋतिका समद्दार के साथ रेडियो जॉकी समरीन ने बातचीत की।

ऋतिका ने कहा कि सुबह का नाश्ता जरूर लेना चाहिए। जिसमें प्रोटीन और फाइबर दोनों हों। पोहा और अंकुरित अनाज का नाश्ता भी लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए 70 फीसदी भूमिका न्यूट्रीशन की होती है और 30 फीसदी भूमिका व्यायाम की होती है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति अगर एक मुट्ठी बादाम रोज खाता है तो उसकी सेहत सही रहेगी। नाश्ते में दलिया या पराठा भी लिया जा सकता है।

रोशनी ने बताया कि शूटिंग शेड्यूल की वजह से उनके खाने, सोने और आराम करने का समय निश्चित नहीं रहता है लेकिन उन्होंने कोविड के दौर में जिंदगी को समझा। जिंदगी की अहमियत जानी। यह जाना कि जिंदगीको बेहतर बनाने के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी है। रोशन पंजाब से हैं, जहां छोले-भटूरे और भारी भरकम खाने मिलते हैं। परिवार के लोग भी जमकर खिलाते हैं। लेकिन जितना खाया उतना अगर शरीर ने काम नहीं किया तो फिर खाना नुकसान करता है। अच्छी जिंदगी के लिए संतुलन बहुत जरूरी है। आयुर्वेद विशेषज्ञ मधुमिता कृष्णन ने बताया कि सुबह के वक्त कुछ करने का जोश ज्यादा होता है। कोशिश करना चाहिए कि सुबह 5 बजे बिस्तर छोड़ दिया जाए और योग करने और टहलने का कुछ वक्त निकाला जाए।

# मांगों को लेकर शिक्षक महासभा ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा व अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को शिक्षा निदेशक के माध्यम से प्रेषित किया। इन शिक्षकों की प्रमुख मांग है कि शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 में संशोधन किया जाए। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण किया जाए। इसके अलावा पुरानी पेंशन की बहाली की जाए और प्रधानाचार्य के पदों में आरक्षण का प्रावधान किया जाए।

23 सूत्रीय मांग पत्र में कहा गया है कि शिक्षकों व प्रधानाचार्य के ऑफलाइन स्थानान्तरण अतिशीघ्र किया जाए। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में आरक्षण का प्रावधान किया जाए। प्रत्येक शिक्षक को एनपीएस पासबुक जारी किया जाए। साथ ही तदर्थ प्रधानाचार्यों की स्थायी किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से प्रदेश संयोजिका रूमा कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. छोटेलाल, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील कुमार प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राम अवतार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर, कोषाध्यक्ष जयपाल शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण नियमावली लागू नहीं करने का छात्रों ने लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहायक अभियोजन अधिकारी के विज्ञापन पर छात्र नाराज

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अभियोजन अधिकारी परीक्षा में जारी विज्ञापन को लेकर छात्रों ने आपत्ति जताई है। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि भर्ती यदि बैकलॉग है तो आयोग को इसे स्पष्ट करना चाहिए। सामान्य और बैकलॉग की भर्ती में घालमेल किया जा रहा है। आयोग द्वारा जारी सहायक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2025 विज्ञापन में कुल 182 सीटों पर विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है, जिसमे सामान्य वर्ग की मात्र 27 सीट, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग हेतु 18, अनुसूचित जाति 67, अनुसूचित जनजाति 9 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 61 सीटों पर विज्ञापन जारी किया गया है।

प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अवनीश कुमार पाण्डेय और प्रशांत पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि लोक सेवा आयोग की कई परीक्षाओं की सीबीआई जांच चल रही है। इसके बावजूद आयोग संभलने का नाम नहीं ले रहा है। अगर भर्ती में बैकलाग है तो स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए था। यदि भर्ती सामान्य है तो सामान्य व विशेष भर्ती के नाम से इसका विज्ञापन जारी होता आया है। छात्रों का आरोप है कि यह आरक्षण नियमों का उल्लंघन है और अगर जल्द सुधार नही हुआ तो इस मामले पर फिर से हमलोग आंदोलन को बाध्य होंगे। इसके अलावा न्यायालय की शरण में भी जाएंगे।

अधिवक्ता रोहित द्विवेदी का कहना है कि विज्ञापन में आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया है। जैसा कि इंदिरा साहनी के प्रमुख वाद में स्पष्ट किया गया है कि आरक्षण की सीमा किसी भी दशा में 50 प्रतिशत से अधिक नही हो सकती। विस्तृत नियमों का अवलोकन करने के पश्चात अतिशीघ्र उक्त विज्ञापन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

# नेशनल पीजी कॉलेज में शोध लेखन पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रोफेसर संजीव कुमार ने शोध लेखन की बारीकियों पर दिया विस्तृत व्याख्यान

**अमृत विचारः** नेशनत पी. जी. कॉलेज के अर्थशास्त विभाग एवं इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही वर्कशॉप ऑन रिसर्च मेथडोलॉजी के तीसरे दिन शोध लेखन पर व्याख्यान हुआ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के प्रोफेसर संजीव कुमार ने शोध लेखन की बारीकियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि आज के समय में किसी भी विश्वविद्यालय या शोध संस्थान के लिए यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि उनके शोध अंतरराष्ट्रीय स्तर की उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं में प्रकाशित हों।

अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष संतोष यादव ने जानकारी दी कि यह कार्यशाला 15 सितंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आरंभ हुई। प्राचार्य सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शोध के क्षेत्र में नई दिशा और गुणवत्ता ताना है। मुख्य अतिथि प्रो. रचना गुज्जू तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. नोमिता पी. कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यशाला में लगभग 150 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# फिलिप्स के शतक से आस्ट्रेलिया ए ने भारत ए पर बनाई बढ़त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचारः** ऑस्ट्रेलिया ए के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने चार दिवसीय टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ए पर पूरी तरह दबदबा बना लिया। पहले जहां उन्होंने 532 रनों के पहाड़ को स्कोर बोर्ड पर टांग दिया, वहीं गेंदबाजी में भी भारत ए की शुरुआत को बिगाड़ दिया। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों ने संयम से खेलते हुए वापसी की कोशिश की, लेकिन दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया।

बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे दिन का खेल 337/5 के स्कोर से आगे बढ़ाया। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप्स ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने सिर्फ 87 गेंदों में 18 चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 123 रन बनाए। फिलिप्स ने 77 गेंदों में अपना शतक को पूरा किया। लियाम स्कॉट ने भी टीम के लिए अहम योगदान देते हुए 81 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उन्हें गुरनूर बरार ने श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करवाया। इसके बाद कॉलिन बार्टलेट (नाबाद 39) ने फिलिप्स के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया और ऑस्ट्रेलिया ए ने छह विकेट पर 532 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। भारत ए की ओर से हर्ष दुबे ने सधी गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट अपने नाम किए,वहीं गुरनूर बरार दो बल्लेबाजों को पैवलियन भेजने में कामयाब रहे।

इससे पहले लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन और जगदीशन नारायण ने 88 रनों की मजबूत साझेदारी की। अभिमन्यु 44 रन बनाकर लियाम स्कॉट की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद साई सुदर्शन मैदान पर आए और उन्होंने नारायण के साथ पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने एक विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए थे। जगदीशन नारायण 95 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर जहां खेल रहे हैं, वहीं साई सुदर्शन 20 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए लियाम स्कॉट ने एकमात्र सफलता पाई है।दूसरे दिन कुल मिलाकर 55 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। चायकाल के बाद बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण आगे का खेल नहीं हो सका।

### इंडिया स्किल कंपटीशन की तैयारियों की हुई समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास मिशन मुख्यालय में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह की अध्यक्षता में इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन 2025 की तैयारियों की समीक्षा हेतु वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियां, एमआईएस मैनेजर और जिला समन्वयक सम्मिलित हुए। निदेशक द्वारा प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने युवाओं के पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी साझा की।

# मानसी सिंह पहुंची क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मानसी सिंह

**अमृत विचारः** लखनऊ के बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में चल रहे योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की स्टार खिलाड़ी मानसी सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के देखरेख में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। शीर्ष वरीय मानसी सिंह ने बुधवार को दो मुकाबले खेले और दोनों में शानदार फॉर्म और स्मैश का प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में उन्होंने केरल की पवित्रा नवीन को हराते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीय महाराष्ट्र की श्रुति मुंडाडा को से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

उत्तर प्रदेश की 13वीं वरीय अमोलिका सिंह का सफर प्री क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। उन्होंने दूसरे राउंड में मध्य प्रदेश की माही पंवार को जहां हराया, वहीं प्री क्वार्टर फाइनल में आंध्र प्रदेश की 5वीं वरीय सूर्या चरिश्मा से से हार गई।पुरुष एकल में यूपी के खिलाड़ियों की हार का सामना करना पड़ा। यूपी के अभ्यांश सिंह को महाराष्ट्र के दूसरी वरीय दर्शन पुजारी ने हराया। वहीं क्वालीफायर अंश विशाल गुप्ता मणिपुर के 12वीं वरीय मैसनाम मेइराबा के हाथो से पराजित हुए। महिला युगल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला जहां पांचवीं वरीय यूपी की सोनाली सिंह और तेलंगाना की अनघा पाई की जोड़ी को कर्नाटक की ग्लोरिया और प्रेरणा नेल्लूरी ने तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराया।

# प्रतिभागियों ने दिखाई गायन में प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 51वीं संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में भजन व गजल गायन प्रतियोगिता में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत और निर्णायक मंडल का स्वागत आकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने किया।

सुगम संगीत के तहत भजन और गजल गायन की प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में प्रयागराज से डॉ. आकांक्षा पाल और लखनऊ से देवेश चतुर्वेदी मौजूद रहे। भजन गायन बाल वर्ग में दृष्टि पाण्डेय को प्रथम, दक्षा गुप्ता को द्वितीय एवं समृद्धि चंद्रा व दर्श दीक्षित को तृतीय स्थान मिला। किशोर वर्ग में आकर्ष सिंह सोमवंशी को प्रथम, आरना देवासकर व एमन जावेद फारूखी को द्वितीय एवं सहज प्रीत कौर को तृतीय स्थान मिला जबकि युवा वर्ग में प्रियंका श्रीवास्तव ने प्रथम रोहित शर्मा ने द्वितीय एवं रत्ना चतुर्वेदी एवं सारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ग़ज़ल गायन के बाल वर्ग में दृष्टि पाण्डेय ने प्रथम स्थान हासिल किया। किशोर वर्ग में अमन जावेद फारूखी प्रथम स्थान पर रहे। युवा वर्ग में अंकुश निर्मल ने प्रथम एवं रोहित शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन रेनू श्रीवास्तव ने डॉ. पवन कुमार और सुनील यादव के सहयोग से किया। संचालन डॉ. सुनील ने किया।

पहल

सीएसआईआर-सीमैप के एरोमा मिशन फेज 3 व फ्लोरीकल्चर मिशन फेज 2शुरू

# किसानों को निशुल्क वितरित किए गए औषधीय पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सीएसआईआर-सीमैप के एरोमा मिशन फेज 3 व फ्लोरीकल्चर मिशन फेज 2 के तहत उदयपुर और सईलरा के किसानों को निःशुल्क पौधों के वितरण किया गया। लाभार्थी किसानों के खेतों का भ्रमण भी किया गया। किसानों के हित में एरोमा व फ्लोरीकल्चर मिशन के अंतर्गत पिछले कई वर्षो की तरह इस वर्ष भी ये निशुल्क पौध वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएसआईआर-सीमैप से आए डॉ. रक्षपाल सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद पटेल व रिसर्च स्कॉलर स्वप्निल श्रीवास्तव ने गेंदे, गुलाब, रजनीगंधा, चमेली के साथ साथ औषधीय फसलो जैसे अश्वगंधा, कालमेघ, तुलसी के अलावा सगंध फसलो यथा लेमनग्रास, पामारोजा, जिरेनियम इत्यादि की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


सीएसआईआर के प्रशिक्षण शिविर में उपस्थत किसान। अमृत विचार

किसानों को उक्त फसलों के अवशिष्ट से मूल्यसंवर्धन, जैविक खाद (केंचुआ खाद) निर्माण, मशरुम की खेती व फूलों की खेती के साथ इससे बनने वाले गुलाब जल, अगरबत्ती आदि से आय के अन्य साधन को लेकर काफी उत्साहित दिखे। किसानों को फसल अवशिष्ट से कटलरी निर्माण की भी विधिवत जानकारी सीमैप के इन विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक उद्यान अधिकारी अतुल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन कराने में जेपी पटेल, राम प्यारे, अमृत लाल कुशवाहा, भरत लाल का योगदान रहा।

# सपा करेगी बूथ की निगरानी

## अखिलेश यादव बोले कि हम हर बूथ पर बनवाएंगे एजेंट


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के पास के नकली आधार बनाने की मशीन है, चुनाव में बूथों के पास लगाकर फर्जी वोट डाले जाते हैं। भाजपा की इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हम हर बूथ पर एजेंट बनाएंगे, वोट बनवाने से लेकर गिनवाने तक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) निगरानी करेंगे।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कहा कि सुना है, महोबा में एक ही पते पर चार हजार से ज्यादा वोट दर्ज हैं। यही हाल नोएडा में भी है। सवाल उठाते ही निर्वाचन आयोग और भाजपा, दोनों कहने लगेंगे कि इसीलिए तो एसआईआर करा रहे हैं। आयोग, सपा की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करता।

### प्लासियो बेचने की होगी जांच

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान बाजार और प्लासियो मॉल बेच दिया। प्लासियो माल के मामले में भ्रष्टाचार को लेकर उप मुख्यमंत्री ने चिट्ठी लिखी थी। वह चिट्ठी टेबल पर सुरक्षित है। सपा सरकार आने पर उसकी जांच होगी। जनेश्वर मिश्र पार्क के कुछ हिस्से को बेचने की भी तैयारी है, पैसा कमाने के लिए भाजपा कुछ भी बेच सकती है।



प्रेस कांफ्रेंस करते अखिलेश।

### ...तो बुलडोजर भाजपा का स्मारक भी ले जाएगा

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बुलडोजर से बहुतों के घर गिराये हैं। अगर भाजपा सरकार ने सपा का कार्यालय गिराया तो सरकार याद रखे, सपा सरकार में जो बड़े-बड़े स्थान बनाये हैं, वहां अगर भाजपा सरकार ने कुछ बनाया होगा तो जिस बुलडोजर से सपा का कार्यालय गिरेगा, वही बुलडोजर उनका भी बनाया स्मारक ले जाएगा।

### सैफई में सरकारी पैसे उड़ाते थे अखिलेश : पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा शासनकाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और गुंडाराज चरम पर था। सरकारी जमीनों पर कब्जे, खनन और ठेकों की लूट आम बात थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव किसानों की चिंता छोड़ मुंबई से कलाकार बुलाकर सैफई में नाच-गाने का आनंद लेते थे। पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने 20 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति माफियाओं से मुक्त कराई है।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या सड़क किनारे फेंका शव

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से अकेले निकला युवक पूरी रात घर नहीं लौटा। उसके अगले दिन उसका शव सड़क किनारे पुलिया के पास पड़ा देखा गया। पुलिस हादसा बता रही थी जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई जिससे उसकी पसलियां टूट गयीं। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।



नन्हे (फाइल फोटो)

बताया गया कि अरवल थाने के श्रीमऊ निवासी 36 वर्षीय नन्हे मेहनत-मजदूरी करता था। उसके पिता लाखन ने बताया कि मजदूरी करने वाले नन्हे की शादी नहीं हुई थी। मंगलवार की शाम वह घर से अकेले कहीं निकला उसके बाद सारी रात वापस नहीं लौटा। उसे ढूंढा जा रहा था। बुधवार की सुबह बताया गया कि श्रीमऊ-भदार रोड पर एक पुलिया के पास उसका शव पड़ा हुआ है। इसका पता होते ही वहां तमाम लोग पहुंच गए। नन्हे के सिर और पैर के अलावा कई निशान होने से उसकी हत्या की अटकलें लगाई जाने लगीं लेकिन पुलिस हादसा बता रही थी। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है।

# अगवा बच्चों का सुराग नहीं, ऑटो चालक भी लापता

**निंदूरा, बाराबंकी :** बकरी चराते समय बरगलाकर अगवा किए गए तीन बच्चों का बुधवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका न पुलिस ऑटो चालक का ही पता लगा सकी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगौली फूटी सरैया रेलवे गेट पर रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब तीन बच्चों को एक अज्ञात आटो चालक ने अगवा कर लिया। फूटी सरैया निवासी विरेन्द्र के बच्चे शेखर (6), मिनी (10) और शहरीफुन (11) पुत्री फिरोज निवासी ग्राम गुरेरा थाना बिसवां सीतापुर 14 सितम्बर को बकरी चरा रहे थे, तभी अज्ञात आटो चालक ने बच्चों को प्रलोभन देकर आटो में बैठा लिया। आटो भगाते समय निहारिका नामक बच्ची ने छलांग लगाकर खुद को बचा लिया, लेकिन तीन अन्य बच्चों को चालक साथ ले गया। पुलिस ने बताया कि तलाश की जा रही है।

# रामनगरी में नवरात्र से चलेंगी डबल डेकर बसें

**अयोध्या, अमृत विचार :** लंदन की कंपनी के द्वारा बनाई गई डबल डेकर बसें नवरात्र से अयोध्या में चलना शुरू हो जाएंगी। एक बस की लगात करीब तीन करोड़ रुपये है। इसके चलने से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को अच्छा अनुभव मिलेगा। ये बातें बुधवार को राज्यमंत्री परिवहन दयाशंकर सिंह ने कहीं। वह राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्याा धाम बस अड्डे को हवाई अड्डे की तर्ज पर तैयार करने की बात दोहराई। इससे पूर्व उन्होंने, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार आदि के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



बुजुर्ग महिला को आयुष्मान कार्ड देते राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह।

# पीएम के जन्मदिन पर लगाये गये 75 पौधे

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके पैतृक गांव वड़नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देशभर से आए 1000 से अधिक प्रतिभागियों को पीएम मोदी पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। 75 किलो का केक 75 दिव्यांगजनों ने मिलकर काटा। इसके साथ ही 75 गुब्बारे आकाश में छोड़कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 75 पौधे मां के नाम लगाए गए। 75 खिलाड़ियों ने खेलों में भाग लिया, 75 पुरस्कार वितरित किए गए। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वड़नगर रेलवे स्टेशन से शुरुआत कर 75 लोगों ने पौधरोपण किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गोण्डा

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

पत्रांक 558/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/निर्माण/2025–26 दिनांक 09.09.2025

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोडकर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र–गौरा। | | | | |
| 01 | गोण्डा | श्रदेय नाना जी देशमुख स्मृति द्वार चांदनी चौक पायरखास में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 02 | गोण्डा | भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार भरपुरवा प्रधानमंत्री मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 03 | गोण्डा | भारत रत्न लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार केशवनगर ग्रन्ट हरैया घाट पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 04 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार हरैयाघाट मार्ग पर चांदपुर के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 05 | गोण्डा | मेजर प्रशांत सिंह स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बखरवा (राम बहोर वर्मा दुकान के पास) में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 06 | गोण्डा | माता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार गौरा चौकी बाजार में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 07 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बिछिया चौहान में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 08 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बेलहरी में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 09 | गोण्डा | संत रविदास जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत ढढोवा महेनिया में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 10 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत करनपुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 11 | गोण्डा | संत गाडगे महाराज स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सिंगारघाट के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 12 | गोण्डा | किसान नेता चौधरी चरण सिंह स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सुमेरपुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 13 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत संतनगर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 14 | गोण्डा | लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार ग्राम पंचायत इटैला खुर्द में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 15 | गोण्डा | श्री चित्रगुपत महाराज जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत चारू में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 16 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सोहिली में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 17 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत तिरूखा बुजुर्ग चौराहा के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 18 | गोण्डा | डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत दरियापुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 19 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत चॉदडाबर के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 20 | गोण्डा | श्री चित्रगुप्त महाराज जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत पिपरा अदाई (राजेश श्रीवास्तव के घर के पास) स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 21 | गोण्डा | निषाद राज गुहा स्मृति द्वार ग्राम पंचायत घारीघाट के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 22 | गोण्डा | महाराजा सुहेलदेव राजभार स्मृति द्वार ग्राम पंचायत अलाउद्दीनपुर के पास मुख्य मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 23 | गोण्डा | भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सोतिया के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 24 | गोण्डा | महाराजा पृथ्वीराज चौहान स्मृति द्वार सगरागढ़ (लोनियनडीह के पास) मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 25 | गोण्डा | महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत दौलतपुर ग्रन्ट (डफलडिहवा चौराहा) के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 26 | गोण्डा | सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत अल्लीपुर (बुधनीबाजार) के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 27 | गोण्डा | भारत रत्न ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत औराडीह के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |

3. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 01.10.2025 से 08.10.2025 तक।
4. ई–निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय–08.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–08.10.2025 को अपरान्हन् 12.30 बजे।
6. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

UP – 237809 **दिनांक:** 16/09/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गोण्डा


# नेपाल सीमा तक जाएगी भारतीय रेल, निरीक्षण आज

- नानपारा-नेपालगंज रेलवे स्टेशन तक रेल लाइन, विद्युतीकरण पूरा

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय रेल एक बार फिर नेपाल सीमा तक जायेगी। जिसका फायदा यात्रियों को मिलना तय है। नानपारा-नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन तक रेल लाइन, विद्युतीकरण समेत अन्य कार्य को पूरा कर लिया गया है। 19.33 किमी लंबे इस नवनिर्मित रेलखण्ड का दो दिवसीय निरीक्षण आज से शुरू होगा। उत्तर पूर्व सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त इस रेलखण्ड का निरीक्षण करेंगे। वहीं कल इसका स्पीड ट्रायल होगा जिसके बाद इस पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसका निरीक्षण कल यानी 18 सितंबर से उत्तर पूर्व सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे

दरअसल, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड स्टेशन के बीच आमान परिवर्तन परियोजना (छोटी से बड़ी लाइन) का कार्य होना था, 56.15 किमी इस रेलखण्ड में बहराइच से नानपारा के बीच पहले ही कार्य पूरा हो चुका था। शेष रहे नानपारा-नेपालगंज रोड के मध्य 19.33 किमी का कार्य अब पूरा हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि आमान परिवर्तन का यह काम पूरा हो जाने के बाद ब्रॉड गेज के नेटवर्क से नानपारा - नेपालगंज रेलवे स्टेशन भी जुड़ गया है। नानपारा-नेपालगंज रोड रेलखण्ड पर 1 बड़ा पुल, 10 छोटा पुल, 3 समपारों पर सीमित ऊंचाई का सब-वे बनाया गया है।

### रेल प्रशासन ने जारी की अपील

रेल प्रशासन का आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण और स्पीड ट्रायल के दौरान इस नवनिर्मित आमान परिवर्तन रेलखण्ड पर न तो स्वयं जायें, न ही अपने पशुओं को जाने दें। जिससे ट्रायल के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।

# रेलमंत्री ने एआरएम के नये कार्यालय का किया उद्घाटन

- एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल के चिप्स यहां डिजाइन होंगे

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बेंगलुरु में सेमीकंडक्टर डिज़ाइन से जुड़ी कंपनी एआरएम के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले 2 नैनोमीटर के सबसे उन्नत चिप्स यहीं डिज़ाइन किए जाएंगे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआरएम की नई बेंगलुरु इकाई मोबाइल फोन सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए 2 एनएम चिप्स सहित चिप्स डिज़ाइन करेगी। उन्होंने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य सेमीकंडक्टर के साथ-साथ उनके लिए उपकरणों और सामग्रियों का डिज़ाइन और निर्माण करना है। यह एक बहुत लंबी दूरदर्शी प्रक्रिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अगले 20 वर्षों के विजन के साथ, हमारे युवाओं और प्रतिभाशाली इंजीनियरों को दुनिया में सर्वोत्तम अवसर प्राप्त होंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**
**सं. ELS-SYH-REV-32-2024-25-03**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वमंविइं (टीआरएस)/वि. लोको शेड/सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड सैदपुर में, auxilary मोटर की ओवरहॉलिंग और रिवाईन्डिंग, लोको बैटरी सेट का अनुरक्षण और SCRMB और MRB के सिंगल फेज सर्किट से थ्री फेज सर्किट में परिवर्तित करने का कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं.:** ELS-SYH-REV-32-2024-25-03; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹47,24,036.57; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹94,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 09.10.2025 को 14:00 बजे तक; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 माह; • खुली ई–निविदा दिनांक 09.10.2025 को 14:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वमंविइं (टीआरएस)**
**मुजाधि/विद्युत–138** **सैदपुर भीतरी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स0 | Catg-smu25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.09.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 29.09.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 29.09.2025 at 10:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UNNAO | Catg-LKO-ON-SMU-104-25-1 | ON/PF-1/173 | 29-09-2025 at 10:30 hrs | SMU | BPL/WOMEN |
| 2 | BHADOHI | Catg-LKO-BOY-SMU-111-25-1 | BOY/PF-1/70 | 29-09-2025 at 10:40 hrs | SMU | FF/WW/WRE/LD |

2855/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 12:00 बजे |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2859/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय–नगर पंचायत जहॉगीरगंज– अम्बेडकरनगर

पत्रांक : 796 / न0पं0जहॉ0/ 2025–26 दिनांक : 17/09/025

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जहांगीरगंज– अम्बेडकरनगर सीमान्तर्गत दिनांक –25.09.2025 को समय 11.00 बजे नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत नेवारी दुराजपुर में स्थित बारात घर (पूर्व में मदरसा इस्लामिया बरकतुल उलूम निस्वा) में स्थित 08 अद्द दुकान की नीलामी/बोली सम्पादित कराया जाना है। जिस में आवश्यक कागजात दिनांक 24.09.2025 को समय 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत जहांगीरगंज में जमा किया जाना आवश्यक होगा। बिना कारण बताये बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। उक्त के सम्बन्ध में शेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत जहांगीरगंज से की जा सकती है। मदों का विवरण निम्नलिखित हैं।

| क्रम सं0 | मदों का नाम | वांछित अभिलेख | धरोहर धनराशि | वार्षिक किराया प्रति दुकान | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 अद्द दुकान की नीलामी | आधार कार्ड या वोटर आईडी | 15000.00 | 10,000.00 | 10 वर्ष के लिए किराया |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत जहांगीरगंज**
**अम्बेडकरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत जहांगीरगंज**
**अम्बेडकरनगर।**



**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**
**मो0–9696715133**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुधीर व पुत्रवधू शान्ती को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी– **सुन्दर लाल लोधी नि– हरिओमनगर, निकट रामलीला मैदान, मडियांव, लखनऊ**

**बेदखली सूचना**

मैंने, अपने पुत्र मोहम्मद वसीम को उसके गलत आचरण के कारण अपने समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी भी कृत्य व लेन – देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। – **श्रीमती आशमा पत्नी मो. अली नि0– ताड़ीखाना, चुन्नी शाह मजार, मोहिबुल्लापुर, मडियाव, सीतापुर रोड, लखनऊ**

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैं **जमीर अली सुत अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम जूडूपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर थाना बन्धुआकला जिला सुलतानपुर,** मेरा पुत्र मासूक अली आये दिन शराब के नशे में समाज में उल्टे सीधे हरकते करता रहता है उसका चाल चलन काफी खराब है, जिसके कारण आये दिन समाज के लोगो द्वारा शिकायत मिलती रहती है। मैं पुत्र मासूक अली से परेशान हो चुका है। अपने क्रमशः छः बच्चों में से एक बच्चा जिसका नाम मासूक अली है, को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है, पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कार्य व्यवहार आचरण और किसी भी आपराधिक कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

# अमृत विचार

गुरुवार, 18 सितंबर 2025






कभी-कभी अच्छी चीजें बिखर जाती हैं, ताकि बेहतर चीजें एक साथ आ सकें।

**-मर्लिन मुनरो**, हॉलीवुड अभिनेत्री

## संबंधों में सकारात्मक संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देना केवल एक औपचारिक संवाद नहीं है। यह उन संकेतों में से एक है, जो दर्शाते हैं कि दोनों देशों के बीच हाल के तनावपूर्ण संबंध अब पुनः सहजता और सहयोग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका के रिश्तों में व्यापारिक मतभेदों और शुल्क विवादों ने कटुता बढ़ाई थी। विशेष रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क वृद्धि ने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच अविश्वास की खाई गहरी कर दी थी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक साझेदारी हमेशा से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्त्वपूर्ण रही है, किंतु शुल्क वृद्धि ने इस रिश्ते को तनावपूर्ण बना दिया था। यह स्थिति केवल वस्तुओं और सेवाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि इससे निवेश और तकनीकी सहयोग पर भी असर पड़ने लगा। ऐसे में ट्रंप का यह संदेश कि भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता बनी हुई है, एक सकारात्मक पहल कही जा सकती है।


प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत में जन्मदिन की बधाई के साथ-साथ वैश्विक संकटों पर भी विमर्श हुआ। विशेष रूप से यूक्रेन मुद्दे पर भारत की संतुलित और शांति-समर्थक भूमिका की अमेरिकी प्रशंसा यह स्पष्ट करती है कि भारत अब विश्व राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण और स्वतंत्र स्वरूप के तौर पर उभरा है। यह न केवल भारत की विदेश नीति की सफलता है, बल्कि उसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का भी प्रतीक है। इसके साथ ही यह संदेश भी निहित है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक विमर्श का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। व्यापारिक संबंधों से आगे बढ़कर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग की आवश्यकता आज और अधिक प्रबल हो गई है। रक्षा, तकनीक, शिक्षा, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का साथ विश्व व्यवस्था के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। चीन की आक्रामक नीतियां और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की अस्थिरता इस सहयोग को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं। भारत की विशाल युवा आबादी, विज्ञान-तकनीक में तेजी से हो रही प्रगति और लोकतांत्रिक ढांचा इसे अमेरिका के लिए एक स्वाभाविक साझेदार बनाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह आश्वासन कि भारत इन साझेदारियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, निस्संदेह भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

हालांकि एक शिष्टाचारपूर्ण फोन कॉल से व्यापारिक और रणनीतिक मतभेद समाप्त नहीं हो सकते, परंतु यह संवाद नए विश्वास की नींव अवश्य रख सकता है। अमेरिका और भारत यदि आपसी मतभेदों को पीछे छोड़कर साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करें, तो यह सहयोग वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों देशों को चाहिए कि वे संवाद और समझदारी से विवादों का समाधान निकालते हुए नई संभावनाओं को साकार करें। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मिलकर काम करने से वैश्विक स्तर पर दोनों की साख और प्रभाव और अधिक मजबूत होगा।

### प्रसंगवश

## बदल रहा है किशोरों का मानसिक 'डीएनए'

वर्ष 2024 के आखिर तक दुनिया में स्मार्ट फोन प्रयोग करने वालों की संख्या सात अरब 20 करोड़ तक पहुंच गई थी। इनमें से 49 प्रतिशत किशोर और युवजन हैं, जिनमें से 20 प्रतिशत अर्थात तरकीबन एक अरब ऐसे हैं, जो सेल फोन का इस्तेमाल गैर-अकादमीय उद्देश्य से करते हैं। दुनिया में करीब सात अरब लोगों के पास निजी इस्तेमाल के लिए समार्ट फोन हैं। टेलिकॉम सेक्टर में हालांकि 15 वर्ष से कम किशोरवय प्रयोगकर्ताओं के बारे में कॉम्प्रेहेंसिव मॉडयूलर सर्वे 2025 में डाटा उपलब्ध नहीं है, फिर भी 15 से 29 वर्ष के आयु के बीच के व्यक्तियों के डाटा में से 15 से 19 वर्ष की उम्र के किशोरों की संख्या आधी भी लगाएं तब भी अनुमान है कि इनमें से 95 प्रतिशत अर्थात 30 करोड़ से अधिक बच्चे सेल फोन इस्तेमाल करते हैं। 14-16 वर्ष की आयु के बीच के




रनबीर सिंह

वरिष्ठ पत्रकार


76 प्रतिशत किशोर स्मार्ट फोन का इस्तेमाल भारत में करते हैं। दो सितंबर 2025 को जारी की गई ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट से भी उक्त डाटा की पुष्टि होती है।

भारत के किशोर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं। इंडियन साइकियाट्री जर्नल के फरवरी 2025 के अंक में एक अध्ययन 'इज इट टाइम फॉर इंडिया' तो 'सेट सोशल मीडिया एज लिमिट्स फॉर एडोलैसैंट्स' छापा गया है, जो हमारी चिंता को बढ़ाता है। किशोरों को उनके माता-पिता इसलिए सेल फोन दिलाते हैं कि उन्हें बच्चे की सुरक्षा की दरकार होती है और वे हर समय लड़के या लड़की से कांटेक्ट में रहना चाहते हैं, ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रख कर खुद चिंता मुक्त रह सकें और इमरजेंसी होने पर उन तक पहुंच सकें, लेकिन सेल फोन से वे यू-ट्यूब उतेजक और मार-धाड़ या रोमांचक विषयों वाली विडियो क्लिप्स एवं फिल्में आदि भी देखते हैं। भारत में सॉफ्ट साइबर अपराधों पर पुलिस नजर नहीं रखती, क्योंकि यह क्राइम के दायरे में नहीं है, लेकिन साइकोलॉजिकल तरीके से देखें तो यह एक सीमा का उल्लंघन जरूर होता है।

सेल फोन आने के बाद माता-पिता और दादा-दादी की पीढ़ी के लोग किशोरवय के अपने बच्चों के मानसिक स्वस्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे हमारे बच्चे नियमित सामान्य जीवन यापन के ढर्रे से बिलकुल अलग तरह से विकसित हो रहे हैं। हमारे देश के लिए सेल फोन इस्तेमाल के लिए डाटा जुटाना और रेगुलेशन एक चुनौती बन चुका है, जिसके बारे में देश के फॉरेंसिक साइकियाट्रिस्ट्स कुछ समय से आगाह कर रहे हैं। हमारे किशोर बच्चों का मानसिक 'डीएनए' बदल रहा है।

इंडियन साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन का सार यह है कि भारतीय किशोरों के जीवन में सोशल मीडिया पर समय बिताना एक नशे की तरह तेजी से फैल गया है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में जाहिरा लाभों और चुनौतियों का एक जटिल मिश्रण विशेष रूप से प्रस्तुत करता है। सेल फोन देने के बाद इस्तेमाल पर हालांकि किशोर बच्चों पर प्रतिबंध या पूर्ण प्रतिबंध लगाना उन्हें साइबर धमकी या हानिकारक सामग्री के संपर्क में से आने से बचाना है और स्क्रीन समय में वृद्धि जैसे जोखिमों से सुरक्षा प्रदान कर सकता है, परंतु प्रतिबंध के जो संभावित खतरे नजर आते हैं, उनमें डिजिटल बहिष्कार, सहकर्मी सहायता नेटवर्क में व्यवधान, शैक्षिक और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक सीमित पहुंच शामिल है। स्क्रीन समय में वृद्धि का एक दुष्परिणाम है स्क्रीन से निकलने वाले ब्लू रेज की वजह से आंखों की झिल्ली से खून का रिसना और दृष्टि का नुकसान।

## आसान नहीं है देशभर में एसआईआर







रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार


बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम पूरा होते ही चुनाव आयोग अब बिहार की तर्ज पर देश भर में एसआईआर कराएगा। इसकी शुरुआत अक्टूबर के पहले हफ्ते से हो सकती है। चुनाव आयोग ने बीते दिनों सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ चर्चा में एसआईआर से जुड़ी तैयारियों को जांचा। साथ ही बिहार में कराए गए एसआईआर के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करने के निर्देश दिए।

एसआईआर पर विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है। संसद के मानसून सत्र में सड़क से लेकर संसद तक एसआईआर का विपक्ष ने जमकर विरोध किया। विपक्ष के विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने एसआईआर नहीं रोका। बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इस दिन बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी। एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यान से सुना और चुनाव आयोग को दिशा निर्देश भी दिए।

आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए, भले ही इसमें कुछ विलंब हो। बिहार के अनुभव ने इस आवश्यकता पर और अधिक बल दिया है कि पूरे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन होना चाहिए। सच तो यह है कि यह कार्य एक निश्चित अंतराल बाद होते रहना चाहिए। यह ठीक नहीं कि बिहार में 2003 के बाद अब जाकर मतदाता सूची के सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी।

चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे।

इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी मुल्कों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निःसंदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने के लिए तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग को एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सत्तारूढ़ दल के असहयोग के साथ अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। एक बड़ी चुनौती उन दस्तावेजों के सत्यापन की हो सकती है, जिनके आधार पर कोई अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए दस्तावेजों में आधार को भी शामिल कर लिया है। बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए लोगों ने मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार और अन्य अनेक वे दस्तावेज हासिल कर लिए हैं, जिनसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है और साथ ही खुद को भारतीय नागरिक बताया जा सकता है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि गैरभारतीय नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा गलत जानकारी के आधार पर भारतीय नागरिक होने के पहचान पत्र हासिल कर लें और अंततः मतदाता भी बन जाएं। ऐसे लोग केवल भारतीय लोकतंत्र के साथ छल करने वाले ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकते हैं।

कोई भी चुनाव हो, उसमें मतदान करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिलना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है, लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है, जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है।

बीते अगस्त में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता बिहार के सासाराम में चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इसके कुछ ही मिनटों के बाद सासाराम से करीब 900 किलोमीटर दूर देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग की तरफ से इन आरोपों पर जवाब देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर 'वोट चोरी' कर रहे हैं और 'बिहार में एसआईआर वोट चोरी करने की कोशिश' है। जिस तरीके से विपक्ष वोट चोरी के आरोप लगा रही है और चुनाव आयोग को लगातार निशाने पर लिए हुए है, ऐसे में देशभर में जहां एनडीए की सरकार नहीं है, वहां एसआईआर की राह में मुश्किलें खड़ी होना लाजिमी है। अब यह देखना अहम होगा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के विरोध से निपटकर एक साफ सुथरी वोटर लिस्ट कैसे तैयार करता है!

> बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इसके बाद पूरे देश में इस अभियान को शुरू करने की तैयारी है। चुनाव आयोग के लिए आगे की राह कठिन रहने वाली है।

### आमने सामने



हाफिज सईद के बाद अब शाहिद आफरीदी राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं, हैरानी नहीं है। भारत से नफरत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक साथी मिल जाता है।

**-शहजाद पूनावाला**
प्रवक्ता
भारतीय जनता पार्टी

सत्ता रूढ़ पार्टी को कांग्रेस से सवाल पूछने में शर्म आनी चाहिए, जबकि वह खुद उनसे (शाहिद आफरीदी) संबंध रखे हुए है। आप मीठी-मीठी बातें करते हैं, आप दोस्ती निभाते हैं और आप हमसे सवाल करते हैं।

**-सुप्रिया श्रीनेत**
प्रवक्ता, कांग्रेस पार्टी



## थोरियम देगा देश को महाशक्ति बनने की ऊर्जा




धर्मेंद्र दास बैरागी

शोधार्थी, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय


रॉकेट ब्वायज वेब सीरीज का वह सीन हम सभी को याद है, जब डॉ. होमी जहांगीर भाभा, जिन्हें कि हम आधुनिक भारतीय परमाणु शक्ति का पितामह कहते हैं, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक छोटी सी डिबिया में एक पत्थर का टुकड़ा देते हैं और कहते हैं कि मैं आपके जन्मदिन के माध्यम से देश को इस छोटे से पत्थर से रोशनी एवं ऊर्जा का उपहार देना चाहता हूं। उस छोटे से पत्थर का नाम था, यूरेनियम। यूरेनियम परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली का निर्माण भी करता है तथा विध्वंसक परमाणु हथियारों का मूल भी यही है।

यूरेनियम जितना ऊर्जादाता है उतना ही विध्वंसक भी। भारत के पास इस यूरेनियम तत्व की कमी भी है। हमें यूरेनियम के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह बात डॉ. भाभा बहुत ही अच्छी तरह से जानते थे, इसलिए उन्होंने परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली के निर्माण के लिए त्रिस्तरीय योजना का खाका तैयार कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस योजना के तीसरे स्तर में भारत जिस तत्व का उपयोग कर अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बन सकता है, उस तत्व का नाम है थोरियम। दुनिया भर में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत में है। दुनिया भर के 60 लाख टन थोरियम भंडार में से तकरीबन 10 लाख टन थोरियम का भंडार भारत के उडीशा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्यों के समुद्री तटों पर है।

आज जब भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के कारण व्यापार घाटे के बोझ तले, अपनी संवृद्धि दर को तेज नहीं कर पा रहा, तब हमें इस थोरियम के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए इसके उपयोग की आवश्यकता है। हम यह जानते हैं कि जिन भी देशों ने विकास करना चाहा है, उनके लिए सबसे पहली जरूरत ऊर्जा की रही है। भारत आज ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जो कि हम केवल कोयला या कच्चे तेल के माध्यम से पूरी नहीं कर सकते।

डॉ. भाभा ने जिस त्रिस्तरीय परमाणु ऊर्जा अभियान की योजना बनाई थी, उसके प्रथम चरण की शुरुआत भारत ने लगभग पांच दशक पूर्व ही कर दी थी। इसमें प्राथमिक परमाणु रिएक्टरों की नींव स्वयं डॉ. भाभा ने रख दी थी, जिन्हें PHWR (Pressurised Heavy Water Reactors) कहा जाता है। इन रिएक्टरों से प्राकृतिक यूरेनियम U238 को अत्यंत तीव्र दाब से पानी के साथ डालकर बिजली बनाई जाती है एवं अपशिष्ट रूप में प्लुटोनियम P239 प्राप्त किया जाता है जो अगले चरण के लिए आवश्यक है। यूरेनियम को 5 से 20 प्रतिशत शुद्ध करके ही बिजली का निर्माण हो सकता है, जबकि यूरेनियम को 90% शुद्ध करके परमाणु हथियारों का निर्माण किया जाता है। भारत में वर्तमान में 22 PHWR रियेक्टर हैं, जिनकी क्षमता 8180MWe बिजली बनाने की है। इनके अतिरिक्त भारत 700MW क्षमता वाले 10 और रिएक्टरों को बना रहा है। भारत ने पहले चरण में सफलता पा ली है।

दूसरे चरण में Fast Breeder Reactors (FBRs) के माध्यम से जो कि प्लुटोनियम से चलते हैं और थोरियम Th232 से U233 का निर्माण करते हैं। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) एक परमाणु रिएक्टर है, जो उपजाऊ सामग्री, जैसे U238 या Th232, के विकिरण द्वारा खपत से अधिक विखंडनीय सामग्री उत्पन्न करता है, जिसे विखंडनीय ईंधन के साथ रिएक्टर में लोड किया जाता है। इन्हें विद्युत उत्पादन के लिए परमाणु ईंधन आपूर्ति बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान में भारत ने इन एफबीआर के प्रोटोटाइप यानी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) बनाने का प्रयास किया है, जिसका निर्माण वर्तमान में कलपक्कम (तमिलनाडु) में मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन में किया जा रहा है। यह एक 500 मेगावाट विद्युत (एमडब्ल्यूई) फास्ट-ब्रीडर परमाणु रिएक्टर है, यह मिश्रित ऑक्साइड (Mox) ईंधन द्वारा संचालित होता है।

तीसरा चरण थोरियम Th232 और U233 के Mox या Th232 और Pu239 के Mox मिश्रण चक्र पर आधारित होगा। थोरियम स्वयं एक विखंडनीय तत्व नहीं है। यह एक उर्वरक की तरह काम करके और भी ज्यादा यूरेनियम U233 बनाकर उससे बिजली बनाने में सक्षम होगा। दूसरे चरण में उत्पादित U233 तथा Pu239 का उपयोग ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण में किया जा सकता है, जिसमें दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए उन्नत तापीय और तीव्र प्रजनक रिएक्टर शामिल हैं। इसके लिए उन्नत भारी जल रिएक्टर Advanced Heavy Water Reactors (AHWR) प्रस्तावित हैं। भारत के सामने इन रिएक्टरों को बनाने की एक चुनौती यह भी है कि इन रिएक्टर को बनाने का खर्च बहुत ज्यादा है, जिसके लिए बहुत ज्यादा निवेश की आवश्यकता है। हम इसमें तीव्र विकास नहीं कर पाए हैं। किंतु भारत के प्रचुर थोरियम भंडार का लाभ उठाते हुए, यह चरण परमाणु ईंधन आवश्यकताओं के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है, तथा सतत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

> भारत ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

### सोशल फोरम

## कभी यमन का पवित्र पेय हुआ करती थी कॉफी

डच व्यापारियों ने 1600 के दशक में यमन से कॉफी के पौधे चुरा लिए और उन्हें इंडोनेशिया के जावा द्वीप में एक कठोर पर्यावरण में उगाने में सफलता हासिल कर ली। ये कठोर पर्यावरण के बागान




शुएब गाजी

ब्लॉगर


यूरोप को असीमित कॉफी बीन्स उपलब्ध कराते थे, जिससे पूरे महाद्वीप में कॉफी का जुनून छा गया।

यह फसल इतनी सफल रही कि 'जावा' यूरोप और अमेरिका में कॉफी का दूसरा नाम बन गया। औपनिवेशिक शोषण की एक विरासत भी, जो आज भी हमारी किताबों में मौजूद है।

यमन में पवित्र पेय से लेकर जावा में वैश्विक वस्तु तक, कॉफी ने विश्व व्यापार और संस्कृति को नया रूप दिया। 9वीं–10वीं सदी, इथियोपिया (काफा क्षेत्र) में कॉफी के पौधे की खोज सबसे पहले खालिद नाम के एक चरवाहे ने की थी। शायद इसीलिए इसका नाम कॉफी पड़ा। 11वीं सदी में ये कॉफी अरब जगत (यमन) पहुंची और सूफी-संत इसे रातभर इबादत और ध्यान के लिए पीने लगे, ताकि नींद न आए।

15वीं सदी– यमन में मोचा (Mocha) बंदरगाह से कॉफी का व्यापार शुरू हुआ।

16वीं सदी– मक्का, काहिरा, दमिश्क और इस्तांबुल तक कॉफी हाउस (कहवा खाना) खुल गए। कॉफी उस दौर में एक 'पवित्र पेय' और सामाजिक मेलजोल का साधन थी।

1600 के दशक में डच व्यापारियों ने यमन से चोरी करके कॉफी के पौधे बाहर निकाले और इस तरह 1616 में पहली बार यूरोप में कॉफी लाई गई।

1650–1700– इंग्लैंड, फ्रांस और इटली में कॉफी हाउस खुलने लगे, वहां कॉफी हाउस को 'पैनी यूनिवर्सिटी' कहा जाता था, क्योंकि यहां लोग एक पैनी देकर कॉफी और ज्ञान दोनों लेते थे।

1600 से 1700 के दौर में डचों ने इंडोनेशिया (जावा) में कॉफी की खेती करवाई और फिर 'Java' शब्द कॉफी का पर्याय बना गया। 1720 में फ्रांसीसी उपनिवेशों (कैरेबियन, मार्टिनीक) में कॉफी पहुंची।

1700 के अंत तक– ब्राजील कॉफी उत्पादन का केंद्र बन गया और आगे चलकर दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बना।

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## लड़कियों से किताबों के साथ सपने भी छूट जाते हैं

शिक्षा हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन लड़कियों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। उनके लिए सबसे बड़ा सवाल सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सहज शिक्षा तक पहुंच का होता है। यह सफर उनके लिए बहुत आसान नहीं, क्योंकि गांवों में शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं हैं, जिनसे हर रोज उन्हें गुजरना पड़ता है। मुख्य रूप से स्कूल तक पहुंचने का लंबा रास्ता, परिवहन की कमी, कभी बारिश तो कभी तेज धूप जैसी प्राकृतिक मुश्किलें, लड़कियों के लिए बड़ी रुकावट बन जाती हैं। ऐसी चुनौतियां देश के किसी एक राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की नहीं, बल्कि सभी जगह ऐसी ही स्थितियां देखने को मिल जाती हैं। जब किशोरियां अपने गांव से स्कूल तक जाती हैं, तो वह सिर्फ किताबों का बोझ ही नहीं उठातीं, बल्कि सुरक्षा, सुविधा और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ भी उठाती हैं।




जशोदा

एक्टिविस्ट


राजस्थान के शिक्षा विभाग की 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य के 35% सरकारी स्कूलों में अभी भी शौचालय की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति खासकर लड़कियों की उपस्थिति पर गहरा असर डालती है। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में लड़कियां केवल शौचालय न होने के कारण पीरियड्स के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। यह आंकड़ा केवल बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा से लड़कियों को दूर धकेलने वाला एक मौन कारण भी है। इस मुद्दे को यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो यह समस्या सिर्फ अधूरी इमारतों या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के आत्मसम्मान, उनकी गरिमा और उनके सपनों से जुड़ी है।

जब एक किशोरी को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, तो वह केवल किताबें ही नहीं छोड़ती, बल्कि अपने भविष्य की संभावनाओं का भी एक हिस्सा पीछे छोड़ देती है। उसका सपना डॉक्टर, टीचर या अधिकारी बनने का अधूरा रह जाता है और उसकी दुनिया फिर से घरेलू जिम्मेदारियों में सीमित हो जाती है।

हकीकत यह है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समानता की दिशा में पहला कदम है। जब लड़कियां स्कूल तक नहीं पहुंच पातीं, तो यह लैंगिक असमानता को और गहरा करता है। आंकड़े भी यही बताते हैं। राजस्थान की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार 66.1% थी, जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 80.5% और महिलाओं की मात्र 52.1% थी। बीकानेर जिले में भी यही असमानता दिखती है, जहां पुरुष साक्षरता दर 75.9% और महिला साक्षरता दर सिर्फ 49.4% है। यह अंतर इस बात का प्रमाण है कि लड़कियों की शिक्षा को लेकर आज भी समाज और व्यवस्था दोनों स्तरों पर पर्याप्त जागरूकता नहीं आई है।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि केवल स्कूलों का निर्माण कर देने से समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता है। जब तक बुनियादी ढांचा, सुरक्षित परिवहन और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आएगा, तब तक ग्रामीण किशोरियां शिक्षा के सपनों तक नहीं पहुंच पाएंगी। जरूरी है कि सरकार शिक्षा पर निवेश और बढ़ाए। राजस्थान में 2023-24 के बजट में शिक्षा पर कुल खर्च राज्य की जीडीपी का लगभग 2.8% रहा है, जो कि पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में खासकर लड़कियों के लिए सुरक्षित परिवहन, साइकिल योजना और स्कूलों में शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देनी होगी। दूसरे, समाज को यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ लड़कों के लिए नहीं, बल्कि लड़कियों के लिए भी उतनी ही जरूरी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।




# इंजीनियरिंग
# अब कम होंगी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले दशक में इंजीनियरिंग की कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी उन्मुख शाखाएं छात्रों और कॉलेजों, दोनों की पहली पसंद बन गई थीं। कारण स्पष्ट हैं कि उच्च सैलरी, नौकरी के ग्लोबल अवसर, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी उद्योग की होड़ और डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षाएं। इस सफलता की चमक ने यह सोच दी कि जितना हो सके सीएसई में सीटें बढ़ाओ। तेलंगाना हाईकोर्ट के ताजा फैसले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि कितनी बढ़ी हुई सीएसई सीटें अभी मांग के अनुरूप हैं? क्या यह वृद्धि स्थिर है या सिर्फ इरादा मात्र है? अगर यह मांग कम हो गई तो क्या भविष्य में बेरोजगारी की लौ में झुलसेंगे छात्र?

हाल ही में तेलंगाना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया कि कंप्यूटर साइंस (सीएसई) की सीटें अब और नहीं बढ़ाई जा सकतीं। जिन कॉलेजों ने मनमानी करते हुए हजारों सीटें जोड़ ली थीं, उनकी संख्या घटाई जाएगी। कोर्ट का तर्क साफ था मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ना खतरनाक है। तेलंगाना के इस आदेश ने न सिर्फ वहां के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को झटका दिया, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी चेतावनी की घंटी बजा दी। खासकर कर्नाटक ने तो तुरंत संकेत दे दिए हैं कि वे भी इसी दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार



## क्यों बढ़ी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले कुछ वर्षों में आईटी सेक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग की तेजी से बढ़ती मांग ने छात्रों व कॉलेजों दोनों को आकर्षित किया। यहां प्लेसमेंट पैकेज और नौकरी के मौके ज्यादा दिख रहे थे। इसलिए सीएसई छात्रों की पहली पसंद बन गई। कॉलेजों ने इसे सुनहरा मौका समझा और एआईसीटीई (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) से अप्रूवल लेकर बड़ी संख्या में सीटें बढ़ानी शुरू कर दीं। कुछ कॉलेजों ने तो हद ही कर दी। जहां पहले 200-300 सीटें थीं, वहां अचानक 1500-2000 सीएसई सीटें कर दी गईं।

## एआईसीटी का रोल और विवाद

एआईसीटी का नियम है कि कोई भी कॉलेज बिना उसकी मंजूरी के सीट नहीं बढ़ा सकता, लेकिन हाल के वर्षों में संस्था ने काफी लचीला रवैया अपनाया। यदि किसी कॉलेज के पास बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर है, तो उसे सीटें बढ़ाने की इजाजत मिल जाती थी। कॉलेज इस नियम का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में सीटें सीएसई में ट्रांसफर करने लगे। समस्या यह है कि एआईसीटी की मंजूरी तकनीकी आधार पर थी, जबकि मार्केट की वास्तविक मांग और भविष्य की संभावनाओं का आकलन नहीं हुआ। यही वजह है कि अब राज्य सरकारें और अदालतें हस्तक्षेप कर रही हैं।

## भविष्य की चुनौती: मांग बनाम आपूर्ति

सीएसई और एआई की डिमांड अभी ऊंचाई पर है, लेकिन कोई भी मार्केट अनंत नहीं होता। यदि सीटें लगातार बढ़ती रहीं तो कुछ वर्षों बाद बेरोजगारी का खतरा बढ़ेगा। टेक सेक्टर में छंटनी पहले से देखने को मिल रही है। दूसरी ओर मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल जैसी पारंपरिक शाखाओं में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या घट रही है। सरकारों को डर है कि यदि यही ट्रेंड जारी रहा तो भारत के पास पुल बनाने वाले इंजीनियर, स्टील इंडस्ट्री के विशेषज्ञ या इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियर नहीं बचेंगे।




## तेलंगाना से कर्नाटक तक


तेलंगाना के फैसले के बाद अब कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा है कि वे भी सीएसई सीट फ्रीज करने का नियम लाने पर विचार कर रहे हैं। इससे बड़े यानी टीयर-1 शहरों में प्राइवेट कॉलेजों का अनियंत्रित विस्तार रुकेगा और भविष्य की बेरोजगारी कम होगी। यदि कर्नाटक ऐसा करता है, तो महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर भी दबाव बनेगा। एक बार यह सिलसिला शुरू हुआ तो यह पूरे भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा।

## अब क्या होगा

सीएसई सीटें घटेंगी तो एडमिशन की दौड़ और भी कठिन हो जाएगी। छात्रों को मजबूरी में अन्य शाखाओं जैसे- मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल की ओर रुख करना होगा। कॉलेज भी चालाकी दिखाएंगे और कहेंगे कि सीएसई नहीं तो एआई/डेटा साइंस ले लो, लेकिन सरकारें उन पर भी सीमा तय कर सकती हैं। इसलिए अब वह दौर आने वाला है जब छात्रों को अपनी सोच बदलनी होगी और सिर्फ सीएसई पर निर्भर नहीं रहना होगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेजों की शिक्षा का बड़ा सवाल

भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सबसे ज्यादा संख्या महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में है। यदि इन राज्यों ने सीएसई सीटों पर रोक लगा दी तो राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा असर दिखेगा। इंजीनियरिंग शिक्षा का संतुलन फिर से पारंपरिक शाखाओं की ओर झुक सकता है। इससे इंडस्ट्री की जरूरतें भी पूरी होंगी और सभी सेक्टर्स के लिए स्किल्ड इंजीनियर तैयार होंगे।



## संतुलन ही समाधान

कंप्यूटर साइंस आज की तारीख में चमकदार ब्रांच है, लेकिन हर चमकदार चीज हमेशा टिकाऊ नहीं होती। सरकार और कोर्ट की दलील यही है कि सिर्फ अल्पकालिक डिमांड देखकर सीटें बढ़ाना दूरदर्शिता नहीं है। छात्रों को भी चाहिए कि वे बाकी शाखाओं की संभावनाओं को समझें। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी जैसे सेक्टर भी भारत की रीढ़ हैं। आने वाले दो-तीन साल में यह नियम पूरे देश में लागू हो सकता है। ऐसे में छात्रों, अभिभावकों और कॉलेजों को अपनी रणनीति अभी से बदलनी होगी। कुल मिलकर तेलंगाना का कोर्ट यह फैसला भारत के इंजीनियरिंग शिक्षा इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। यह न सिर्फ सीएसई की अंधी दौड़ को थामेगा, बल्कि बाकी इंजीनियरिंग शाखाओं को भी नया जीवन देगा।



## जॉब अलर्ट

### रेलवे सेक्शन कंट्रोलर की वैकेंसी
- पद का नाम - कंट्रोलर
- कुल पद - 368
- योग्यता - ग्रेजुएट
- अंतिम तिथि - 14/10/2025
- आधिकारिक साइट- indianrailways.gov.in



### मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती
- पद का नाम - कांस्टेबल
- कुल पद - 7500
- योग्यता - 10 वीं
- अंतिम तिथि -29/09/2025
- आधिकारिक साइट- esb.mp.gov.in

### बीपीएससी हेड ऑफ डिपार्टमेंट वैकेंसी
- पद का नाम - एचओडी
- कुल पद - 218
- योग्यता - इंजीनियरिंग
- अंतिम तिथि - 30/09/2025
- आधिकारिक साइट- bpsc.bihar.gov.in



### एचएलएल लाइफकेयर (एचएलएल)
- पद का नाम - एचएलएल उप प्रबंधक
- कुल पद - 24
- योग्यता - बी.फार्मा, एमबीए/पीजीडीएम की डिग्री
- आयु सीमा - 37 वर्ष
- अंतिम तिथि - 01-10-2025
- आधिकारिक साइट-lifecarehll.com

### एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव भर्ती
- पद का नाम - एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव
- कुल पद - 976
- योग्यता - बी.आर्क, बी.टेक/बीई, एमसीए
- आयु सीमा - 27 वर्ष
- अंतिम तिथि - 27-09-2025
- आधिकारिक साइट-aai.aero

# टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रैटजी से करें बैंक जॉब के सपने को साकार

बैंकिंग सेक्टर के प्रति युवाओं का क्रेज हमेशा से रहा है। जिन युवाओं का सपना बैंक में करियर बनाने का है उनके लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है। हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने क्लर्क और अधिकारी के पदों पर 13217 भर्तियां निकली हैं। इसकी तैयारी करके युवा अपने बैंक जॉब के सपने को पूरा कर सकते हैं। आज हम आपको आरआरबी परीक्षा की तैयारी के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बता रहे हैं, जो आपको परीक्षा क्रैक करने में मददगार साबित हो सकते हैं।



## परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझें

आईबीपीएस आरआरबी परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी होनी अति आवश्यक है। पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी के दौरान यह जरूरी होता है कि प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के लिए सभी विषय कवर हो जाएं।



- स्टडी प्लान बनाएं : किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए आपको स्टडी प्लान बनान बेहद जरूरी है, जिसमें सभी विषय शामिल होने चाहिए।
- शक्तियों और कमजोरियों पर फोकस करें : कमजोर विषय और टॉपिक की पहचान कर और उन पर पहले काम करें।
- स्पीड और सटीकता पर ध्यान दें : प्रश्नों को करने में शीघ्रता और सटीकता से हल करने का रोज अभ्यास करें।
- विषय का बेस मजबूत करें : सभी विषय का बेस मजबूत करें। विशेषतः रीजनिंग और क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड में अपना बेस मजबूत करें। साथ ही क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग में उच्च-स्तरीय प्रश्नों का अभ्यास करें।
- नियमित रिवीजन : किसी परीक्षा को पास करने के लिए नियमित रिवीजन करना बेहद की आवश्यक है। यह दिन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। नियमित रूप से रिजीवन करने से आपकी तैयारी सही दिशा में बनी रहती है।
- भाषा कौशल में सुधार : व्याकरण, शब्दावली और समझ को बढ़ाएं।
- करेंट अफेयर्स की तैयारी : समसामयिक मामलों और बैंकिंग समाचारों से अपडेट रहें। प्री की परीक्षा की तैयारी के साथ ही मेन्स के लिए रोज करेंट अफेयर्स भी तैयार करते हुए चलें। साथ ही बैंकिंग, वित्त और समसामयिक मामलों के बारे में जानकारी रखें।
- नेतृत्व कौशल विकसित करें : चर्चा में भाग लें और नेतृत्व के बारे में पढ़ें।
- संचार कौशल में सुधार करें : अंग्रेजी में लिखने और बोलने का अभ्यास करें।
- समय प्रबंधन : परीक्षा की तैयारी और मॉक टेस्ट के दौरान कुशल समय प्रबंधन का अभ्यास करें, ताकि परीक्षा देते समय निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रश्नों के हल कर लें।
- नियमित मॉक टेस्ट और विश्लेषण : सिर्फ मॉक टेस्ट देना ही काफी नहीं होगा, बल्कि गलतियों का विश्लेषण कर और सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करें।
- अपने दिमाग को स्वस्थ रखें: परीक्षा की तैयारी के दौरान अपना खान-पान सही रखें। आहार में पौष्टिक चीजों को शामिल करें। पर्याप्त नींद लें, साथ ही पढ़ाई के दौरान कुछ मिनट का ब्रेक लें। सबसे महत्वपूर्ण बात ऐसी किसी भी तरह की गतिविधियों से बचें, जिसमें आपका दिमाग डायवर्ट होता हो।

## कैसे बनाएं रणनीति

हर साल बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ, सही रणनीति का पालन, प्रश्नों की सटीकता पर ध्यान केंद्रित, समय का कुशल प्रबंधन करना और अपने स्कोर को अधिकतम करने के लिए मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करना बेहद महत्वपूर्ण है। चाहे आप ऑफिस असिस्टेंट या ऑफिसर स्केल पदों के लिए तैयारी कर रहे हों, विषयवार अभ्यास, समय प्रबंधन और मॉक टेस्ट का एक स्मार्ट मिश्रण आपको अपने लक्ष्य में सफलता दिला सकता है।


## नई किताबें

### एलटी ग्रेड टीजीटी के लिए श्रृंखला




- यूपी एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक (टीजीटी) प्री परीक्षा 2025-26 - विजय चक्र श्रृंखला पेपर 1: सामान्य अध्ययन (सामान्य अध्ययन), पेपर 2: कंप्यूटर, और पेपर 2: इतिहास (इतिहास) के लिए पूरी तैयारी प्रदान करती है, जो पूरी तरह से नवीनतम यूपीपीएससी पाठ्यक्रम पर आधारित है। पेपर 1 में 30+ अभ्यास सेट और हल किए गए पेपर 2018 शामिल हैं, जबकि पेपर 2 (कंप्यूटर और इतिहास) में हल किए गए पेपर 2018 के साथ प्रत्येक में 13 अभ्यास सेट हैं, जो पिछले परीक्षा रुझानों में व्यापक अभ्यास और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। कैप्सूल बेस्ट एजुकेटर नोट्स त्वरित याद के लिए संक्षिप्त, विषय-वार संशोधन प्रदान करते हैं। अद्यतन और परीक्षा-केंद्रित, सामग्री स्पष्ट स्पष्टीकरण और प्रगतिशील कठिनाई के साथ शुरुआती और उन्नत दोनों उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त है।

### रीजनिंग के लिए उपयुक्त सामग्री




- आईबीपीएस बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख निकायों में से एक है, जो कई ऑनलाइन आधारित परीक्षणों के माध्यम से भाग लेने वाले बैंकों में उम्मीदवारों के निष्पक्ष और पारदर्शी चयन के लिए जिम्मेदार है। इसने हाल ही में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और मैनेजमेंट ट्रेनी (एमटी) के पद के लिए अपनी रोजगार अधिसूचना जारी की है, जो तीन चरणों में होगी- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा और उसके बाद एक सामान्य साक्षात्कार। '20 साल' (2009-2000) अध्यायवार हल किए गए पेपर बैंक पीओ रीजनिंग 'के वर्तमान संस्करण को उन अभ्यर्थियों के लिए सावधानीपूर्वक संशोधित किया गया है, जो आईबीपीएस पीओ, एसबीआई पीओ, राष्ट्रीयकृत बैंक पीओ और अधिक जैसे बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह अभ्यास पुस्तक वैचारिक स्पष्टता के लिए 5000 से अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ 20 अध्यायों में व्यवस्थित पर्याप्त मात्रा में हल किए गए प्रश्नपत्र प्रदान करती है। इसमें प्रैक्टिस सेट और 3 सॉल्व्ड पेपर भी शामिल हैं, जो अभ्यास को मजबूत करने और स्तर की प्रगति को ट्रैक करने और अभ्यर्थियों के कठिन और कमजोर क्षेत्रों को जानने में उनकी मदद करते हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंक पीओ परीक्षाओं के लिए संपूर्ण अध्ययन संसाधन एक साथ लाते हुए। यह पुस्तक आरबीआई RBI ग्रेड I, आरआरबी स्केल I, बीमा क्षेत्र और अन्य परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,693.71 | 25,330.25 |
| बढ़त | 313.02 | 91.15 |
| प्रतिशत में | 0.38 | 0.36 |

सोना- 1,13,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,31,200 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### पहली छमाही में चाय निर्यात में मामूली वृद्धि

**कोलकाता।** भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ, जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह सात करोड़ 17.7 लाख किलोग्राम था। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से इस पेय पदार्थ का निर्यात जनवरी से जून के दौरान घटकर चार करोड़ 55.9 लाख किलोग्राम रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह पांच करोड़ 28 लाख किलोग्राम था।

### ब्रिटेन में खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन में अगस्त के दौरान खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आंकड़ों के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर 4% किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के मुताबिक, अगस्त में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतें पांचवें महीने बढ़ीं, जबकि हवाई किराये में जुलाई के मुकाबले तेज गिरावट आई। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत लक्ष्य से लगभग दोगुनी है लेकिन अर्थशास्त्रियों के अनुमानों के उलट बढ़ी नहीं है।

### आयकर विभाग ने मैरिको के खिलाफ किया सर्वेक्षण

**मुंबई।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आयकर कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। मैरिको वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करने वाली भारत की अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों में से एक है। कंपनी के अनुसार, 2024-25 के दौरान इसने भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे अपने उत्पादों के माध्यम से 1.3 अरब डॉलर का कारोबार दर्ज किया।

### आईसीआईसीआई बैंक को कर मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने बुधवार को कहा कि कर अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कथित कम भुगतान के लिए उसे 49.11 करोड़ का मांग नोटिस भेजा है। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि 15 सितंबर, 2025 को उसे पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त राजस्व आयुक्त (अपील) से पश्चिम बंगाल माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 107 के तहत अपील आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 49.11 करोड़ (कर 23.52 करोड़, ब्याज 23.23 करोड़ और जुर्माना 2.35 करोड़ रुपये) की मांग की गई है।

### अर्बन कंपनी का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** एप-आधारित ब्यूटी और होम सर्विसेज मंच अर्बन कंपनी लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 103 रुपये के निर्गम मूल्य से 57.52 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 56.31 प्रतिशत की उछाल के साथ 161 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में, यह 73.78 प्रतिशत बढ़कर 179 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में, कंपनी का शेयर 57.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ के साथ 162.25 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### खनन कंपनियों ने निर्यात शुल्क को लेकर चेताया

**नई दिल्ली।** खनन संगठनों के संगठन एफआईएमआई ने आगाह किया है कि यदि निम्न-श्रेणी के लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया जाता है, तो कर्नाटक, गोवा और ओडिशा जैसे खनिज संपन्न राज्यों को 16,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होगा और खनन उद्योग अलाभकारी हो जाएगा। एफआईएमआई ने कहा कि प्रस्तावित निर्यात शुल्क से उद्योग पर निर्भर पांच लाख लोगों की आजीविका पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

### नायरा को मिली जहाजों के प्रयोग की अनुमति

**नई दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ द्वारा प्रतिबंधित नायरा एनर्जी को देश के भीतर पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन के तटीय परिवहन के लिए चार विदेशी ध्वज वाले जहाजों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। हालांकि, बैंकिंग चैनल की अनुपलब्धता के कारण इसका गैर-रूसी विदेशी व्यापार अब भी ठप है। नौवहन महानिदेशालय ने नायरा द्वारा उत्पादित ईंधन की तटीय आवाजाही को चार विदेशी ध्वज वाले जहाजों के प्रयोग को मंजूरी दी गई है।

# जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये

## वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा, अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती

- अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर परिचर्चा कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं। कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

उन्होंने कहा कि इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी। उन्होंने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### 22 राज्यों को 3.6 लाख करोड़ की दी गई सहायता

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अब तक 22 राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता के तहत 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सीतारमण ने सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट में कहा कि देश में पूंजीगत निवेश (राज्यों समेत) बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.1% हो गया जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 1.7% था। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता भी प्रदान की है ताकि वे अपनी पूंजीगत संपत्तियों को बढ़ा सकें और उन पर खर्च के लिए धन जुटा सकें। केंद्र ने सभी राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त राशि दी है और अब तक कुल मिलाकर 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। यह चार वर्षों की बात है। उन्होंने कहा कि अब तक 22 राज्यों ने इसका इस्तेमाल किया है, जिससे उनके अपने संसाधनों से पूंजीगत व्यय में 10% से अधिक की वृद्धि दर्ज



हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में 88 हवाई अड्डे चालू हुए, 31,000 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क चार गुना बढ़ा, बंदरगाह क्षमता दोगुनी हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 60% का विस्तार हुआ है। केंद्र ने बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर पहल की है।

### पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** कई प्रमुख स्टार्टअप कंपनियों के संस्थापकों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डिजिटल बाजारों के लिए प्रस्तावित पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि इसकी जरूरत अब भी पहले जैसी ही है। मांग कर्ताओं में पीपल्स ग्रुप के संस्थापक अनुपम मित्तल, मेट्रिमोनी डॉट कॉम के मुरुगवेल जानकीरमन, ट्रूलीमैडली के स्नेहिल खनोर एवं अमित गुप्ता, स्टेज के विनय सिंगल, क्वैक क्वैक के रवि मित्तल और एडीआईएफ के प्रतीक जैन हैं।

# अमेरिकी बैंक ने ब्याज दरों में की 0.25% की कटौती

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने करीब एक साल बाद ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट यानी 0.25 प्रतिशत की कटौती कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव और नौकरी के बाजार में कमजोरी के मद्देनजर बैंक ने ब्याज दरों में कटौती की घोषणा कर दी है। दिसंबर 2024 के बाद पहली बार केंद्रीय बैंक ने दरों में कटौती की है। इस कटौती के बाद ब्याज दरें घटकर 4 से 4.25 प्रतिशत रह गई हैं। पहले ये 4.25 से 4.50 प्रतिशत थी। इसके साथ ही अमेरिकी बैंक ने संकेत दिया है कि वह इस साल दो बार और कटौती कर सकती है।

ब्याज दरों में कटौती की घोषणा करते हुए अमेरिकी बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि देश में रोजगार का हाल चिंताजनक है। हाल के महीनों में नई भर्तियां थम सी गई हैं और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में ब्याज दर घटने से होम लोन, कार लोन और बिजनेस लोन सस्ते होंगे। इससे खर्च और निवेश बढ़ेगा तथा रोजगार में सुधार होगा।

महंगाई में तेज वृद्धि के बावजूद सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, हाल के महीनों में नियुक्तियों में कमी आई और यह पिछले साल के अनुमान से भी कम है। अगस्त में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो अब भी न्यूनतम स्तर पर है।



- फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने ब्याज दरों की घोषणा, वैश्विक बाजारों पर दिखेगा असर

### सोने की कीमत में उछाल की संभावना

इस कटौती से दुनिया भर के बाजार प्रभावित होंगे। इस कटौती का सीधा लाभ सोने को प्रभावित करेगा। सुरक्षित निवेश के कारण लोग बेहतर रिटर्न के लिए सोने में निवेश बढ़ा सकते हैं। इससे सोने की कीमत में उछाल आ सकता है। अमेरिका में इस बदलाव का असर भारतीय रिजर्व बैंक पर भी पड़ेगा। आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।

# बचत करें : बैंक खातों पर लगने वाले शुल्क पर दें ध्यान

बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल करते समय ग्राहकों को सिर्फ ब्याज ही नहीं, बल्कि कई तरह के शुल्क भी देने पड़ते हैं। ये शुल्क बैंक की सेवाओं के रखरखाव और प्रबंधन का हिस्सा होते हैं। खाता रखरखाव, लेनदेन, ओवरड्राफ्ट, निष्क्रियता और कार्ड शुल्क जैसे शुल्क आम तौर पर लिए जाते हैं। इसके अलावा पेपर स्टेटमेंट, विदेशी लेनदेन और लोन से जुड़े चार्ज भी इसमें शामिल होते हैं। बैंक और खाते के प्रकार के अनुसार इन शुल्कों की राशि अलग-अलग होती है। इन शुल्कों को समझना और सही तरीके अपनाना, आपको अनावश्यक खर्च से बचा सकता है।

- **खाता रखरखाव शुल्क** : यह शुल्क खाते को बनाए रखने के लिए मासिक या त्रैमासिक आधार पर लिया जाता है। यदि ग्राहक अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखता है, तो कई बार इस शुल्क से बचा जा सकता है।
- **लेनदेन शुल्क** : बैंक कई लेनदेन पर शुल्क लगाते हैं। बैंक नेटवर्क से बाहर एटीएम के प्रयोग पर शुल्क लेते हैं। आईएमपीएस जैसे कुछ फंड ट्रांसफर पर भी चार्ज लग सकता है, जबकि एनईएफटी और आरटीजीएस सामान्यतः मुफ्त होते हैं। चेक जारी करने या बाउंस होने पर भी शुल्क देना होता है।
- **ओवरड्राफ्ट और निष्क्रियता शुल्क** : यदि खाते में पैसे नहीं होने के बावजूद भुगतान किया जाता है, तो बैंक ओवरड्राफ्ट शुल्क वसूलते हैं। वहीं, यदि कोई खाता लंबे समय तक निष्क्रिय रहता है, तो बैंक निष्क्रियता शुल्क भी ले सकता है।
- **कार्ड और स्टेटमेंट शुल्क** : डेबिट, क्रेडिट या प्रीपेड कार्ड के लिए बैंक वार्षिक या मासिक शुल्क लेते हैं। वहीं, यदि ग्राहक पेपर स्टेटमेंट मांगता है, तो उस पर अतिरिक्त शुल्क देना होता है। हालांकि डिजिटल स्टेटमेंट सामान्यतः मुफ्त उपलब्ध होते हैं।




### अतिरिक्त खर्चों से बचें

बैंक हमारे वित्तीय लेनदेन को आसान बनाते हैं, लेकिन उनकी सेवाओं के बदले विभिन्न प्रकार के शुल्क भी वसूलते हैं। इन शुल्कों की जानकारी होना जरूरी है ताकि ग्राहक समय रहते अतिरिक्त खर्चों से बच सकें। आइए जानते हैं सामान्य बैंक शुल्क और उनसे बचने के तरीके।

- **विदेशी लेनदेन और लोन से जुड़े शुल्क** : विदेश में डेबिट या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने पर विदेशी लेनदेन शुल्क बैंक की ओर से लगाया जाता है। वहीं, बैंक से लोन लेते समय प्रोसेसिंग शुल्क और कार्ड के क्रेडिट लिमिट से अधिक खर्च करने पर पेनल्टी शुल्क भी बैंक की ओर से लगाया जाता है।

### शुल्क से बचने के उपाय

- बैंक नेटवर्क के एटीएम का प्रयोग करें।
- डिजिटल स्टेटमेंट के लिए साइन अप करें।
- खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखें।
- अनावश्यक चेक या ओवरड्राफ्ट का प्रयोग न करें।
- विदेश यात्रा से पहले बैंक से विदेशी शुल्क की जानकारी लें।

## केंद्रीय माल एवं सेवा कर की नई दरों की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने उत्पादों के लिए केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की दरें अधिसूचित कर दी हैं। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। इस अधिसूचना के बाद राज्यों को भी अपने स्तर पर राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) की दरें अधिसूचित करनी होंगी।

जीएसटी व्यवस्था के तहत प्राप्त राजस्व को केंद्र एवं राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है। जीएसटी परिषद की मंजूरी के बाद 22 सितंबर से नई व्यवस्था के तहत अधिकांश वस्तुओं एवं सेवाओं पर पांच और 18% की दर से ही कर लगेगा। हालांकि विलासिता वाली वस्तुओं पर 40% कर लगेगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर 28% जीएसटी के साथ उपकर जारी रहेगा। मौजूदा व्यवस्था के तहत जीएसटी की चार कर दरें हैं जो पांच, 12, 18 और 28% हैं। इसके साथ विलासिता एवं अहितकर उत्पादों पर अलग से उपकर भी लगता है।

# देश का निर्यात छह प्रतिशत बढ़ने का भरोसा : गोयल

**मुंबई, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भरोसा जताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस साल देश का निर्यात 2024 की समान अवधि के मुकाबले छह प्रतिशत बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि कई देशों से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भारत का निर्यात 2025 में पिछले साल की तुलना में छह प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे भरोसा है कि हम साल का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत और यह तथ्य कि हम अमृतकाल में चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 लाख करोड़ डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत व्यापार करने के लिए एक आदर्श स्थान है। दुनिया भारत के साथ और अधिक निकटता से काम करना चाहेगी।



### दरों में कटौती से उद्योग को मिलेगा बल

गोयल ने कहा कि भारत की घरेलू रफ्तार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग दोनों एक-दूसरे को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। हम हाल ही में 5.1% की सबसे कम बेरोजगारी दर ले आए हैं। यह कहना आसान है कि बेरोजगारी है, लेकिन लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मुझसे कहा है कि पर्याप्त श्रमिक नहीं मिलने से उसकी परियोजनाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं। जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ता मांग और बुनियादी ढांचा निवेश बढ़ने पर निवेश, रोजगार सृजन तथा व्यापार और उद्योग के विस्तार को बल मिलेगा।

# ऊंचे शुल्क की वजह से घट रहा अमेरिका को भारत का निर्यात : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अगस्त में निर्यात 6.7 अरब डॉलर गिरा, जुलाई की तुलना में 16.3% की आई कमी

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन के लगाए ऊंचे शुल्क से अमेरिका को भारत का निर्यात घट रहा है और इससे वहां घरेलू वस्तुओं की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता कम होने लगी है।

जीटीआरआई ने कहा कि अगस्त में अमेरिका को निर्यात 6.7 अरब डॉलर तक गिर गया, जो जुलाई की तुलना में 16.3% कम है। यह 2025 की सबसे बड़ी मासिक गिरावट है, क्योंकि महीने के अंत तक अमेरिकी शुल्क दोगुना होकर 50% हो गया। जुलाई में निर्यात जून की तुलना में 3.6% घटकर आठ अरब डॉलर था। जून में भी मई की तुलना में 5.7% की गिरावट से निर्यात 8.3 अरब डॉलर था। मई, 2025 वृद्धि का आखिरी महीना था, क्योंकि अमेरिका को निर्यात अप्रैल की तुलना में 4.8% बढ़कर 8.8 अरब डॉलर था। अप्रैल में अमेरिका को निर्यात 8.4 अरब डॉलर रहा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि निर्यात में गिरावट शुल्क में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से जुड़ी है। 4 अप्रैल तक भारतीय उत्पाद सामान्य एमएफएन (सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र) दरों पर अमेरिका में प्रवेश करते थे। 5 अप्रैल से, अमेरिका ने एक समान 10% का शुल्क लगाया, जो शुरुआत में व्यापार प्रवाह को प्रभावित करने में विफल रहा क्योंकि आयातकों ने अग्रिम खरीद में तेजी दिखाई। मई में निर्यात में वृद्धि इसी का कारण थी। जून तक, लगातार 10% शुल्क और देश-विशिष्ट उपायों की बढ़ती चर्चा ने भारत की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करना शुरू कर दिया।

# डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार की अनुमति पर विचार कर रहा सेबी

## बैंकों, बीमा कंपनियों व पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस में निवेश पर सरकार से करेगा बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव बाजारों में निवेश की अनुमति देने के लिए सरकार के साथ 'बातचीत' करेगा।

उन्होंने बुधवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को गैर-नकद निपटान वाले, गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार करने की अनुमति देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है। पांडेय ने एमसीएक्स के कार्यक्रम में कहा



कि हम बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को इन (गैर-नकद, गैर-कृषि) बाजारों में व्यापार करने की अनुमति देने के लिए सरकार से भी बातचीत करेंगे। दिसंबर, 2025 के अंत तक, सेबी अनुपालन रिपोर्ट के लिए एक सामान्य रिपोर्टिंग तंत्र में जिंस-विशिष्ट ब्रोकर को शामिल करेगा।

### क्वांटलेस लैब के पूर्व सीईओ ने सेबी के साथ भेदिया कारोबार मामले का निपटान किया

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी की अनुषंगी क्वांटलेस लैब एलएलसी के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ अजय भाटिया ने 1.05 करोड़ की निपटान राशि का भुगतान करके बाजार नियामक सेबी के साथ भेदिया कारोबार के मामले का निपटान किया। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि इसके अतिरिक्त, भाटिया ने 9.58 लाख रुपये के ब्याज सहित 55.34 लाख रुपये के गलत तरीके से अर्जित लाभ को वापस कर दिया। उन्होंने प्रतिभूति बाजार से छह महीने का स्वेच्छिक प्रतिबंध भी स्वीकार कर लिया है। यह मामला अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा आठ अप्रैल, 2022 को आईएचसी को तरजीही आधार पर दो करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर जारी करने से संबंधित है। इस जानकारी को कीमत से जुड़ी अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) माना गया था।

# जीएसटी युक्तिसंगत से हरित ऊर्जा को मिलेगी गति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से देश में स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति मिलेगी। लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ तक की बचत होगी। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

31 अगस्त तक बड़े जलविद्युत संयंत्रों को छोड़कर 193 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता थी। इसमें 123 गीगावाट सौर ऊर्जा और 53 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने कहा कि भारत की 2030 तक 300 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की योजना है, ऐसे में लागत तीन प्रतिशत की मामूली कमी से भी 1.0 से 1.5 लाख करोड़ की बचत हो सकती है।



### स्वच्छ ऊर्जा की लागत होगी कम

जीएसटी दरों को 12 से घटाकर पांच प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम होगी। इससे बिजली अधिक किफायती होगी और घरों, किसानों, उद्योगों तथा परियोजनाएं विकसित करने वाली कंपनियों को सीधा लाभ होगा।

**चिंताजनक** — इस्पात सचिव ने कहा- उद्योग जगत को उठाने होंगे ठोस कदम, कार्बन सीमा समायोजन तंत्र के 2026 में लागू होने की उम्मीद

# सीबीएएम से यूरोप को भारत का इस्पात निर्यात होगा प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) इस क्षेत्र में भारतीय निर्यात को प्रभावित करेगा और उद्योग को इस 'चिंता' को दूर करने के लिए कदम उठाने होंगे।

सीबीएएम को कम पर्यावरणीय नियमों वाले देशों से आयात पर कार्बन मूल्य लगाने को बनाया गया है। इसमें शुरुआत में लोहा और इस्पात, एल्युमीनियम, सीमेंट, उर्वरक, बिजली और हाइड्रोजन शामिल हैं। इसके 2026 में लागू होने की उम्मीद है। यह शुल्क यूरोपीय संघ उत्सर्जन व्यापार प्रणाली (ईयू-ईटीएस) में कार्बन मूल्य से जुड़ा है, जिसे 2026 में



एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया में इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक।

5,200 रुपये प्रति टन सीओ2 समतुल्य माना गया है, जिसमें यूरोपीय संघ में मुक्त अनुमतियों के समाप्त होने के साथ पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि होगी।

दिल्ली में एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया के सत्र में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीबीएएम में प्रस्तावित कार्बन उत्सर्जन की सीमाएं निश्चित रूप से निर्यात को प्रभावित करेंगी। भारतीय इस्पात उद्योग अब भी मुख्य रूप से ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) मार्ग का उपयोग कर रहा है, जहां प्रदूषण या उत्सर्जन अधिक है। वास्तव में, जो नई क्षमताएं जोड़ी जा रही हैं, वे अब भी बीएफ-बीओएफ मार्ग पर ही हैं।

### अमेरिकी शुल्क का घरेलू इस्पात उद्योग पर सीधा असर नहीं

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि अमेरिकी शुल्क का घरेलू इस्पात उद्योग पर सीधा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत में इस मिश्र धातु की खपत बढ़ रही है। इसके अलावा, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के एक सत्र में कहा कि कुल 15.2 करोड़ टन उत्पादन में से अमेरिका को इस्पात का निर्यात एक लाख टन है। पौंड्रिक ने कहा कि इसलिए, अगर हम इस्पात पर सीधे प्रभाव की बात करें, तो यह ज्यादा नहीं है क्योंकि व्यावहारिक रूप से हम अमेरिका को अधिक इस्पात का निर्यात नहीं करते हैं। पिछले साल, भारत का अमेरिका को कुल इस्पात निर्यात लगभग 1,00,000 टन था। इसी तरह, भारत अमेरिका से ज्यादा इस्पात का आयात नहीं करता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच इस्पात का व्यापार सीधा नहीं है। हालांकि, पौंड्रिक ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार किए जाने वाले इस्पात उत्पादों के कारण कुछ अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है। पिछले वर्ष इस्पात का घरेलू उत्पादन लगभग 15.2 करोड़ टन था, और भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो इस्पात उत्पादन में बहुत तेज वृद्धि दर्ज कर रहा है। वास्तव में, पिछले तीन वर्षों में, इस क्षेत्र में सालाना लगभग 12 प्रतिशत की औसत दर से वृद्धि हुई है।

### इस्पात उद्योग के लिए योजना लाएगी सरकार

संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। इसमें इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80% राशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है।


प्रस्तुति



बेंगलुरु : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार प्रस्तुति देते हुए। एजेंसी

# गेमिंग एप कर रहे जासूसी खतरे में गोपनीयता

गेमिंग एप्स से जासूसी एक गंभीर चिंता का विषय है, जो डेटा सुरक्षा और उपयोगकर्ता गोपनीयता को खतरे में डालता है। कई गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डेटा को इकट्ठा करते हैं, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी, स्थान डेटा, और डिवाइस की जानकारी शामिल हो सकती है। जासूसी करने में चीन कई देशों से आगे है, लेकिन जासूसी के लिए जिस तरह से वह इंटरनेट का प्रयोग करता है उससे बड़े देश भी सतर्क रहते हैं। चीन आनलाइन सब पर निगाह रखता है। एक ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन में दावा किया गया है कि वैश्विक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन आदतों पर चीन नजर रख रहा है। टिक टॉक इसीलिए विवादास्पद हो गया था।



## भविष्य के लिए अभी से सचेत हो दुनिया

- अध्ययन में कहा गया है कि चीन की कारगुजारी से बचने और भविष्य में सूचनाओं को अपने ऊपर थोपे जाने से बचने के लिए दुनिया के अन्य देशों को अभी से तैयारी करनी चाहिए।
- सभी देशों के नीति निर्माताओं को भविष्य की इन सूचनाओं के खिलाफ अभी से मजबूत डिफेंस सिस्टम और सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा, ताकि कल को जब बीजिंग अपनी मंशा दूसरों पर थोपे तो उसका जवाब दिया जा सके।

## जासूसी के तरीके

- **डेटा संग्रह :** गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के बारे में डेटा इकट्ठा कर सकते हैं, जैसे कि उनकी गेमिंग आदतें, स्थान, डिवाइस की जानकारी।
- **अनधिकृत एक्सेस :** कुछ गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डिवाइस में अनधिकृत एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी निजी जानकारी खतरे में पड़ सकती है।
- **मैलवेयर :** गेमिंग एप्स में मैलवेयर हो सकता है, जो डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है और उनकी जानकारी चोरी कर सकता है।

## सुरक्षा के उपाय

- **एप की समीक्षा :** डाउनलोड करने से पहले उसकी समीक्षा और रेटिंग देखें।
- **अनुमतियां :** एप द्वारा मांगी गई अनुमतियों को ध्यान से पढ़ें और समझें।
- **डेटा सुरक्षा :** अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें।
- **नियमित अपडेट :** अपने डिवाइस और एप्स को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- **विश्वसनीय स्रोत :** केवल विश्वसनीय स्रोतों से एप्स डाउनलोड करें, जैसे कि गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर।

## इसलिए होती है डाटा की चोरी

एक स्टडी के मुताबिक, दुनियाभर से यूजर्स के पर्सनल डाटा को जुटाकर चीन ग्लोबल इनफॉर्मेशन इकोसिस्टम को अपने मुताबिक चेंज करना चाहता है। इसका मकसद सूचना की ताकत पर कंट्रोल करना और लोगों की पसंद को अपने मुताबिक ढालने के अलावा चीन के कल्चर, तकनीक, इकॉनमी और मिलिट्री इनफ्लूएंस को पूरी दुनिया पर थोपने की तैयारी है। जैसे टेमू एप का प्रयोग कर चीन यह समझ रहा है कि लोगों की पसंद क्या है और वे अपनी दुनिया में रियलिटी किसे मानते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तानी की नकली फुटबॉल टीम वापस भेजी

**लाहौर।** धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद एक नकली पाकिस्तानी फुटबॉल टीम को जापान से वापस भेज दिया गया। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एफआईए ने बयान में कहा कि एक मानव तस्करी गिरोह फुटबॉल टीम की आड़ में 22 लोगों को जापान भेजने में शामिल था। नकली खिलाड़ी फुटबॉल किट पहने हुए थे और दावा कर रहे थे कि वे पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ में पंजीकृत हैं।

### भारतीय मूल के डॉक्टर को 6 साल की जेल

लंदन। उत्तरी इंग्लैंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के एक अस्पताल में महिला कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने के दोषी भारतीय मूल के एक हृदय शल्य (सर्जन) चिकित्सक को छह साल की जेल की सजा सुनाई गई है। डॉ. अमल कृष्ण बोस (55) को 2017 से 2022 के बीच लंकाशायर के ब्लैकपूल विक्टोरिया अस्पताल में पांच महिला कर्मचारियों को अनुचित तरीके से छूने और यौन टिप्पणियां करने सहित यौन उत्पीड़न के 12 मामलों में दोषी ठहराया गया था।

### ईरान ने जासूसी के आरोपी को फांसी पर लटकाया

दुबई। ईरान ने बुधवार को कहा कि उसने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी व्यक्ति को फांसी दे दी है। बहरहाल, कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी व्यक्ति को यातना देकर झूठे अपराध स्वीकार करवाए गए। मृतक की पहचान बाबक शाहबाजी के रूप में हुई।

# ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई

## रूसी राष्ट्रपति ने मॉस्को-नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके व्यक्तिगत योगदान को सराहा

मॉस्को/लंदन, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जर्जिया मेलोनी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई विश्व नेताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोदी को जन्मदिन पर बधाई दी और मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मज़बूत करने में उनके अत्यंत व्यक्तिगत योगदान की सराहना की।

क्रेमलिन वेबसाइट पर प्रकाशित एक संदेश में रूसी नेता ने कहा, आपने सरकार के प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के माध्यम से अपने देशवासियों का उच्च सम्मान और विश्व मंच पर अत्यधिक अधिकार अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। पुतिन ने कहा, आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने में बड़ा व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं। इससे एक दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया तथा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इसे शुल्क (टैरिफ) के मुद्दे पर दोनों देशों के मध्य तनाव के बीच भारत के साथ संबंध सुधारने के अमेरिकी प्रयासों के हिस्से के रूप में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन ने भी मोदी को जन्मदिन की बधई दी।



### नेतन्याहू ने कहा- मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा, आपने अपने जीवन में भारत के लिए बहुत कुछ किया है, और हमने मिलकर भारत और इजराइल की दोस्ती में बहुत कुछ हासिल किया है। एक वीडियो में इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं, क्योंकि हम अपनी साझेदारी और दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। जन्मदिन मुबारक हो मेरे दोस्त। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर शक्ति की कामना की और कहा कि वह भारत की शानदार प्रगति का नेतृत्व कर रहे हैं और वैश्विक विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत सरकार के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देता है। कहा, हम सब मिलकर विकसित भारत की दिशा में प्रगति का समर्थन कर रहे हैं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सीख और नवाचार साझा कर रहे हैं।

### सुनक ने कहा- इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत

भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत है और मोदी जी हमेशा मेरे और ब्रिटेन के अच्छे दोस्त रहे हैं। मुझे ब्रिटेन-भारत संबंधों को लगातार मजबूत होते देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, इस रिश्ते का मेरे दिल में हमेशा एक खास स्थान रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जी20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री के रूप में 2023 की अपनी भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद रखेंगे। सुनक ने कहा, यह विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप एक शानदार आयोजन था। मोदी जी, मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और जल्द ही आपसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। मोदी को शुभकामनाएं देते हुए आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उनके देश को भारत के साथ इतनी मजबूत मित्रता साझा करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, हम आस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के योगदान के लिए आभारी हैं। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और दीर्घायु की कामना की।

# नेपाल ने जेन जी प्रदर्शनों में मारे गए लोगों की याद में मनाया राष्ट्रीय शोक दिवस



प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों की याद में शोक प्रकट करते पुलिसकर्मी।

काठमांडू, एजेंसी

- **सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे**

नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया, जिसके कारण बुधवार को सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, आठ और नौ सितंबर को जेन जेड पीढ़ी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में नेपाल सरकार ने बुधवार 17 सितंबर को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाने का फैसला किया है।

जेन जेड पीढ़ी से तात्पर्य 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए युवाओं से है। विदेशों में सभी नेपाली दूतावास और मिशन बंद कर दिए गए और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने घोषणा की थी कि आठ और नौ सितंबर को जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। आठ और नौ सितंबर को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान तीन पुलिसकर्मियों सहित 72 लोग मारे गए थे, जिसके कारण केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। प्रदर्शनों के दौरान नेताओं के घरों, महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में भी आग लगा दी गई। आठ सितंबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच, काठमांडू में सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ जनजीवन सामान्य हो गया है।

# ट्रंप ने 23 देशों को मादक पदार्थ उत्पादक देशों में किया शामिल, इनमें भारत-पाकिस्तान व चीन भी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन, अफगानिस्तान, भारत और पाकिस्तान को उन 23 प्रमुख देशों में शामिल बताया है, जहां मादक पदार्थों का अवैध रूप से उत्पादन और तस्करी की जाती है। ट्रंप ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं और इनके निर्माण में इस्तेमाल रसायनों के उत्पादन एवं तस्करी के जरिए देश अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के समक्ष खतरा पैदा कर रहे हैं।

कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में सोमवार को पेश 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन' में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 23 देशों की पहचान मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल प्रमुख देशों के रूप में की है। कहा कि इन देशों में अफगानिस्तान, बहामास, बेलीज, बोलीविया, म्यांमा, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरास, भारत, जमैका, लाओस, मैक्सिको, निकारागुआ, पाकिस्तान, पनामा, पेरू और वेनेजुएला शामिल हैं। प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक तरह का दिशा-निर्देश है, जो अमेरिका की संघीय सरकार की कार्यपालिका शाखा की आधिकारिक नीति या रुख के तहत निर्धारित निर्णयों को रेखांकित करता विदेश विभाग ने कहा कि 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन' में जिन 23 देशों का जिक्र किया गया है, उनमें से पांच (अफगानिस्तान, बोलीविया, म्यांमा, कोलंबिया और वेनेजुएला) को पर्याप्त प्रयास करने में स्पष्ट रूप से विफल देश के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, तथा उनसे मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई में सुधार का आह्वान किया गया है।



- **कहा-तस्करी के जरिए अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के समक्ष खतरा पैदा कर रहे**

# गुरु नानक की पुण्यतिथि पर तीर्थ यात्रियों को अनुमति देने का आग्रह

लाहौर, एजेंसी

- **पाकिस्तानी सिख नेताओं और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने भारत से किया आग्रह**

पाकिस्तानी सिख नेताओं और 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने बुधवार को भारत सरकार से 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सिख तीर्थयात्रियों को शामिल होने की अनुमति देने का आग्रह किया। भारत ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार संस्था 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत से सिख श्रद्धालु यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने भारत सरकार से सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान में उनके पवित्र स्थलों की यात्रा की अनुमति देने का आग्रह करते हुए बताया, सिख तीर्थयात्रियों के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के अवसर पर 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# गाजा शहर पर इजराइली सेना का कहर फलस्तीन को छोड़कर भाग रहे लोग

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की ओर से गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए जमीनी हमले शुरू किए जाने के एक दिन बाद इजराइली सैनिक और टैंक बुधवार को क्षेत्र में और भीतर तक घुस गए। वहीं, इजराइल का सैन्य अभियान तेज होने के बीच बड़े पैमाने पर फलस्तीनियों के क्षेत्र छोड़कर भागने की खबरें हैं।

सेना ने कहा कि वायुसेना और लड़ाकू इकाइयों ने जमीन पर सैनिकों के आगे बढ़ने से पहले पिछले कुछ दिनों में गाजा शहर पर 150 से अधिक बार हमला किया, जिससे वहां स्थित कई आवासीय टावर क्षतिग्रस्त हो गए। दावा है कि हमास इन टावर का इस्तेमाल सैनिकों पर नजर रखने के लिए कर रहा है। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।



### इजराइल का यमन के होदैदा बंदरगाह पर हवाई हमला

**अदन।** इजराइल ने यमन के होदैदा शहर में हवाई हमले किए, जबकि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अपने वायु रक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया। होदैदा बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकवादी शासन द्वारा ईरानी शासन से प्राप्त हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता है, जिनका उपयोग इजराइल और उसके सहयोगियों पर हमलों के लिए किया जाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 23 .24 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- शरद। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 06 .32 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** - आज अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**वृष** - आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्णफल आपको प्राप्त होगा। रुचि अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं।

**कर्क** - आज व्यवसाय पर आप विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**सिंह** - आज अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाए रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है।

**कन्या** - आज व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलने की संभावना है। घर की व्यवस्था में सुधार आएगा।

**तुला** - आज घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। प्रेम-संबंधों में नजदीकी रहेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज किसी को उधार न दें। आपके पास काफी काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी परेशानी होने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**धनु** - आज किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक मात्रा में करनी पड़ेगी। अपने मन को शांत रखें। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए।

**मकर** - आज विचारों को सकारात्मक बनाकर रखें। ऋणों को उतारने में सफलता मिलेगी। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कारोबार शुरू करने में आसानी होगी।

**कुंभ** - आज पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन** - आज अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में परिवर्तन की कुछ योजना बना सकते हैं। शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।


## सुडोकू -103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |





# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

लखनऊ, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

## हाईलाइट

### चोटिल सबालेंका चाइना ओपन से हटीं

**बीजिंग :** चाइना ओपन आयोजकों ने बताया है कि विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। बेलारुस की सबालेंका ने मंगलवार को जारी एक बयान में हटने की घोषणा की। सबालेंका इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के महिला एकल फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन में अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि चाइना ओपन 2025 का मुख्य ड्रॉ 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलेगा।

### मेसी के गोल से इंटर मियामी जीता

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) :** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेसी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने इसके बाद 41वें मिनट में अल्बा के पास पर स्कोर 2-0 किया। इयान फ्रे ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटोंमें रोड्रिगो डि पॉल के कॉर्नर पर गोल दागकर मियामी को 3-0 से आगे किया। ओबेड वर्गास ने 69वें मिनट में सीएटल के लिए सांत्वना गोल दागा।

### रियल मैड्रिड के दानी को लाल कार्ड दिखाया


**मैड्रिड :** चैंपियन्स लीग के एक मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रूली को सिर से टक्कर मारने के बाद रियल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रूली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था। मैड्रिड ने काइलियान एमबाप्पे के पेनल्टी पर दागे दो गोल से 2-1 से जीत हासिल की।

### हरियाणा स्टीलर्स ने पटना को हराया

**जयपुर :** मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स ने अपने डिफेंस (18 अंक) की बदौलत सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 38वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 43-32 के अंतर से हरा दिया। यह छह मैचों में पटना की पांचवीं हार है जबकि हरियाणा को इतने ही मैचों में चौथी जीत मिली है। हरियाणा की जीत में डिफेंस के अलावा शिवम पटारे (15) हीरो बनकर उभरे। साथ ही कप्तान जयदीप और हरदीप ने हाई-5 लगाया। राहुल सेतपाल ने भी चार शिकार किए। पटना के लिए अयान ने सात अंक लिए लेकिन वह नौ बार आउट हुए।

## मेसी ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर हस्ताक्षर वाली विश्व कप जर्सी भेजी





**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत दौरे की तैयारी में जुटे अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर 2022 विश्व कप विजेता टीम की हस्ताक्षर की हुई जर्सी भेजी है। मेसी को भारत दौरे पर ला रहे प्रमोटर सतद्रु दत्ता ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि इस स्टार फुटबॉल आइकन की विश्व कप जर्सी दो-तीन दिन में प्रधानमंत्री के पास पहुंच जाएगी। दत्ता ने कहा जब मैं फरवरी में उनसे इस दौरे पर चर्चा करने के लिए मिला था तो मैंने उन्हें बताया था कि प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन भी आ रहा है और उन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री के लिए एक हस्ताक्षर वाली जर्सी भेजेंगे। दत्ता ने कहा कि वह मेस्सी के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक की व्यवस्था कराने की भी कोशिश कर रहे हैं। मेसी 13 दिसंबर से दौरे पर कोलकाता, मुंबई और दिल्ली में जाएंगे।

## चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**टोक्यो, एजेंसी**

- पाकिस्तान के भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम से होगा मुकाबला

गत चैंपियन नीरज चोपड़ा का सामना विश्व चैंपियनशिप फाइनल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम से होगा चूंकि दोनों ने बुधवार को क्वालीफिकेशन दौर में अलग अलग अंदाज में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चोपड़ा ने ग्रुप ए में पहले ही थ्रो में 84.50 मीटर का क्वालीफिकेशन मार्क पार किया जबकि नदीम ने ग्रुप बी में तीसरे और आखिरी प्रयास में 85.28 मीटर थ्रो फेंका।

भारत के सचिन यादव ने भी फाइनल में जगह बना ली है जिन्होंने 83.67 मीटर का थ्रो फेंककर ग्रुप ए में छठा और कुल दसवां स्थान हासिल किया। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह ग्रुप ए और ग्रुप बी को मिलाकर 37 प्रतियोगियों में क्रमशः 28वें और 30वें स्थान पर रहकर बाहर हो गए। चोपड़ा ग्रुप ए में सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिए उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों ने बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद चोपड़ा का सामना पहली बार नदीम से होगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता था जबकि टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा 89.45 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। नदीम ने इस साल सिर्फ एक टूर्नामेंट खेला और मई में कोरिया में हुई एशियाई चैम्पियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। जुलाई में उनका घुटने का आपरेशन हुआ था। बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था।



# एशिया कप में फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

## यूएई को 41 रनों से हराकर सुपर 4 में बनाई जगह

**दुबई, एजेंसी**

पाकिस्तान ने एशिया कप के करो या मरो के ग्रुप ए मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुभवहीन बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए 41 रन से जीत दर्ज कर सुपर 4 में जगह बनाई, जहां रविवार को उसका सामना भारत से होगा।

सीनियर खिलाड़ी फखर जमां (36 गेंद में 50 रन) को छोड़कर एक बार फिर पाकिस्तान का शीर्ष क्रम विफल रहा। लेकिन मोहम्मद हारिस (18) और शाहीन शाह अफरीदी (14 गेंद में नाबाद 29 रन) ने टीम को नौ विकेट पर 146 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद मेजबान यूएई की टीम 17.4 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। उसके लिए राहुल चोपड़ा ने 35 रन और ध्रुव पराशर ने 20 रन की पारी खेली। अफरीदी ने 16 रन देकर दो विकेट लिए। हारिस रऊफ और अबरार अहमद को भी दो दो विकेट मिले।

अलीशान शराफू (12) और यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम (14) जल्द ही आउट हो गए। राहुल चोपड़ा और ध्रुव पराशर ने अपनी तरफ़ से कोशिश की, लेकिन वे बड़े शॉट नहीं लगा पाए। अंत में यूएई का बल्लेबाजी क्रम ध्वस्त हो गया। इससे पहले यूएई के तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दिकी ने चार विकेट और लुधियाना में जन्में बाएं हाथ के स्पिनर सिमरनजीत सिंह ने तीन विकेट हासिल किए लेकिन पाकिस्तान ने निचले क्रम ने उसे नौ विकेट पर 146 रन तक पहुंचा दिया। सिद्दिकी (18 रन देकर चार विकेट) और सिमरनजीत (26 रन देकर तीन विकेट) ने यूएई के लिए किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। सिद्दिकी ने सैम अयूब को लगातार दूसरी बार शून्य पर आउट किया जबकि साहिबजादा फरहान (05) भी जल्द ही उनका शिकार हो गए। प्तान सलमान आगा (20 रन) को ध्रुव पराशर ने हैदर अली के हाथों कैच आउट कराया। बीच के ओवरों में सिमरनजीत ने फखर जमां को आउट करने के बाद हसन नवाज और खुशदिल शाह के विकेट झटके। मोहम्मद नवाज फिर सिद्दिकी की बॉल पर आउट हुए। अंत में शाहीन ने कुछ जबरदस्त शॉट लगाए जिससे स्कोर 150 के करीब पहुंच गया। हारिस के रूप में सिद्दिकी ने चौथा विकेट लिया।



यूएई के आसिफ खान का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अबरार अहमद।

## लंबे ड्रामे के बाद मैदान पर पहुंची पाकिस्तानी टीम

**दुबई, एजेंसी :** पाकिस्तान को एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रैफरी के तौर पर हटाने की उसकी मांग आईसीसी द्वारा दूसरी बार खारिज किये जाने के बाद एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस लेकर यूएई के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला खेलने स्टेडियम पहुंचना पड़ा। हालांकि इस पूरे ड्रामे की वजह से मैच में विलंब हो गया। बाद में पाकिस्तान ने दावा किया कि पाइक्रॉफ्ट ने माफी मांग ली है। पाइक्रॉफ्ट ने पिछले रविवार को भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के दौरान हुई गलतफहमी के लिए माफी मांगी थी। इस मैच में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए प्रतिद्वंद्वी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान ने पाइक्रॉफ्ट को हटाने के लिए आईसीसी में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराईं लेकिन विश्व संस्था ने दोनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। रविवार को टॉस के दौरान हाथ मिलाने पर रोक लगाने के लिए पाइक्रॉफ्ट द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगने के बाद यह गतिरोध समाप्त हुआ। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह भी कहा कि आईसीसी जिम्बाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ उसकी शिकायत की जांच करेगा। पीसीबी ने कहा आईसीसी ने 14 सितंबर को मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन की जांच करने की तत्परता व्यक्त की है। पीसीबी के ताजा बयान के बाद आईसीसी के एक सूत्र ने कहा कि माफी केवल गलतफहमी के लिए थी। सूत्र ने कहा और आईसीसी अपनी जांच तभी शुरू करेगा जब पीसीबी पाइक्रॉफ्ट की गलती के बारे में और सबूत पेश करेगा। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम होटल के लिए रवाना नहीं हुई थी चूंकि पाइक्रॉफ्ट ही इस मैच में मैच रैफरी हैं। मैच अब आठ बजे की बजाय नौ बजे शुरू हुआ। टीमों को मैच शुरू होने से दो घंटे पहले स्टेडियम पहुंचना होता है जबकि विरोध जताने के लिए पाकिस्तान नहीं पहुंचा। इस मैच में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी रहेंगे। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कांफ्रेंस कॉल पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को इसकी जानकारी दी। आईसीसी ने कहा कि जिम्बाब्वे के इस मैच रैफरी ने नियमों का पालन किया है और वह इस मैच में रैफरी रहेंगे। भारत के खिलाफ रविवार के मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर हुई शर्मिंदगी के लिए पाकिस्तान ने पाइक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराया था। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीडितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिये हाथ नहीं मिलाया था। बुधवार को जब पाकिस्तानी टीम ग्रोसवेनर होटल से रवाना नहीं हुई तो लग रहा था कि दूसरी बार मांग खारिज होने पर गतिरोध जारी रहेगा। पाइक्रॉफ्ट दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंच गए थे और मैदान से एक किलोमीटर दूर आईसीसी मुख्यालय बुलाये जाने के बाद बॉडीगार्डस के साथ रवाना हो गए। आईसीसी ने छह बिंदुओं पर खंडन करते हुए कहा कि पीसीबी की शिकायतें निराधार हैं। आईसीसी ने लिखित संचार में कहा आईसीसी की जाँच पीसीबी द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर की गई थी। हमने पाया कि इसके साथ कोई भी सहायक दस्तावेज या सबूत नहीं दिया गया था।



मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट।

## वरुण पहली बार टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई :** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं। चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया।

उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं । बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं । हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए।



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान अलिसा हीली के आउट होने पर जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- दूसरे एकदिवसीय मैच में स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और दीप्ति शर्मा (40) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों बेहतरी प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 102 रनों से हरा दिया।

293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जॉर्जिया वॉल (शून्य) को रेणुका सिंह ने बोल्ड आउट किया। पांचवें ओवर में क्रांति गौड़ ने कप्तान अलिसा हीली (छह) का शिकार किया। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (18) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऐनाबेल सदरलैंड ने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में राधा यादव ने एलिस पेरी (44) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 30वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने ऐनाबेल सदरलैंड (45) को आउट किया। एश्ली गार्डनर (17), तालिया मैक्ग्रा (16) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। अलाना किंग (दो) रनआउट हुई। कांति गौड ने 41वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जॉर्जिया वेयरहम (10) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 190 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 102 रनों से अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला टीम की ओर से क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। रेणुका सिंह, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 70 रन जोड़े। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने प्रतिका रावल (25) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसे बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल (10) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को भी एश्ली गार्डनर ने आउट किया। भारत का चौथा विकेट 192 के स्कोर पर स्मृति मंधाना के रुप में गिरा। उन्हें तालिया मैक्ग्रा ने आउट किया। स्मृति मंधाना ने 91 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना। एजेंसी

## अंतिम पंघाल कांस्य पदक के लिए खेलेंगी, ज्योति व राधिका बाहर

**जाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

युवा पहलवान अंतिम पंघाल को बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता लूसिया येपेज गुजमान से हार का सामना करना पड़ा जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगी जबकि मनीषा भानवाला (62 किग्रा) रेपेशाज के जरिए पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। हालांकि राधिका (68 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पांचवें दिन बाहर हो गईं।

2023 चरण के कांस्य पदक के बाद अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया।

पंघाल ने चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया। अंतिम ने इस बढ़त को 6-0 तक पहुंचाया। झांग ने अपने पहले स्कोरिंग मूव से अंतर को 2-6 कर दिया। दूसरे पीरियड में झांग ने हेड लॉक से अंतिम को काबू में रखा। उन्होंने अंतिम का सीधा पैर पकड़कर अंतर को कम किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को मैट पर घुमाकर स्कोर बराबर कर दिया। झांग ने चित्त करने की कोशिश की लेकिन अंतिम बचने में सफल रहीं। चीन की खिलाड़ी को हालांकि दो अंक मिले जिससे वह 8-6 से आगे हो गईं। अंतिम ने झांग को बाहर धकेलकर अपने खाते में एक और अंक जोड़ा।



अंतिम पंघाल। फाइल फोटो

## सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंचे

**शेनजेन (चीन) :** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई, चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई।

**सफलता की खुशी**

अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने लिवरपूल में पदक जीतने पर कहा- मेहनत रंग लाई

## अगर पदक नहीं मिलता तो छोड़ देती कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था, कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला।

टोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने पीटीआई से कहा इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। उन्होंने कहा मैं हमेशा अपना शतप्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं। चार बार एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गई, लेकिन कांस्य पदक जीता।

उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैंपियनशिप थी और मैंने पहली बार पदक जीता। यह खास है। कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था, लेकिन उसने टोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की। उसने 2019 और 2021 एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हालांकि टोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई।





भारतीय अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी।

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर है अब पूजा की नजरें

**नई दिल्ली :** मुक्केबाज पूजा रानी की अब नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। नेमई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैंपियनशिप खेली, लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरुआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। उन्होंने कहा मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं। इसके लिए उन्होंने योजना तैयार कर ली है।